


राष्ट्रीय हिन्दी मासिक

मूल्य : 5/-
जुलाई, 2023
वर्ष - 1, अंक - 1

# सत्यवान समाचार



पेज 6
'मुन्नी' के नए लुक को मिल रही लाइक



Website : https://satyavansamacha.com/



पेज 6
विराट कोहली से सीखें युवा प्लेयर्स





आजमगढ़ से प्रकाशित


## नगर मालवीय व पूर्व प्रथम चेयरमैन नगर पालिका पं. पारसनाथ की मनी 30वीं पुण्यतिथि

डीडीयू नगर। लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर के नवीन परिसर में 17 जुलाई को पं. पारसनाथ तिवारी जी की 30 वी पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए प्रो दीनबंधु तिवारी ने कहा कि पं. पारसनाथ तिवारी महामानव थे वो जो भी संकल्प लेते थे उसे पूरा करने का भरसक प्रयास करते थे, जिस समय उन्होंने इस महाविद्यालय की स्थापना की थी उस समय साधन सुलभता से उपलब्ध नहीं थे। प्रो तिवारी जी ने कहा कि उनके जुझारू व्यक्तित्व के कारण पूर्व प्रधानमंत्री स्व चंद्रशेखर जी उनका आदर व सम्मान करते थे और नियमताबाद परिसर के संगोष्ठी कक्ष का उद्घाटन स्व चंद्रशेखर जी ने किया था। राजनीति के क्षेत्र में भी उनका दखल था , वो निरंतर 19 वर्षों तक नगर पालिका के अध्यक्ष रहे। डा विजयशंकर मिश्र ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पं पारसनाथ तिवारी जी मानवतावादी थे, आज महाविद्यालय उनके सपनों को साकार कर रहा है, उनकी इच्छा थी कि महाविद्यालय में वाणिज्य और विज्ञान की



पढ़ाई आरंभ हो परंतु किन्ही कारणों से वो पाठ्यक्रम आरम्भ नहीं हो सका परंतु इस वर्ष स्नातक स्तर पर विज्ञान की पढ़ाई आरंभ कराकर प्रबंधन ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। उन्हें चंदौली का महामना कहा जाता था। जयशंकर मिश्र ने कहा कि लेकिन उनके सिखाये हुए वचन आज भी मुझे याद हैं। प्रो योगेन्द्र ओझा ने कहा कि पारसनाथ तिवारी ने हम सभी को जिंदगी को सही ढंग से जीने का तरीका सिखाया था जिसका अनुसरण आज भी हम सभी कर रहे हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन देते प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि आधुनिक युग में भी बाबा के विचार प्रासंगिक है, उनके व्यक्तित्व व कृतित्व में ऐसा जादू था कि लोग उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाते थे। बचपन से ही पंडित जी की सार्वजनिक कार्यों में विशेष रुचि थी, उन्होंने नगरपालिका इंटर कालेज व लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री शिक्षण संस्था की स्थापना की। कार्यक्रम का आरंभ डा जगदीश चन्द्र के पौराणिक मंगलाचरण से हुआ, कार्यक्रम का संचालन प्रो इशरत जहां ने, स्वागत प्रो उदयन मिश्र ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो अमित राय ने किया। इस अवसर पर प्रो मनोज, डॉ. वंदना, प्रो राजीव, प्रो अरुण, प्रो धनंजय, डा धन्नू प्रसाद, डा गुलजबी, डा भावना, डा ब्रजेश, प्रो अजीत, डा कामेश, डा विवेक,डा साधना,डा मीना,डा सारिका,डा अमितेश, डा मनोज, डा सुनील, डा संजय , डा हर्ष, राहुल, रंजीत, सुनील, अतुल, सुरेंद्र, चन्द्रशेखर आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय में आगत अतिथियों,प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियो द्वारा पौधरोपण किया गया।

## सीमा हैदर के घर फोर्स तैनात, एटीएस अलर्ट

### मिलने वालों पर भी लगाई गई रोक, पाकिस्तान में मंदिर पर हमले के बाद जुट रही थी भीड़

जेवर, एजेंसी। सीमा हैदर और सचिन की लव स्टोरी के बीच पाकिस्तान में हिंदुओं के मंदिर में तोड़फोड़ हुई। इसे देखते हुए सोमवार को नोएडा में सीमा के घर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही, उनसे मिलने जुलने वालों पर भी रोक लगा दी गई है। दरअसल, पाकिस्तान में मंदिरों में हुए हमले के बाद अचानक सोमवार सुबह सीमा के घर के आस-पास लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली तो वहां फोर्स तैनात कर दी गई।

सीमा के घर को जाने वाले रास्ते पर भी रोक लगा दी गई है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि यह रूटीन चेकिंग है। हम लगातार सीमा हैदर की एक्टिविटी और मिलने जुलने वालों पर नजर रख रहे हैं। सूत्रों से पता चला कि इस मामले को लेकर ATS फिर से अलर्ट हो गई है। अब सीमा पर नजर रखी जा रही है। सीमा हैदर के नोएडा के रबूपुरा गांव में स्थित घर पर एक दरोगा, 2



महिला और पुरुष कॉन्स्टेबल तैनात हैं। दो शिफ्ट में पुलिसकर्मी यहां रहकर उनके हर मूवमेंट पर नजर रख रहे हैं। किसी भी बाहरी को उनसे मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही है। ऐसा भी बताया जा रहा है कि सीमा के परिवार के लोग भी किसी से मुलाकात नहीं कर रहे हैं। वो लोग सीमा की तबीयत खराब होने की बात कहकर लोगों को गेट से ही वापस कर रहे हैं।

इससे पहले पाकिस्तान के एक स्थानीय संगठन का वीडियो सामने आया था। इसमें वो लोग सीमा को बच्चों सहित पाकिस्तान भेजने के लिए भारत को धमका कह रहे हैं। वो लोग हाथ में बंदूक और बम लेकर सड़क के किनारे बैठे हुए दिख रहे थे। बंदूक दिखाते हुए वो लोग कह रहे थे कि अगर हमारे देश की महिला को वापस नहीं भेजा, तो अंजाम बहुत बुरा होगा। उन्होंने हमले की धमकी भी दी थी। इसके बाद रविवार को कराची में 150 साल पुराने मंदिर को मॉल बनाने के लिए ढहा दिया गया है।

वहीं सीमा हैदर ने एक टीवी चैनल पर अपने पहले पति गुलाम हैदर को सोमवार को तलाक दे दिया है। गुलाम के आरोपों का जवाब देते हुए सीमा ने कहा कि 'आई एम वाइफ ऑफ सचिन'। मेरा तुमसे अब कोई मतलब नहीं है। तुमको इस बात की जलन है कि मैंने तुमको छोड़ दिया है। वहीं सीमा के पहले पति गुलाम का कहना है कि मेरे बच्चे अभी नाबालिग हैं। उनको जबरन हिंदू बनाया जा रहा है।

## चुनौतियां का करें सामना: वित्त मंत्री

### फूड और एनर्जी अनसिक्योरिटी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वय जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से सोमवार को कहा गया कि फूड, एनर्जी अनसिक्योरिटी और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वय की आवश्यकता है। जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स की दो दिवसीय बैठक को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर अपने लंबी अवधि के औसत से नीचे बनी हुई है और असमान है। हम सभी को इस चुनौतीपूर्ण समय में समन्वय के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। जी20 का फ्रेमवर्क वर्किंग ग्रुप ने फूड और एनर्जी अरसुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे व्यापक आर्थिक चुनौतियों से निपटने के मुद्दे का पता लगाया है। इन मुद्दों से जो नीतिगत सबस सामने आए हैं। वे स्पष्ट रूप



से अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। इसके साथ ही सीतारमण ने महात्मा गांधी का एक कोट इस्तेमाल करते हुए कहा कि भविष्य इस चीज पर निर्भर करता है कि आप भविष्य में क्या करते हैं।

सीतारण ने आगे कहा कि ग्लोबल हेल्थ एजेंडा 2023 के कम आय वर्ग वाले देशों की आवाज को उठाया जाएगा। ज्वाइंट फाइनेंस और हेल्थ टास्क फोर्स के मल्टी ईयर प्लान को अपना लिया गया है और इसे कई रीजनल संस्थाओं का भी समर्थन मिला है। गुजरात के गांधीनगर में जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की तीसरी बैठक हो रही है। इस बैठक के पहले दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से रविवार को कहा गया था कि जी20 के तहत भारत ग्लोबल एजेंडा को विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से आगे बढ़ाएगा।

### सुसाइड करने से पहले बनाया वीडियो

बलिया, सं.। बलिया में सूदखोरों से परेशान होकर एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। मरने से पहले वीडियो भी बनाया। यही नहीं, 5 पेज का सुसाइड नोट भी लिखा। इसमें उसने कहा- मैंने सूदखोर से पैसे उधार लिए थे। वो लगातार ब्याज बढ़ा रहे हैं। इसलिए मेरे पास मरने के सिवा कोई चारा नहीं है। इसलिए मैं सुसाइड करने जा रहा हूं। मुझे प्रदेश के सीएम योगी पर भरोसा है कि वे मुझे न्याय दिलाएंगे। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना विजयीपुर की रविवार की है। युवक का नाम शौविंद्र कुमार है। वह विजयीपुर में पत्नी पुजा सिंह और दो बच्चों ईशिका सिंह (11) और दृश्यम सिंह (6), मां और एक भाई के साथ रहता था। पत्नी ने बताया कि शौविंद्र रविवार सुबह से परेशान थे।

### मूसेवाला हत्याकांड में NIA का बड़ा खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, मूसेवाला हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार पाकिस्तान से आए थे। पाकिस्तान के हामिद नाम के आर्म्स तस्कर ने इन हथियारों की सप्लाई की थी। सूत्रों के अनुसार, हामिद दुबई में रहता है। सरकार द्वारा सुरक्षा में कटौती के 24 घंटे से भी कम समय में 29 वर्षीय मूसेवाला की पिछले साल 29 मई को दिनदहाड़े मानसा जिले में उनके पैतृक गांव के पास गैंगस्टरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मूसेवाला और उसके दो साथियों पर 2 मिनट 30 सेकेंड तक लगातार फायरिंग की गई। पहले कहा गया था कि अपराध में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया। मूसेवाला पर जिन तीन हथियारों से गोलियां बरसाई थीं, उनमें एक असाल्ट राइफल एएन-94 भी शामिल थी। इस हथियार के उपयोग से खुफिया एजेंसियां भी चकरा गई थी।

## यूपी के लिए बाढ़ का बड़ा खतरा!

### बीते 12 घंटे में डेढ़ गुना बढ़ा नदियों का जलस्तर, लोग परेशान



सत्यवान समाचार

लखनऊ, सं.। जैसे-जैसे दिल्ली में बाढ़ के पानी का स्तर कुछ कम होता जा रहा है, वैसे-वैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर यूपी के अन्य शहरों में बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। यह खतरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काली नदी से लेकर कृष्णा नदी और गंगा-यमुना नदियों के किनारे बसे गांवों और शहरी इलाकों में बाढ़ की तबाही के लिए आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत, बदायूं, मथुरा, आगरा समेत कई जिलों में बाढ़ का पानी बहुत तेजी से ऊपर बढ़ रहा है। सोमवार दोपहर बारह बजे तक के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना, काली और कृष्णा नदी में जलस्तर खतरे के निशान से बीते 12 घंटे में लगभग डेढ़ गुना बढ़ गया है। बाढ़ के खतरे के आगाह करते हुए संबंधित जिलों को सतर्क किया गया है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित बाढ़ पर नजर रखने वाले महकमे के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में नदियों के जलस्तर में भारी प्रवाह बना हुआ है। बीते 12 घंटे के भीतर बागपत के शेखपुरा इलाके में कृष्णा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से डेढ़ गुना (डेढ़ मीटर) ऊपर चला गया है। इस वजह से बागपत समेत आसपास के कई इलाकों में नदी का पानी भरना शुरू हो गया है। इसी तरह मुजफ्फरनगर के रतनपुर इलाके में काली नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक काली नदी का जलस्तर भी बीते 12 घंटों के भीतर बहुत तेजी से खतरे के निशान से काफी ऊपर पहुंच चुका हैं। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इन दो नदियों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। काली नदी और कृष्णा नदी ने भारी जल प्रवाह के चलते अपने मुख्य मार्ग को छोड़कर आबादी में प्रवेश करना शुरू कर दिया है।

### पति ने कहा- तुम मेरे दोस्त के साथ सो जाओ...मैं उसकी पत्नी के साथ जाऊंगा

नोएडा, सं.। नोएडा में वाइफ स्वैपिंग का मामला सामने आया है। महिला ने अपने पति पर जबरन नशा करने और नॉनवेज खिलाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश की रहने वाली महिला की शादी साल 2022 में थाना फेस- 2 इलाके की एक सोसाइटी में निवासी संकल्प से हुई थी। वह मुरादाबाद का रहने वाला है। शादी के कुछ महीने बाद से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि उसका कारोबारी पति जबरदस्ती शराब पिलाता है। मॉर्डन बनाने का दबाब डालता है। इसके अलावा दोस्त के साथ संबंध बनाने के लिए दबाव डालता है। महिला ने पुलिस को बताया कि 18 अप्रैल 2022 को नोएडा के सेक्टर-75 में ड्रिंक पार्टी रखी गई थी। परिवार के सभी लोग पार्टी में जाना था। मैंने पति से पार्टी में जाने से मना कर दिया। इसके बाद भी पति ने जबरदस्ती कैब बुक की। ना जाने पर हमेशा के लिए छोड़ने की धमकी दी। डर के चलते मैं पार्टी में गई। वहां जबरदस्ती कोल्ड ड्रिंक में नशे की गोली मिलाकर पिला दी। इसके बाद पति ने कहा और आज तुम दोस्त के साथ जाओ सो जाओ । मैं उसकी वाइफ के साथ वाइफ स्वैपिंग करेंगे। मेरे मना करने पर विवाद करने लगे। इसके बाद पति ने कहा कि आज से तुम्हारा बुरा दिन शुरू हो गया है। तुम्हारी जिंदगी नरक कर दूंगा। वहीं, सास, ननद, ससुर ने कहा कि पति का कहना मानो। जो वह कहता है वह करो।

### सुखना चो में मिला बम शेल, पुलिस पहुंची

चंडीगढ़। सेक्टर-26 बापूधाम के पीछे शास्त्री नगर सुखना चो में एक बम मिला। बताया जा रहा है कि यह 51 एमएम बम शेल है। यह सेना के पास ही होता है और यह ऊपर पहाड़ी इलाके से सुखना चो में पानी के बहाव में बह कर यहां तक आ पहुंचा है। वहीं पुलिस का कहना है कि कुछ बच्चे सुखना चो के पानी में तैरने पहुंचे थे, उनको यह बम शेल मिला।

इसे उठाकर वह पुल के ऊपर शास्त्री नगर की तरफ ले आए। सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर आईटी पार्क थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने बम सेल को कब्जे में लिया। उसे रेत से भरी बोरियों से कवर कर रख दिया गया है। इसके अलावा मनीमाजरा से सेक्टर-26 को आने वाली सड़क और शास्त्री नगर पुल को पूरी तरह सील कर दिया है।

## हिमाचल में बादल फटा, एक की मौत

### नौ गाड़ियां बहीं, हरिद्वार में खतरे के निशान के करीब गंगा




नई दिल्ली, सं.। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के कायस गांव में सोमवार सुबह बादल फट गया। इससे एक की मौत हो गई और 3 घायल हैं। 9 गाड़ियां पानी में बह गईं। कुल्लू के ही खराहल में भी आधी रात को बादल फटा, नाले में बाढ़ से नेउली स्कूल और कई घरों में पानी भर गया। एक गाड़ी भी चपेट में आई है। दिल्ली में यमुना नदी का वाटर लेवल लगातार घट रहा है। वहीं उत्तराखंड और वढ के कई जिलों में अब गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। रविवार को हरिद्वार में गंगा का जलस्तर 293.15 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जबकि खतरे का निशान 294 मीटर है। नदी से सटे हुए इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है। देवप्रयाग में गंगा नदी 20 मीटर और ऋषिकेश पहुंचते-पहुंचते 10 सेमी बढ़ गई। वाराणसी और प्रयागराज में घाट डूबने लगे हैं। कुछ छोटे मंदिरों में पहले ही पानी भर चुका है। दिल्ली में चार दिन तक यमुना का वाटर लेवल घटने के बाद सोमवार को फिर से बढ़ गया। सुबह 11 बजे तक जलस्तर 205.76 मीटर था जबकि रविवार रात 205.52 मीटर था। दिल्ली में दो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी निकाल लिया गया है और मशीनों को सुखाने की प्रक्रिया चल रही है। सब ठीक रहा तो आज से वाटर सप्लाई शुरू हो जाएगी।

## चित्रकूट में पहली बार भक्तों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा

वाराणसी/ चित्रकूट, सं.। आज सावन का दूसरा सोमवार और सोमवती अमावस्या है। चित्रकूट में भक्तों पर पहली बार हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई है। डीएम अभिषेक आनंद और रढ बृंदा शुक्ला ने रामघाट मंदाकिनी किनारे भक्तों पर फूल बरसाए। इधर, वाराणसी में बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह की मंगला आरती के बाद 4 बजे से ही दर्शन का सिलसिला शुरू हो चुका है।

आज शाम गौरी-शंकर का खास श्रृंगार होगा। दोपहर 1 बजे भोपाल से आए 109 डमरू दलों की खास प्रस्तुति होने वाली है। मंदिर के गेट नंबर 4 से लेकर गोदौलिया और दशाश्वमेध तक यानी कि कुल 3 किमी तक यह रैली निकलेगी। आज 10 लाख भक्त काशी पहुंच सकते हैं। भोपाल के बाबा बटेश्वर समिति से काशी आए युवा श्रद्धालुओं में से 1 श्रद्धालु श्रृंगी, 15 शंख, 25 डमरू, 70 झांझ-मजीरा, 1 पुनेरी ढोल, 1 नगाड़ा, 1 थाल घंटा, 4 छोटे घुंघुरू ढोल की बेहद मनमोहक प्रस्तुति देंगे। श्रीकाशी



विश्वनाथ मंदिर में इस सावन के 13 दिनों में 24 लाख से ज्यादा शिवभक्तों ने दर्शन किया है। इसमें 6 लाख श्रद्धालु अकेले सावन के पहले सोमवार को आए थे। इस सावन दो करोड़ भक्त काशी आकर बाबा का दर्शन कर सकते हैं। आज मंदिर में स्पर्श दर्शन और सुगम दर्शन स्थगित कर दिया गया है। जो भी दैनिक पास जारी किए गए हैं वे अमान्य रहेंगे। फूल-माला, छोटे पात्र में दूध/ जल और मनी पर्स के अलावा सभी सामग्रियों का प्रवेश प्रतिबंधित है। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, बड़े बैग, विस्फोटक पदार्थ/ आग्नेयास्त्र, कॉस्मेटिक सामग्री आदि प्रतिबंधित रहेगा।

## पाकिस्तान में हिंदू मंदिर पर रॉकेट से हमला

### हिंदुओं के घरों पर गोलीबारी भी की, कराची में माता मंदिर को बुलडोजर से गिराया

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान में सिंध के काशमोर में रविवार सुबह एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया। हमलावरों ने मंदिर और आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी भी की। गोलियों की आवाज सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक हमलावर फरार हो गए। पाकिस्तान में 48 घंटे में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की यह दूसरी घटना है। इससे पहले कराची में शुक्रवार रात 150 साल पुराना हिंदू मंदिर ढहा दिया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मारी माता मंदिर पर रात में बुलडोजर चलाया गया। उस वक्त इलाके में बिजली नहीं थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि



रविवार को हमले के दौरान मंदिर बंद था, इसलिए ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हमलावरों ने मंदिर के पास रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के घरों पर भी हमला किया। शुरूआती जांच के मुताबिक हमलावर 8 से 9 लोग थे। पुलिस उनकी तलाशी के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, यह मंदिर बागड़ी समुदाय की ओर से आयोजित किए जाने वाले धार्मिक सेवाओं के लिए हर साल खुलता है।

कराची के लोगों ने बताया- शुक्रवार की रात कुछ लोग बुलडोजर लेकर आए और मारी माता मंदिर की बाहरी दीवारों और मेन गेट को छोड़कर भीतर से पूरा मंदिर तहस-नहस कर दिया। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक जब मंदिर को ढहाया जा रहा था, तब मंदिर ढहाने वालों को सुरक्षा देने के लिए पुलिस तैनात थी। यह मारी माता मंदिर मुखी चोहितराम रोड पर स्थित है। जिससे कुछ ही दूरी पर सोल्जर बाजार पुलिस स्टेशन भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की जमीन को एक शॉपिंग प्लाजा प्रमोटर को 7 करोड़ रुपए में बेच दिया गया है। इसीलिए मंदिर को तोड़ दिया गया। जून 2022 में भी मारी माता मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा गया था।

### सुरक्षा में चूक: जहां अतीक के बेटे बंद, वहां से भागा किशोर

प्रयागराज, सं.। राजरूपपुर में बने बाल सुधार गृह की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां लगे सीसीटीवी कैमरे और 30 हथियारबंद जवानों की तैनाती के बाद भी एक नाबालिग बच्चा 3 जुलाई को फरार हो गया। ये वही बाल सुधार गृह है, जहां माफिया अतीक अहमद के दो नाबालिग बेटे अहजम और अबान बंद हैं। आपको बता दें कि अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने अपने दोनों नाबालिग बेटों की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेटर लिख चुकी है। उन्होंने डर जताया था कि कहीं मेरे बच्चों का एनकाउंटर न कर दिया जाए। ऐसे में इस तरह एक बच्चे का भाग जाना, सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़ा करती है। ये सुधार गृह राजरूपपुर मोहल्ले में है। ये एक रिहायशी इलाका है। दिन के वक्त यहां लोगों की आवाजाही रहती है। कुछ दूरी पर एक डेयरी है। वहां लोग दूध लेने के लिए खड़े दिखे। बाल सुधार गृह का मुख्य गेट खुला मिला। अंदर जाने पर सुरक्षा में तैनात जवान दिखे। वो एक छोटे से कमरे में थे। जोकि लोहे की जालियों से घिरा हुआ था। यहां केंद्रीय सुरक्षा बल के 26 जवान और 4 सिपाही लोकल थाने के तैनात रहते है। यहां ड्यूटी 2 शिफ्ट में लगती है। अंदर दाखिल होकर हम वहां तक पहुंचे, जहां लोहे की जाली लगी हुई थी। सामने आया कि सिक्योरिटी वाले ऊंघ रहे थे। रायफल भी थोड़ी दूरी पर रखी थी।

### मोहर्रम की तैयारियों में जुटा आजमगढ़ प्रशासन

आजमगढ़। आजमगढ़ जिला प्रशासन मोहर्रम की तैयारियों में जुट गया है। जिले के डीएम विशाल भारद्वाज ने जिले के सभी एसडीएम के साथ बैठक कर 29 जुलाई को पड़ने वाले मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए तैयारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। थानों में बैठक कर पिछले 3-4 सालों के विवाद रजिस्टर का अध्ययन कर लें। जो भी विवादित हों, उन्हें सुसंगत धाराओं में पाबंद करना सुनिश्चित करें। आयोजकों और पुराने लोगों से तथा अपने अन्य सोर्स के माध्यमों से भी विवादों का फीडबैक प्राप्त कर लें। मोहर्रम जुलूस के रूट का निरीक्षण कर लें तथा रोड पर साफ-सफाई करायें व ईंट, पत्थर आदि न हो, यह सुनिश्चित करें। जिले के डीएम विशाल भारद्वाज ने एसडीएम को निर्देश दिया कि सावन माह चल रहा है। इसलिए प्रमुख मंदिरों, शिवालयों के आसपास एवं वहां तक पहुंचने वाली सड़कों की भी सफाई व्यवस्था जिला पंचायती राज विभाग एवं संबंधित अधिशासी अधिकारी से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करायें। जल भराव वाले स्थानों पर भी प्रॉपर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही चारागाह की जमीनों का शत-प्रतिशत चिन्हीकरण कर खंड विकास अधिकारी को उपलब्ध करा दें। धारा-80 आरसी एक्ट के मामले 45 दिन से अधिक लंबित न रहें। उन्होंने कहा कि धारा-24 के अंतर्गत कार्यवाही कर विवरण तहसीलवार, कब्जा और बेदखली की आख्या एक महीने के अंदर आ जाए।

# जिले में माइक्रो प्लान से करायें पौधरोपण : शाही

सत्यवान समाचार



बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

आजमगढ़। मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उत्तर प्रदेश प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण अभियान 2023 एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

प्रभारी मंत्री ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधारोपण को जो लक्ष्य आवंटित है, उसमें पौधरोपण हेतु माइक्रो प्लान तैयार कर लें। उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण अभियान के जन जागरूकता हेतु प्रभात फेरी, रैली, विद्यालयों में बीएसए/डीआईओएस से मिलकर वाद विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग, निबंध, लेखन आदि प्रतियोगिताएं कराएं। वृक्षारोपण अभियान में व्यापार मंडल, रोटरी क्लब, मेडिकल एसोसिएशन, लायंस क्लब आदि को शामिल करें एवं जनपद स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित कराएं। वृक्षारोपण के दिन छात्रों को भी एक-एक पौधा उपलब्ध कराया जाए। पौधों को संरक्षित करने हेतु ट्री गार्ड की व्यवस्था कर लें। प्रभारी मंत्री ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लॉक में चयनित ग्राम पंचायतों में फलदार वृक्ष उपलब्ध कराएं। प्रभारी मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक अमृत सरोवर एवं छोटी सरयू नदी के किनारे पर स्थित ग्रामों व तमसा नदी के किनारे पर वृक्षारोपण कराएं।

**जले ट्रांसफार्मर दो दिन के अन्दर करायें ठीक :** प्रभारी मंत्री ने मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि जो ट्रांसफार्मर जल रहे हैं, उसको 2-3 दिन के अंदर अवश्य ठीक करा दें एवं स्पॉट मेंटेनेंस के कार्य जो अवशेष हैं, उसे जल्द पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि अब तक जितने एचटी केवल बदले गए हैं, व जर्जर तार बदले गए हैं, उसकी सूची जिलाधिकारी को उपलब्ध कराएं। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि प्राप्त सूची के अनुसार संबंधित एसडीएम से जांच कराई जाए। ओवरलोड के कारण जहां बार-बार ट्रांसफार्मर जल रहे हैं, वहां पर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि कराई जाए। उन्होंने मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि जनपद में जितनी भी 5 लाख से ऊपर के विद्युत बकायेदार हैं, उनसे तत्काल रिकवरी करायें।

**वरासत के प्रकरण न रहें लंबित :** प्रभारी मंत्री ने समस्त अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पोर्टल एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर जो जन शिकायतें प्राप्त हो, उसे तत्काल समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालय में 10-12 बजे तक बैठकर जनसुनवाई करें। उन्होंने कहा कि ग्रामवार लेखपालों के माध्यम से जो भूमि विवाद रजिस्टर बनाई गई है, उसकी बराबर मानिटरिंग कर भूमि विवादों का निस्तारण कराएं एवं वरासत के प्रकरण लंबित न रहे एवं ग्राम सभा की जमीनों पर जो कब्जा है, उसे मुक्त कराएं।

## शिब्ली कालेज में प्रवेश के लिए हुई काउंसलिंग

आजमगढ़। शिबली नेशनल कॉलेज में सत्र 2023-24 में यूजी और पीजी विषयों के विभिन्न कोर्सों की काउंसलिंग 14 जुलाई शुक्रवार को बीएससी मैथ, बायो एमए उर्दू, एमएससी भौतिकी, वनस्पति, जंतु विज्ञान तथा एमकॉम विषय की काउंसलिंग हुई। 15 जुलाई शनिवार को बीए, बीबीए बीसीए, एमए समाजशास्त्र, एमएससी रसायन शास्त्र की काउंसलिंग हुई। 16 जुलाई रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बीकॉम तथा एलएलबी एवं दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक एमए मनोविज्ञान, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी तथा एमएससी गणित की काउंसलिंग हुई। 24 जुलाई को सुबह 8 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक एमए इतिहास, राजनीति शास्त्र, शिक्षा शास्त्र, अरबी, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र तथा सैन्य विज्ञान की काउंसलिंग होगी। एमए दर्शनशास्त्र, अरबी, सैन्य विज्ञान में नामांकन कराने वाले इच्छुक अभ्यर्थी जिन्होने ऑनलाइन फॉर्म नहीं भरा है वह उक्त विभाग से 24 जुलाई तक संपर्क करें।

# आजमगढ़ जिला प्रशासन बाढ़ से निपटने को तैयार

**एडीएम आपदा बोले**

**551 नाव और 15 बाढ़ चौकियां बनाई गई, नाविकों को दी गई सेफ्टी किट**

आजमगढ़। जिला प्रशासन बाढ़ से निपटने की तैयारियों में लगा हुआ है। जिले की सगड़ी तहसील बाढ़ प्रभावित तहसील है। ऐसे में बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन होमवर्क में जुट गया है। जिससे बाढ़ से जनहानि, धनहानि को बचाया जा सके। बाढ़ से निपटने को लेकर लगातार प्रभावित क्षेत्रों में चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही आपात स्थिति से निपटने के बारे में भी जानकारी दी जा रही है, जिससे बाढ़ की विभिषिका से लोगों को बचाया जा सके। घाघरा के उफान से प्रति वर्ष सगड़ी तहसील के बड़ी संख्या में गांव प्रभावित होते हैं, जहां पर बाढ़ का पानी आ जाता है।

जिले के एडीएम वित्त और आपदा प्रबंधन आजाद भगत सिंह का कहना है कि जिले की सगड़ी तहसील बाढ़ प्रभावित तहसील है। ऐसे में बाढ़ से निपटने के लिए 10 राहत शिविर बना लिए गए हैं। इसके साथ ही 15 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए छोटी-बड़ी 551 नाव की व्यवस्था भी की गई है। इसके साथ ही नाविकों को राहत सेफ्टी किट उपलब्ध करा दिया गया है। एडीएम आजाद भगत सिंह का कहना है कि लगातार चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय और तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिसका नंबर 9454417172 है। अभी घाघरा खतरे के निशान से नीचे चल रही है। इसके बाद भी लगातार विजिट किया जा रहा है।

# रोडवेज बस चालक और परिचालक को पीटा



सत्यवान समाचार

अतरौलिया (आजमगढ़)। मनबढ़ किस्म के व्यक्तियों ने रोडवेज बस चालक परिचालक को मारपीट करघायल कर बस को क्षतिग्रस्त, कर दिया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

गाजीपुर डिपो की बस लखनऊ से गाजीपुर के लिए रवाना हुई। आलमबाग लखनऊ से बूढ़नपुर के लिए एक व्यक्ति बस में सवार हुआ जो नशे में धुत था और बस में सवार महिलाओं से छेड़खानी कर रहा था जिसे लेकर चालक और परिचालक से झड़प भी होती रही। जैसे ही बस रात्रि में बूढ़नपुर चौराहे पर पहुंची उक्त व्यक्ति द्वारा फोन कर अन्य 8-9 लोगों को वहां पर बुला लिया गया जो बस रुकते ही बस के शीशे पर प्रहार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिए और चालक परिचालक के साथ मारपीट किया। इसी हाथापाई में परिचालक का 48 हजार रुपये भी गायब हो गया।

घटना के बाद बस चालक कप्तानगंज की तरफ तेजी से बस लेकर भागा और कुछ दूर पहुंचकर डायल 112 को फोन लगाया तो फोन नहीं लगा। कप्तानगंज थाने के सीयूजी नंबर पर फोन किया तो कप्तानगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस द्वारा बताया गया कि घटना का सीमा क्षेत्र अतरौलिया थाने के अंतर्गत आता है। तत्पश्चात परिचालक द्वारा अतरौलिया थाने के सीयूजी नंबर पर सूचना दी गई। मौके पर पुलिस पहुंच कर बस में सवार यात्रियों को एक अन्य बस में शिफ्ट कर क्षतिग्रस्त बस को अतरौलिया रोडवेज पर ले आई। बस के परिचालक चंदन तिवारी ने अज्ञात के खिलाफ अतरौलिया थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि परिचालक के तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच की जा रही है।

## मारपीट में पांच पर मुकदमा

अंजानशहीद आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजगरा गांव में घर में घुसकर हुई मारपीट को लेकर अजगरा निवासी मुकेश ने जीयनपुर कोतवाली में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजगरा निवासी मुकेश विश्वकर्मा पुत्र ओम प्रकाश विश्वकर्मा ने जीयनपुर कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि पड़ोसी विमलेश पुत्र कल्लू, शंभुनाथ पुत्र कल्लू व गायत्री पत्नी विमलेश, माधुरी पत्नी शंभू नाथ व आकांक्षा पुत्री शंभू नाथ ने घर में घुसकर पत्नी नीलम व बहन को मारा पीटा व घर में सामानों को लाठी डंडे से तोड़फोड़ कर दी वही तहरीर पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय के निर्देश पर पांच के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर तलाश में जीयनपुर पुलिस जुट गई है।

# बनकटिया में कृषिमंत्री ने लगाई चौपाल



अंजान शहीद (आजमगढ़)। सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड विकास के बनकटिया गांव में उत्तर प्रदेश सरकार के कृषिमंत्री ने चौपाल लगायी। ग्रामीणों से पूछा सवाल 60 सालों में कभी गांव में लगी चौपाल। दुनिया में कोई ऐसी सरकार नहीं जो 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करा रही हो।

सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड विकास के बनकटिया गांव में आजमगढ़ के प्रभारी उत्तर प्रदेश सरकार के कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने चौपाल लगाई। सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर चौपाल का शुभारंभ किया। शासन द्वारा संचालित योजनाओं को विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया। वही ग्राम का परिचय जिला विकास अधिकारी संजय सिंह ने कराया। उन्होंने गांव की आबादी 2254 कुल परिवार 385 साक्षरता दर 81 प्रतिशत सामुदायिक भवन एक व 3 आंगनवाड़ी केंद्र के साथ गांव में संचालित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय जिसमें 144 छात्र छात्राओं को डीबीटी माध्यम से लाभान्वित किया गया। 10 स्वयं सहायता समूह संचालित हो रहे हैं। खंड विकास द्वारा गांव में चकमार्ग से लेकर सीसी मार्ग व शौचालय बना बताया। गांव में 106 अंत्योदय कार्ड धारक 306 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक हैं। अजमतगढ़ प्रमुख प्रतिनिधि मनीष मिश्रा भाजपा नेता संतोष सिंह की टिप्पु व हरैया खंड विकास प्रतिनिधि संतोष सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान आठ चयनित व्यक्तियों को प्रभारी मंत्री द्वारा कृषि किट का वितरण किया गया। सरस्वती व कुसुम लता देवी ने पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की तो रंभा राय ने राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत की। गीता ने आवास सूची में नाम होने के बाद भी आवास नहीं मिलने की शिकायत की। मौजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा उनसे प्रार्थना पत्र लिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। सीएमओ इंद्र नारायण तिवारी संचारी रोग नियंत्रण टीकाकरण मिशन इंद्रधनुष सहित स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सावन माह के शिवरात्रि की बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया और विद्यालय में वृक्षारोपण किया। कांखभार बाजार में हाई मास्क लाइट का शुभारंभ किया। संचालन विजय सिंह पटेल ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान विश्वनाथ मौर्य, एसडीएम सगड़ी अनूप गुप्ता, न्यायिक उप जिलाधिकारी राजेश कुमार बैठा, जिला कृषि अधिकारी डॉ.गगनदीप सिंह, मुकेश कुमार, श्रीकांत, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

# लूटकांडः एक और आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल



आजमगढ़। थाना मेंहनगर पुलिस ने 3 जुलाई को वी-मार्ट रोडवेज के पास हुई 7.11 लाख रुपये के लूट की घटना में संलिप्त 25 हजार रुपए का इनामियां व हिस्ट्रीशीटर चन्द्रजीत यादव उर्फ पत्तर को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से लूट के 45,200 रुपए, एक देशी तमंचा, 3 खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक मोटर साइकिल व एक मोबाइल बरामद किया।

प्रमोद कुमार पुत्र रामसेवक निवासी रानीपुर थाना मुबारकपुर रेडियेन्ट कैश मैनेजमेंट सर्विस लि. गोरखपुर में कलेक्शन का काम करता है। तीन जुलाई को बदमाशों ने वी-मार्ट के पास 7,11,911 रूपया बंदूक सटाकर पैसे से भरा बैग छीन कर भाग गये थे। उक्त मामले में पुलिस छः आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। रविवार को पुलिस ने मोहम्मदपुर नियामदपुर लिंक रोड के पास मुठभेड़ के दौरान चन्द्रजीत यादव उर्फ पत्तर पुत्र तिलकधारी यादव निवासी हटवा आइमा थाना मेंहनगर को घायल कर गिरफ्तार कर लिया।

उसके बाएं पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# उपनिरीक्षक लेखाधिकारी बनने पर खुशी की लहर



लालगंज (आजमगढ़)। नेहा चैरसिया पुत्री गया प्रसाद चौरसिया निवासी मिजार्पुर देवगांव के उप निरीक्षक लेखाधिकारी बनने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र दिए जाने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। उसके चयन से गांव में खुशी की लहर है। उनके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा है।

नेहा ने प्राथमिक शिक्षा देवगांव से प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होंने यूपी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग अमेठी से किया।

इसके बाद उन्होंने पुलिस विभाग की परीक्षा दी जिसमें उन्हें लेखाधिकारी उप निरीक्षक के पद पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र दिया तो परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। क्षेत्र के लोग उनके घर मिजार्पुर पहुंचकर परिजनों को बधाई प्रदान करने के साथ नेहा के उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इस अवसर पर सुधीर चौरसिया, प्रवीण, अरुण कुमार, विजय, शुभम, अनूप कुमार आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से

आजमगढ़। जमीन मकान बचाओ संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में खिरिया बाग में 277वें दिन भी धरना जारी रहा। धरने में एयरपोर्ट विस्तारीकरण बहाना है, जमीन लूट निशाना है, एयरपोर्ट का विस्तारीकरण रद्द करो, विस्तारीकरण के नाम पर जमीन लूट नहीं चलेगा, कौन बनाता हिंदुस्तान-भारत का मजदूर किसान, पहले लड़े थे गोरों से-अब लड़ेंगे चोरों से, जमीन हमारी आपकी-नहीं किसी के बाप की, जुल्मी जब जब जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से, चप्पा चप्पा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से आदि नारे लगे। वक्ताओं ने कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण का मास्टर प्लान रद्द होने का लिखित आश्वासन दिया जाय। ग्रामीणों ने गीतों के माध्यम से भी एयरपोर्ट विस्तारीकरण का विरोध किया। इस अवसर पर रामनयन यादव, नरोत्तम यादव, नकछेद राय, तूफानी पासवान, हरिहर, दुखहरन राम, फूलचंद, तूफानी सरोज, फूलमती, नीलम, सोहागी, सुशीला, शकुंतला आदि उपस्थित रहीं।

# निर्दलीय सभासद बने भाजपाई



अंजानशहीद आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर नगर पंचायत के निर्दल सभासद ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री ने लखनऊ में सदस्यता दिलाई जीयनपुर प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। जीयनपुर नगर पंचायत समतानागर वार्ड 2 के निर्दल सभासद सबरे आलम खान ने भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ कार्यालय पर शनिवार की शाम को क्षेत्रीय महामंत्री सैयद नायाब आजमी व जिला कोषाध्यक्ष फुरकान खान के नेतृत्व में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री मोहसिन रजा विधान परिषद सदस्य (राज्य हज समिति अध्यक्ष) के द्वारा सदस्यता दिलाई। रविवार को सभासद सबरे आलम खान के जीयनपुर में प्रथम आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया सबरे आलम खान को फूल माला व भाजपा का गमछा पहनाकर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया वही इस दौरान वार्ता करते हुए सभासद सबरे आलम खान ने कहा कि मैंने समाजवादी पार्टी के लिए 15 वर्षों तक कार्य किया लेकिन नगर चुनाव में समाजवादी पार्टी से सिंबल नहीं मिला और फिर मैंने ठान लिया कि निर्दलीय चुनाव लड़ कर जीतूंगा और मैंने निर्दलीय चुनाव लड़ा जीयनपुर नगर पंचायत के वार्ड समता नगर से चुनाव जीत लिया वही में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष फुरकान खान, सोनू शोएब खान, हर्ष श्रीवास्तव, नदीम खान, मंसूर अहमद, परवेज आलम, अब्दुल्ला आदि लोग मौजुद रहे।

**कैच द रेन के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली : आजमगढ़।** निदेशक भूगर्भ जल विभाग के आदेशानुसार भूजल सप्ताह -2023 आयोजन के अर्न्तगत भूगर्भ जल विभाग खण्ड द्वारा मुख्यालय से भूजल संचयन, संवर्धन एवं इसके संरक्षण हेतु प्रचार-प्रसार गाड़ी को झण्डा दिखाकर राजकीय पालिटेक्निक के शिक्षक ई. कुलभूषण सिंह द्वारा रवाना किया गया।

इस आयोजन पर भूगर्भ जल विभाग के अधिशासी अभियन्ता पीयूष कुमार पाण्डेय, आनन्द प्रकाश हाइड्रोलॉजिस्ट, राशिद अली अवर अभियन्ता एंव कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विचार विन्दु संकल्प निभाना है।

## संक्षेप समाचार...




### अंतरराष्ट्रीय रोप जंप खिलाड़ी हुई सम्मानित

लालगंज (आजमगढ़)। अंतरराष्ट्रीयय रोप जंप खिलाड़ी निधि यादव को अभिषेक उपाध्याय द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जो लगातार कई मेडल अपने नाम कर चुकी है निजामाबाद, वेगपुर गांव निवासी निधि, हाल ही में रोप जंप प्रतियोगिता में लगातार मेडल जीतने के बाद जिले का नाम उज्ज्वल किया। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा है। इसी इसी क्रम में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, सांसद दिनेश लाल यादव समेत तमाम लोगों ने सम्मानित किया। रविवार को अभिषेक उपाध्याय द्वारा सम्मान पत्र देकर निधि यादव का सम्मान किया गया। उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें बधाई भी दिया गया। इस मौके पर उमेश पांडे, प्रेम प्रकाश दुबे, दुर्गा सिंह, श्याम जी उपाध्याय, लकी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

माहुल (आजमगढ़)। स्थानीय नगर की पुलिस चौकी पर रविवार को मोहर्रम के त्योहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। नवागत थानाध्यक्ष अहरौला सुनील कुमार दुबे ने नागरिकों को त्योहार पर शांति और सुरक्षा का संदेश दिया। बैठक में नागरिकों को संबोधित करते हुए सुनील कुमार दुबे ने कहा कि सावन का पवित्र माह चल रहा और इसी बीच मोहर्रम का त्योहार भी शुरू हो रहा है। दोनो ही त्योहार ईश्वर के प्रति त्याग और समर्पण को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ या इबादत में कोई भी व्यवधान अगर किसी के द्वारा किया जाता है तो पुलिस बर्दाश्त नहीं करेगी। शांति और सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर चेयरमैन माहुल लियाकत अली, नसीम अहमद, अरशद जागापुर, विजय शंकर पाण्डेय, राघवेंद्र यादव, राजन गुप्ता, नजरे आलम, सुजीत आंसू आदि मौजूद रहे।

### पैमाइश कराने के लिए दर-दर भटक रहा मजदूर



अंजानशहीद आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के नेवादा निवासी मजदूर पैमाइश के लिए दर दर दौड़ रहा है। सरकारी आवास के लिए आई किस्त पैमाइश नहीं होने से मजदूर अपने भवन का निर्माण नहीं करा पा रहा है। उसने पैमाइश कराने के लिए उप जिलाधिकारी से गुहार लगाई। सगड़ी तहसील क्षेत्र के नेवादा निवासी जीनत पुत्र झिलमिट की सरकारी आवास निर्माण के लिए किशत आई हुई है सरकारी आवास बनाने के लिए बैनामा की भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराया जिसको विपक्षी वीरेंद्र पुत्र रामधनी ने कार्य रोक दिया वही 20 मई से प्रार्थना पत्र देकर पैमाइश के लिए लेखपाल के पास दर-दर भटक रहा किंतु अभी तक पैमाइश नहीं होने से निर्माण कार्य रुका हुआ है जो आवास हेतु धन आया हुआ था निर्माण नहीं होने पर मुकदमा दर्ज हो गया वही विपक्षी निर्माण नहीं होने देने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी आवास बनाने के लिए पैमाइश कराने की गुहार लगाई।

### अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा

तरवां (आजमगढ़)। स्थानीय पुलिस ने विभिन्न मुकदमों में वांछित फरार चल रहे अभियुक्त के घर धारा 82 सीआरपीसी नोटिस चस्पा एवं मुनादी की कार्रवाई की। तरवां थाना क्षेत्र के किरहिया रसूलपुर निवासी रामसेवक पुत्र स्व.भूलन राम विभिन्न मुकदमों में वांछित है जो काफी दिनों से फरार चल रहा है। पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही है। कोर्ट के आदेशानुसार उसके घर पर धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा और मुनादी कराई गई। मौके पर उप निरीक्षक नागेश चैधरी, कांस्टेबल शंकर यादव, इंद्रजीत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पिकअप को मारी टक्कर, खलासी की मौत

अंजानशहीद आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर सुरौली गांव के सामने डीसीएम ने पिकअप को टक्कर मार दी जिससे खलासी की मौत हो गयी तथा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार की अलसुबह रौनापार थाना क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर सौरोली गांव के सामने दोहरीघाट की तरफ से आजमगढ़ जा रही पिकअप को पीछे से डीसीएम ने ब्रेकर पार करते समय जोरदार टक्कर मार दी जिसमें पिकअप पलट गई पिंकअप खलासी व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं स्थानीय लोगों ने घायल चालक व खलासी को पिकअप से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने महुला चैकी इंचार्ज उमेश कुमार को सूचित किया मौके पर पहुंचे उमेश कुमार ने खलासी संदीप पुत्र राधेश्याम उम्र 22 वर्ष निवासी कदमपुर थाना जनसा जनपद वाराणसी व चालक विनय कुमार पाल पुत्र रामदवर पाल निवासी गंगा पट्टी खुर्द थाना जफराबाद वाराणसी गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां खलासी संदीप कुमार पाल की मौत हो गई वहीं चालक का अभी भी इलाज चल रहा है। वहीं मौत की सूचना पर रौनापार पुलिस ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### भारतीय डाक विभाग सर्वाधिक विश्वसनीयः सुधीर

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव डाक विभाग के पोस्ट मास्टर सुधीर चौरसिया ने कहा कि भारतीय डाक विभाग के पास सभी उम्र के लोगों के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारतीय डाक विभाग पर आज भी सर्वाधिक विश्वास है। उन्होंने बताया कि भारतीय डाक विभाग में जमा राशि का मालिक रिजर्व बैंक होता है। यही वजह है कि जो भी धनराशि यहां जमा होती है वह शत प्रतिशत सुरक्षित रहती है। उन्होंने कहा हमारे यहां एक वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक के लोगों के लिए स्कीम मौजूद है। लोगों के पास जिस प्रकार की धनराशि है वह उस हिसाब की स्कीम में अपनी धनराशि को इन्वेस्ट कर सकता है। उन्होंने कहा कि जितने समय के लिए जितना पैसा इन्वेस्ट करेंगे उसका उसी अनुपात में उन्हें लाभ हासिल होगा। उन्होंने बताया कि लगभग साढ़े 9 वर्ष में पैसा डबल होने की स्कीम चल रही है। इसके अतिरिक्त एक वर्ष, 2 वर्ष तथा इसी प्रकार अन्य समयावधि के लिए भी स्कीमें मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल से प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र का शुभारंभ किया है। इसमें साढ़े 7 प्रतिशत की दर से लाभ हासिल किया जा सकता है तथा 2 लाख तक की धनराशि दो साल के लिए इंवेस्ट की जा सकती है। इसके अतिरिक्त रिकरिंग डिपॉजिट या आरडी स्कीम, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अरुण चौरसिया, शुभम, अनूप कुमार, प्रवीण, विजय चौरसिया आदि कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### महाशिवपुराण सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

लालगंज (आजमगढ़)। स्थानीय विकास खंड के करिया गोपालपुर गांव में कृपाशंकर सिंह की देख-रेख में सात दिवसीय महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया गया। पांचवे दिन कथा का शुभारंभ आचार्य शशिकांत व्यास जी महाराज ने गांव वासियों के साथ आरती-पूजन किया। आचार्य शशिकांत व्यास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को महाशिवपुराण कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान शंकर की कथा जीवन के वैराग्य का दर्शन कराती है। भगवान शंकर के गले में सर्प है, सर्प काल है। भगवान शंकर कहना चाहते है, हे मानव तू यह मत भूल की काल तेरे पास है। काल आपको कब गाल में भज ले यह कहा नहीं जा सकता। चिता भस्म लपेटकर भगवान शंकर कहना चाहते हैं कि इस शरीर को कितना भी सजा ले, सवार ले एक दिन शरीर को जलकर चिता भस्म होना है। भगवान शंकर अपनी जटाओं को बांधकर संसार को यह शिक्षा प्रदान किया कि यह जटाएं हमारे मन की विचार हैं, मन के विचार दिन-रात घूमते रहते है, बिखरते रहते हैं। जो इस जटाओं को मन के विचारों को एकत्रित कर लेता है उसे आत्म शान्ति मिलती है। महाशिवपुराण कथा श्रवण करने से विचार बदलते हैं।





कज्जाकपुरा रेल ओवरब्रिज और अंडरपास निर्माण गति बढ़ाने की कवायद

# रेलवे बोर्ड सदस्य ने परखी प्रगति

सत्यवान समाचार



वाराणसी, एजेंसी। रेलवे बोर्ड के सदस्य (इंफ्रास्ट्रक्चर) रूप नारायण सुनकर ने रविवार को रेल परियोजनाओं का क्रियान्वयन परखा। कज्जाकपुरा रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज एवं अंडरपास का निरीक्षण किया। डीआरएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की। कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के साथ ही सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

वाराणसी पहुंचे रेलवे बोर्ड के सदस्य रूप नारायण सुनकर ने वाराणसी मंडल पर चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्यों की प्रगति एवं कार्य योजनाओं पर बैठक की। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय एवं मंडलीय अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा की। मंडल पर चल रहे विद्युतकृत रेल लाइनों के साथ दोहरीकरण, स्टेशन पर यात्री सुविधाओं समेत विकास कार्यों, सभी रूट पर क्रियान्वयन योजनाओं को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से देखा। सदस्य रेलवे बोर्ड ने ने यात्री सुविधाओं में विस्तार, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का नियमित संचालन एवं संरक्षा संबंधी समस्त निर्देशों का पालन करते हुए परिचालन को सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने वाराणसी जंक्शन एवं काशी स्टेशनों का निरीक्षण किया। यात्रियों के लिए आदर्श वातावरण निर्मित करते हुए प्रत्येक रेलकर्मी को रेलवे की अच्छी छवि प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय, पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के अधिकारियों तथा निर्माण संबंधित विभिन्न यूनिटों के अधिकारियों के अलावा स्टेशन के निरीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों सहित अन्य रेलकर्मी भी उपस्थित रहे।

## सेक्स रैकेट की सूचना पर पुलिस ने मारा छापा

वाराणसी। कोतवाली थाना क्षेत्र के गायघाट मोहल्ले में सेक्स रैकेट चलाने की सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को एक मकान पर छापा मारा इस दौरान चार युवक और तीन युवतियां पकड़ी गई पुलिस सातों को पकड़ कर थाने लाई उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि गायघाट इलाके के एक मकान में सेक्स रैकेट चलने की शिकायतें मिल रही थीं इसकी जांच के लिए गुरुवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक व अविया मंडी चौकी प्रभारी सुमन यादव समेत फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे बताते हैं कि मकान से तीन युवती व चार युवकों को पकड़ा गया।क्षेत्रीय लोगो के अनुसार उस मकान में कई जगहों के युवती और युवक प्रतिदिन आते थे उनकी गतिविधियां संदिग्ध थीं वहीं कोतवाली पुलिस से पूछे जाने पर बताया कि स्कूल के बच्चे थे कोई इस प्रकार की बात अभी तक सामने नहीं आई है। वहां से अपातजनिक वस्तुएं मिली हैं कुछ युवक व युवतियां मिले थे।

# शिकायत के बावजूद नहीं बना सीवर

## लोहता के गिरधरपुर गांव का हाल, दो बरस से अधूरा पड़ा है कार्य

सत्यवान समाचार





वाराणसी। गांव गिरधरपुर में लोग विकास की आस में जूझ रहे हैं। सरकार बदलती है, प्रधान बदलते हैं लेकिन विकास वहीं का वहीं रह जाता है। हालत यह है कि यहां का अधूरा सीवर लगभग दो बरस से जर्जर हालत में पड़ा हुआ है।

**गाँव की समस्या पर अमल नहीं करते जिम्मेदार :** गिरधरपुर के लोगों का कहना है कि कहने के लिए तो हर बार लोग वोट मांगने आते हैं, लेकिन कभी गांव की समस्या पर कोई अमल नहीं करता है। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ कि वादा किये हों तो विकास किया हो। गाँव में दो साल से सीवर निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन आज तक यह कार्य अधूरा ही पड़ा है। इसे बनवाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार सम्बंधित लोगों से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस बाबत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से कहने पर वह टाल-मटोल करते रहते हैं। सीवर का कार्य अधूरा रहने से गांव के लोग एक-दूसरे के चबुतरे पर चढ़कर आने-जाने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डर बना रहता है कि बच्चे सीवर में न गिर जाये। बारिश के मौसम में यह समस्या और गम्भीर हो गई है लेकिन प्रधान इस मामले में कुछ नहीं करतीं।

लोगों का कहना है कि गांव में विकास का ढिंढोरा प्रत्येक चुनाव में पीटा जाता है लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही है। गिरधरपुर के इस मार्ग की हालत दयनीय हो गई है। गांव वालों ने कहा कि इस मार्ग पर अगर खड़ंजा ही लग जाता तो राहत मिल जाती।



## केंद्रीय रिजर्व पुलिस के कैंपस एवं आसपास के इलाकों में वृहद रूप से किया गया पौधरोपण

वाराणसी। 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस के कैंपस एवं आसपास के इलाकों में श्री सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली के मार्गदर्शन में एवं श्री अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन की उपस्थिति में 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंपस एवं आसपास के इलाकों में वृहद पौध रोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया तथा जन जागरुकता रैली भी निकाली गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली थे मुख्य अतिथि महोदय ने सभी जवानों एवं ऑफिसररो प्रकृति को हरा-भरा एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के लिए अपने जन्मदिन शादी के सालगिरह एवं अन्य शुभ अवसरों पर कम से कम एक वृक्ष लगाने के लिए बताया। 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने अपने कैंपस एवं कैंपस के आसपास एरिया में लगभग 501 पौध रोपण किया एवं उसे सुरक्षित रखने की भी जिम्मेदारी ली गई। कार्यक्रम में 95 बटालियन के कृष्ण जयसवाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नितिंद्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, उमाकांत ओझा उप कमांडेंट, अनुपम सिंह सहायक कमांडेंट एवं बटालियन के राजपत्रित अधिकारीय,अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिय।

# खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

वाराणसी, सं.। सनबीम वरुणा (स्कूल एण्ड हॉस्टल) के विशाल प्रांगण में बास्केटबाल कोर्ट में वाराणसी डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक गेम्स को शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं छात्र/छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के साथ प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्र जायसवाल, कैबिनेट मिनिस्टर, उ0प्र0, डॉ. अवधेश सिंह, एम.एल.ए., पिण्डरा, वाराणसी, सनबीम शिक्षण



समूह के अध्यक्ष डॉ0 दीपक मधोक, निदेशिका भारती मधोक, उप-निदेशिका अमृता बर्मन एवं निदेशक हर्ष मधोक ने किया। मुख्य अतिथि रवीन्द्र जायसवाल ने अपने सम्बोधन में 20 विद्यालयों से आये लगभग 250 खिलाड़ियों को उनके अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता को खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। उद्घाटन समारोह में सनबीम शिक्षण समूह की निदेशिका भारती मधोक एवं प्रियंका राय ने वाराणसी डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक गेम्स द्वारा आयोजित बॉस्केटबाल के प्रथम राउण्ड मैच में सनबीम स्कूल वरुणा एवं लालपुर स्टेडियम क्लब (ब्वायज) के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए खेल की शुरूआत करायी प्रथम राउण्ड के मैच को सनबीम स्कूल वरुणा के खिलाड़ियो ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत हासिल किया। प्रतियोगिता के अन्य मैचों में सनबीम स्कूल वरुणा एवं राजश्री क्लब (गर्ल्स), सनबीम सनसिटी एवं यूपी पब्लिक इण्टर कालेज (ब्वायज), सिगरा स्टेडियम एवं मुकुलारण्यम (ब्वायज) के बीच खेला गया। सनबीम स्कूल वरुणा की प्रधानाचार्या, डॉ. अनुपमा मिश्रा ने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने आर्शीवचनों द्वारा उनका स्वागत किया।

## काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच पाक्षिक गोष्ठी सम्पन्न

वाराणसी (जितेंद्र श्रीवास्तव)। रविवार को काशी काव्य गंगा साहित्यिक मंच वाराणसी की पाक्षिक गोष्ठी के क्रम में 89वीं गोष्ठी संस्था के कार्यालय श्रीवास्तव म्यूचुअल फंड यादव कटरा सनबीम स्कूल लहरतारा तिराहे के पास चंदुआ



छित्तूपुर में आयोजित की गई। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि गिरीश पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ गजलकार सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध रहे। संचालन श्रीनाथ सोनांचली ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष भुलक्कड़ बनारसी ने सभी उपस्थित कवियों व शायरों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया, तदोपरांत सरस्वती बंदना मुनींद्र पाण्डेय मुन्ना ने सरस्वती बंदना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। उपस्थित कवियों और शायरों मे, गिरीश पाण्डेय , हास्य व्यंग्य कवि भुलक्कड़ बनारसी ,मुनीन्द्र कुमार पाण्डेय मुन्ना, शैलेंद्र कुमार अमबष्ट, जयप्रकाश मिश्र धानापुरी, गोपाल केशरी, सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध,शायर नाशाद बनारसी, मुनींद्र श्रीवास्तव फुतीर्ला, परमहंस तिवारी परम, जितेंद्र श्रीवास्तव टोपी नाथ सोनांचली, डा. छोटे लाल मनमीत, विमल बिहारी व किशन यादव इत्यादि रहे। आज की गोष्ठी में जन्मदिन के क्रम में संस्था के संरक्षक सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध का 71 वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया और उनके दिघार्यु की कामना की गई । कार्यक्रम के अंत में संस्था के साहित्यिक सचिव श्री जयप्रकाश मिश्र धानापुरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## रोटरी क्लब वाराणसी मिडटाउन की नई टीम ने संभाला कार्यभार

वाराणसी, सं.। कैन्टोमेंट में रोटरी क्लब वाराणसी मिडटाउन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें क्लब के नए अध्यक्ष और सेक्रेटरी समेत नई टीम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। नवगठित टीम ने समाजसेवा में अग्रणी कार्यों का संकल्प लेते हुए नए आदर्श प्रस्तुत करने की बात कही। उप्र सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने रोटरी सत्र 2023-24 के अध्यक्ष डॉ कुमार आशीष और सचिव राकेश पांडेय सहित टीम को सेवा कार्यों के लिए पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हेमन्त शर्मा ने क्लब से सेवा कार्यों को नवीन गति देने एवं रोटरी फाउंडेशन में सहयोग करने पर जोर दिया। कहा कि क्लब के नए अध्यक्ष डॉ कुमार आशीष न्यूरो व स्पाइन सर्जन है, उनके 16 वर्षों का अनुभव मददगार बनेगा। इस दौरान राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र, महापौर अशोक तिवारी, पत्रकार हेमंत शर्मा, बीडी गुजराती, रोटेरियन हरी मोहन शाह, वीडी तिवारी, डॉ. अनुराग टंडन, अभिषेक पाण्डेय, अनुराग गुप्ता, आशुतोष द्विवेदी, एमडी टकसाली, रविशंकर सिंह, डॉ शालिनी टंडन मौजूद रहे। संचालन रोटेरियन आशुतोष द्विवेदी व रोटेरियन वीरेंद्र कपूर ने किया। अध्यक्ष डॉ कुमार आशीष ने बताया कि रोटरी क्लब की कुछ योजनाए चल रही है। गरीब लड़कियों को सिलाई का प्रशिक्षण, निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन समाज से जोड़ता है। हम कुछ नए एडवांसमेंट करेंगे और मूक बधिर बच्चों के स्कूल में काम करेंगे। क्षेत्र में सामाजिक कार्य मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ, स्वछता एवं साफ सफाई, सामुदायिक जन जागरूकता के साथ साथ महिलाओं और बच्चों की शिक्षा पर भी फोकस रहेगा।

# ओलंपिक गेम्स में बोट क्लब जीता

सत्यवान समाचार

वाराणसी। 22 वर्ष के पश्चात वाराणसी डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक गेम शहर के अलग अलग जगहों पर हो रहे है। इसी कड़ी में कयाकिंग व कैनोइंग वॉटर स्पोर्ट्स का आयोजन सगरा ताल में 16 जुलाई को किया गया। जनपद कयाकिंग व कैनोइंग एसोसिएशन वाराणसी के बैनर तले संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 70 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। ज्ञातव्य हो कि जिले के सम्पूर्ण खेलों में इस बार कुल मिलाकर 8000 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। यह ओलंपिक स्तरीय खेल लगभग 2 वर्ष पूर्व इस संस्था के संस्थापक व शिक्षा अनुदेशक ज्ञान कुमार, भारतीय सेना के द्वारा वाराणसी में शुरू किया गया था। आपको बताते चलें कि 'वाराणसी बोट क्लब' पूर्वांचल की पहली अकादमी है जो इस ओलम्पिक स्तरीय खेल का प्रशिक्षण करवाती है। प्रभारी दिनेश ने बताया कि इस चैंपियनशिप में वाराणसी बोट क्लब ओवर ऑल चैंपियन बना है। बातचीत में संस्था की सचिव एडवोकेट श्वेता दुबे ने बताया कि मां गंगा में आए उफान के कारण अपने कार्यक्रम में परिवर्तन करना पड़ गया। लेकिन हम महाराजा बनारस जी के आभारी हैं कि उन्होंने समस्या का त्वरित निवारण करते हुए सगरा ताल में इस वॉटर स्पोर्ट्स को करवाने का निर्णय लिया। इस इवेंट में मैं




खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन से काफी खुश हूं।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन मिश्र ने खिलाड़ियों को ढेरो शुभकामनाएं दीं। साथ ही मुख्य अतिथि श्री अजीत कुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य, एवम विशिष्ट अतिथीगण शम्स तबरेज 'सम्पू', सचिव-वाराणसी ओलंपिक एसोसिएशन, धीरेंद्र पांडेय, शैलेंद्र उपाध्याय व अभय राजजी का आभार प्रकट किया व बताया कि वाराणसी के अन्य खिलाड़ियों को भी इस एडवेंचर गेम का प्रशिक्षण लेने चाहिए, चुकि यह खेल एक साथ वॉटर स्पोर्ट्स, कोर्डिनेसन, रोमांच व बेहतरीन फिजिक का समन्वयक है। इस मौके पर उपाध्यक्ष चंद्रशेखर कपूर, कोषाध्यक्ष अरविंद तिवारी, उपसचिव सुमित राय, जिला प्रभारी दिनेश सिंह, अधिवक्ता निर्मलेश त्रिपाठी, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य श्री धवन कुशवाहा, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच अभय सिंह, प्रभु, हिमांशु, विक्की व आदित्य इत्यादि रहे।

## हमें हमारा बचपन, दो भीख नहीं...

वाराणसी। बच्चों द्वारा भीख मांगना पूरे समाज के लिए शर्मनाक और चिंता का विषय है।

समय रहते हम जागरूक नहीं हुए तो आने वाले वक्त में इससे जुड़े आंकड़े और भी भयावह होंगे और इन बच्चों की स्थिति बदतर होती चली जाएगी। जागरूकता के इसी क्रम में बाल श्रम मुक्त काशी की कल्पना को मूर्त रूप देने और धार्मिक नगरी वाराणसी को बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति मुक्त करवाने के उद्देश्य से उर्मिला देवी मेमोरियल सोसाइटी के निर्देशन में जन जागरूकता हेतु शहर के मुख्य स्थलों व ऑटो पर पोस्टर्स तथा फ्लेक्स आदि चस्पा किए गए।

कार्यक्रम के अनुसार 'गुब्बारे तुम मत बिकवाओ, नन्हें हाथों में कलम थमाओ', हमें हमारा बचपन दो भीख नहीं' जैसे लिखें स्लोगन पोस्टर के माध्यम से बाल श्रम व भिक्षा वृत्ति से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरुक किया गया।

# पीएनयू क्लब के अध्यक्ष विशाल, सचिव बने राजीव

वाराणसी, सं.। में पीएनयू क्लब के वार्षिक चुनाव के बाद अध्यक्ष और सचिव समेत 16 पदों पर उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। रविवार रात वोटों की गिनती के बाद विजयी हुए कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जीत के बाद माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। शहर के प्रतिष्ठित क्लब का चुनाव कड़ी पुलिस सुरक्षा और पुख्ता इंतजाम के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। वर्ष 2023-24 के लिए गठित नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव में कुल 415 सदस्यों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

चुनाव में अध्यक्ष पद पर विशाल जायसवाल और सचिव पद पर राजीव खन्ना ने जीत दर्ज की। पीएनयू क्लब के पूर्व अध्यक्ष अनुज डिडवानिया ने क्लब के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नव



नई कार्यकारिणी को डाले वोट, काशी नरेश ने 1937 में बनाया था क्लब

निर्वाचित टीम पूरी ऊर्जा के साथ क्लब को समाज हित में नए आयाम प्रदान करेगी।

पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा, रमेश गिनोडिया, अंबुज किशोर, अशोक खन्ना आदि रहे। प्रभु नारायण सिंह यूनियन क्लब की स्थापना वर्ष 1937 में तत्कालीन काशी नरेश स्व.डॉ. विभूति नारायण सिंह ने की थी। वर्तमान में कुंवर अनंत नारायण सिंह क्लब के पैट्रन हैं, इस पद पर वह स्थाई सदस्य हैं।

कार्यकारिणी सदस्य के लिए चुने गए 14 सदस्यों में अंबुज किशोर नारायण को 178 मत, अनिल चंद्र जैन को 239 मत, अनिल लालवानी को 218 मत, अतुल कुमार रस्तोगी को 165 मत, धर्मेंद्र मिश्रा को 271 मत, डॉ. संजीव सिंह को 254 मत, गुरदीप सिंह टीटू को 225 मत, हितेश मुरारका को 200 मत, मयंक टकसाली को 169 मत, नीलू दुबे को 218 मत, राकेश रोकड़िया को 123 मत, रंजीत सिंह बग्गा को 136 मत, समीर भसीन को 133 मत और विवेक केशरी को 208 मत मिले। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विशाल जायसवाल को 221 मत मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहे देव प्रमोद अग्रवाल को 150 एवं सुरेंद्र सिंह को 39 वोट मिले। तीन राउंड में हुए चुनाव में विशाल जायसवाल हर राउंड में प्रतिद्वंद्वी से आगे रहे। इसी तरह सचिव पद पर राजीव खन्ना ने 290 वोट हासिल किये जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी राजेश संड को 120 वोट मिले। अध्यक्ष पद पर पड़े चार वोट और सचिव पद के लिए पांच वोट अवैध घोषित किये गये।

# गांधी-जेपी की विरासत बचाने पर सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई

वाराणसी, सं.। सर्व सेवा संघ भवन मामले की आज सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई होगी। सीजेआई की ओर से बनाई विशेष खंडपीठ के जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस पंकज मित्तल केस की सुनवाई करेंगे और कोर्ट वादी का पक्ष जाना। भवन से महापुरुषों के जुड़े होने और ऐतिहासिक साक्ष्य भी देखेंगे। कोर्ट ने जमीन की रजिस्ट्री और मालिकाना हक समेत अन्य दस्तावेज भी कोर्ट ने तलब किए है। सुप्रीम कोर्ट ने जिला प्रशासन से भी जवाब मांगा है।

सुप्रीम कोर्ट में आज वकील प्रशांत भूषण सर्व सेवा संघ की ओर से पैरवी करेंगे। पिछली तारीख पर उन्होंने भवन के गांधी, जेपी और बिनोवा से जुड़े इतिहास से बारे में जानकारी देते हुए ध्वस्तीकरण रोकने की मांग की। कोर्ट को दलील दी कि महात्मा गांधी के विचारों और दर्शन का प्रचार करने के लिए आचार्य विनोबा भावे ने 1948 में सर्व सेवा संघ की स्थापना की थी और अब स्थानीय प्रशासन द्वारा इमारत को ढहाने की कोशिश की जा रही है। संगठन ने वाराणसी जिले में 12.90 एकड़ भूखंड पर बने ढांचों को गिराने के लिए उत्तर रेलवे द्वारा जारी नोटिस को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था। संगठन का कहना है कि वाराणसी के 'परगना देहात' में उसके परिसर के लिए जमीन उसने केंद्र सरकार से 1960, 1961 और 1970 में तीन पंजीकृत सेल डीड के माध्यम से खरीदी थी।

सर्व सेवा संघ और उत्तर रेलवे के बीच जमीन के मालिकाना हक पर चल रहे विवाद में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने सुनवाई के बाद रेलवे के हक में फैसला दिया है। उन्होंने सर्व सेवा संघ का निर्माण अवैध करार देते हुए जमीन को उत्तर रेलवे की संपत्ति माना है। सर्व सेवा संघ भवन को ध्वस्त करने के लिए उत्तर रेलवे प्रशासन ने 30 जून




2023 की तिथि नियत की, लेकिन इस फैसले का विरोध शुरू हो गया। सर्व सेवा संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल जिसे हाईकोर्ट ने खारिज करते हुए अस्तरीय बताया। याचिका कताओं से निचली अदालत में जाकर मामले का निस्तारण करने की बात कही, जिसे दरकिनार करके याची आज सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

गांधी विचार के राष्ट्रीय संगठन सर्व सेवा संघ की स्थापना मार्च 1948 में भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई थी। विनोबा भावे के मार्गदर्शन में करीब 62 साल पहले सर्व सेवा संघ भवन की नींव रखी गई। इसका मकसद महात्मा गांधी के विचारों का प्रचार-प्रसार करना था। सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय मंत्री डा. आनंद किशोर ने बताया कि वर्ष 1960 में इस जमीन पर गांधी विद्या संस्थान की स्थापना के प्रयास शुरू हुए। भवन का पहला हिस्सा 1961 में बना था। 1962 में जय प्रकाश नारायण खुद यहां रहे थे।

अध्यक्ष चंदन पाल के अनुसार, आचार्य विनोबा भावे की पहल पर ये जमीनें सर्व सेवा संघ ने 1960, 1961 एवं 1970 में रेलवे से खरीदी हैं। डिवीजनल इंजीनियर नार्दन रेलवे, लखनऊ द्वारा हस्ताक्षरित तीन रजिस्टर्ड सेल डीड हैं। यह भवन 3 बार में पूरा बन सका था। जैसे-जैसे जमीनें खरीदी जाती रही, वैसे-वैसे भवन बनता चला गया। करीब 1971 तक यहां निर्माण 3 बार में पूरे हुआ। दावा है कि यह भवन गांधी स्मारक निधि और जयप्रकाश नारायण द्वारा किए गए दान-संग्रह से बनवाया गया था।

इसके बाद 2007 तक यहां सब कुछ ठीक रहा। इसी दरम्यान रेलवे ने अपने कुछ प्रोजेक्ट के लिए जमीन तलाशना शुरू किया। पुराने दस्तावेजों में, जिस जमीन पर सर्व सेवा संघ बना था, वो जमीन रेलवे के मालिकाना हक में दर्ज मिली। इसके बाद रेलवे ने इन जमीनों पर क्लेम किया। इसके बाद मार्च 2007 में इस भवन पर ताला पड़ गया। डा. आनंद किशोर के अनुसार ये विवाद जिला न्यायालय (ADJ 10) की कोर्ट में चला गया। 28 मई 2007 को कोर्ट ने वाराणसी के कमिश्नर की अध्यक्षता में एक संचालक मंडल बना दिया। कोर्ट ने कहा कि यही संचालक मंडल इस विवाद में निर्णय देगा। वर्ष 2007 से 14 मई, 2023 तक संस्थान पर जिला प्रशासन का ताला बंद रहा, संचालन नहीं किया गया।

**केंद्रीय मंत्री ने गिनाई नौ साल सरकार की उपलब्धियां :** डीडीयू नगर। संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत चन्दौली के सांसद व केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय दुलहीपुर स्थित डॉ. ओ पी सिंह के आवास पर रविवार को जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश कुशवाहा, राजकिशोर सिंह, शिवशंकर पटेल, आलोक सिंह के साथ पहुंचे। उन्होंने पीएममिस कॉल के तहत लोगो से 9090 902024 पर मिस काल कराया एवं केन्द्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाई।

## नादान परिंदे साहित्य मंच का मना वार्षिकोत्सव




वाराणसी। नादान परिंदे साहित्य मंच का प्रथम वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रयागराज के पूर्व जिला जज चंद्रभाल सुकुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर अरविंद कुमार जोशी, प्रकाश कुमार श्रीवास्तव 'गणेश', कर्नल गोविंद सिंह, डॉ कैलाश सिंह विकास , मौजूद रहे । कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसमें सभी रचनाकारों ने अपनी अपनी अपनी रचना प्रस्तुत की जिसमें प्रमुख रूप से झरना मुखर्जी , कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक , महेंद्र अलंकार , पूनम श्रीवास्तव , भुलक्कड़ बनारसी, समीम गाजीपुरी, डॉक्टर नसीमा निशा , डॉ प्रियंका तिवारी, मधुलिका राय, डॉ वत्सला, मणिबेन द्विवेदी, सुषमा मिश्रा आदि ने अपनी अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धनाथ शर्मा ने किया और कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत नादान परिंदे साहित्य मंच के अध्यक्ष डॉ सुबाष चंद्र ने किया। इस अवसर अवसर पर नादान परिंदे साहित्य मंच के अध्यक्ष डॉक्टर सुबाष चंद्र का जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें केक काटने के अलावा शहनाई वादन एवं सोहर कजरी भी गाया गया। डॉक्टर सुभाष चंद्र ने कहा नादान परिंदे साहित्य मंच को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहेंगे एवं साहित्य और समाज की सेवा के लिए हमेशा कटिबद्ध रहेंगे। वार्षिकोत्सव समारोह में प्रमुख रूप से राजेश मिश्रा, काली शंकर उपाध्याय, मनोज मिश्रा , प्रियंवदा सिंह, सुष्मिता सेठ , रमेश पांडे, सुनील जी , सुनील आदि रहे।

## लेखनी

### सरपरस्ती



न जाने किस युग से
झुका हुआ है आसमान
कुछ इस तरह ज़मीं पर
कि हमारी सरपरस्ती करता है
हमारे सर पर सक़्फ बन कर,
उसके दामन में मुन्तशिर हैं
क़ायनात के खूबसूरत नज़ारे
चाँद ,सूरज के साथ साथ
हैं बेशुमार सितारे,
छिपे रहते हैं बादलों में इसके
पानी से भरे कलश
ज़मीं पर जिससे पानी है बरसता
हवा, बर्फ, शबनम
यहाँ सब कुछ वो है भेजता,
हर शब जलते हैं, चिराग उसके घर में
और सितारे देते हैं हमें रोशनी
सय्यारों के भी एहसानमन्द हम कैसे न हों
जिनसे मुतासिर होती है हमारी ज़िंदगी,
कहाँ पनपती ज़िंदगी ज़मीं पर
आसमान पर जो आफ़ताब न होता
शायरों की दुनिया आबाद न होती
आसमान पर जो माहताब न होता,
कितनी बेमिसाल है उसकी सरपरस्ती, कभी सोचा है?
जागता रहता है मुस्तक़िल, कभी नहीं सोता है
जरूरत पड़ने पर हमें चमकती आँखें दिखा कर
बड़ी जोरों से हम पर है ग़रज़ता
फिर भी हमारी सरपरस्ती से
कभी मुंह नहीं मोड़ता।

**अंजली, 'मौसम'**

### वृद्धाश्रम से सुना पिता का स्वर



आज सुना
मैंने स्वर पिता का
बिल्कुल भोर में
कह रहे थे बेटा
घर की याद आती है
वैसे अच्छा है
यहां वृद्धाश्रम में भी
वहां 20/30 के मकान में
मेरा विस्तार था
यहां 15/20 के कमरे में
खींच रही है मेरी ज़िंदगी
कोई असुविधा नहीं है
बस नाचने लगते हो
तुम लोग आंखों में
पोते को गोद में खिलाने का मन चल जाता है
कह दी हो कभी कड़वी बात
तो दिल पर मत लेना
कहा होगा फायदे के लिए ही
मेरा आशीर्वाद
निरंतर तुम्हारे साथ है
तुम्हारी मां देखना चाहती है
तुम्हें एकबार बस
दिनभर रोती है
रात में खांसती है
अवस्था का प्रभाव है
आंखें उसकी धंस गई है
न खाती है न पीती है
तुम्हें याद करते- करते ही सोती है
एक विनती है बेटा
मौत आ जाय जब हम लोगों की
तो जरूर
तुम एक एहसान कर देना बेटा
मेरी लाश को कांधा दे देना
मेरे जीवन को पार लगा देना
मत कहना
कि अभी समय नहीं है
दो दिन बाद आ जायेंगे
सारा क्रिया- कर्म कराएंगे
क्योंकि
नहीं चाहता हूं मैं
कोई यह बक दे
कि ये बूढ़े
लावारिस हैं
की इस ध्वनि का बोझ
नहीं ढो पाएगी
मेरी यह निश्छल आत्मा
मेरा आशीर्वाद तुम्हारे साथ है
सदा सुखी रहो
प्रसन्न रहो
दीघार्यु हो!

**सम्पूर्णानंद मिश्र, वाराणसी**

### मर गई इंसानियत



इंसान को देखकर मरती जा रही इंसानियत
होता जा रहा है मानव का दिल कठोर पत्थर
ईंट,पत्थरों से बने हुए निर्जीव आकृतियों पर
दौलत की बरसात कर मजे ले रहा है डटकर।
मानवता कैसे जिंदा रहेगी अब दुनिया भर में
नहीं दिखती है वह कहीं इस विशाल धरा पर
हर ओर दिखते हिन्दू,मुस्लिम, सिक्ख,ईसाई
मजहबी पहचान के रंग में रंगे चोले पहनकर।
झूठ सिद्ध कर दिया परम पिता परमेश्वर को
झूठा कर देगा ये भी,सब एक ईश की संतान
लगता है अब यह रंग ही बदल देगा रक्त का
कहीं टूट कर आ न गिरे धरती पर आसमान।
ईश भी भाग चले इसकी काली करतूत देख
उनका स्थान ले बैठे यहां पर पैदा हुए इंसान
इंसान को भगवान मान पूजने लगा है इंसान
इस मूर्खता को देख कैसे खुश रहेंगे भगवान।
सारे नफरत दिखते इंसान इंसान के बीच में
परस्पर एक दूसरे का मांस नोचने को तैयार
करने के लिए ये मानव अपनों का ही विनाश
निर्माण कर लिया है महा विनाशक हथियार।
कहीं जल रहे नगर ,गांव मजहब के नाम पर
कहीं मोटर,गाड़ी, दुकान, मकान और इंसान
कैसे कह दूं इसे भगवन की महानतम रचना
यह तो इंसानियत का लबादा ओढ़े है शैतान।
क्या इंसानियत है दाढ़ी,बाल,मूंछ,पहनावे में
क्यों ये इंसान भटक गया बाह्य आडम्बरों में
आर्यरजब तक हम बैठकर चिंतन नहीं करेंगे
इंसान आहें भरता रहेगा आग के अंगारों में।

**अरुण कुमार 'आर्य'**

# विविधताओं से परिपूर्ण भारत



भारत विविधताओं से भरा विश्व का सबसे प्राचीन राष्ट्र है। यहां की प्रकृति ही नहीं भूगोल भी असमान है। किन्तु कुछ सूत्र ऐसे हैं जो इनको जोड़ते हैं। इनका उल्लेख हमारे वेदों में वर्णित है साथ ही साहित्य में भी। हमारी सांस्कृतिक एकता के ये सूत्र हजारों वर्षो से हमारे लिए न केवल प्रेरणा के स्रोत रहे हैं, अपितु विश्व के लिए कौतूहल और जिज्ञासा का कारण भी हैं। विश्व की सभी सभ्यताओं का मूल नदियों के किनारे बसे, विकसित होते नगर हैं तो कहीं पर्वत शुनखलाओं के बीच बसी मानव बस्तियां भी हैं। शोध और अनुसंधान के केंद्र हों या शिक्षा के, हमारे जीवन को गति देते आए हैं।

भारत की चतुष्टय पुरुषार्थ की कल्पना हो या सामाजिक दृष्टि से वर्ण व्यवस्था का वीचार हमारे पूर्वजों की प्रतिभा क्षमता और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण भाव को ही प्रतिपादित करते हैं। जीवन की यात्रा मे मिले अनुभवों का विवेचन और विश्लेषण कर हमारे पूर्वजों ने कुछ जीवन मूल्य और आदर्श निर्धारित किए। इनको स्थापित करने के बाद भी निरंतर शोध करते हुए प्राणिमात्र के लिए हितकर व्यवस्था का प्रयास करते रहे । इसी कारण वे वसुधैव कुटुंबकम की कल्पना कर सके।

शिक्षा की व्यवस्था पद्धति विकसित कर एक आदर्श जीवन प्रणाली का विचार कर सके। पर्यावरण और प्रकृति से जुड़कर उपयोग तथा उपभोग के बीच संतुलन स्थापित कर उदाहरण प्रस्तुत कर सके। खाद्य पदार्थों का उत्पादन का विषय हो या मानव जीवन की सुरक्षा का प्रश्न हो, शिक्षा और अनुसंधान के साथ जीवन यात्रा को सरल सुगम बनाने की प्रक्रिया अनादिकाल से चलती आई है।

विचारों की जड़ता या विकृति के कारण जब कभी समाज के किसी भी घटक में विघटन या स्खलन की स्थिति बनी है तो उसका समाधान करने का सामर्थ्य हमारे पूर्वजों ने दिखाया है।

विश्व मानव समाज में सामाजिक सांस्कृतिक व्यवस्था के अलग अलग मानक और कारक वहां की परिस्थिति तथा आवश्यकता के अनुसार होती है। भौगोलिक विविधताओं के कारण भी उनमें अंतर होता है। किन्तु प्रकृति और मानवीय प्रवृत्ति में कई समानताएं भी होती हैं। इन्ही समानताओं के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए संवाद और विमर्श की आवश्यकता है। भारत में भी जो आदर्श, मूल्य और पद्धति विकसित हुई है, उसमें सभी के लिए समान अधिकार और कर्तव्य का निर्धारण किया गया है। अति प्राचीन काल से हमारी सांस्कृतिक एकता के जो सूत्र विद्यमान हैं उनके साथ आधुनिक जीवन शैली को जोड़कर युगानुकुल परिवर्तन के साथ संवाद और विमर्श कर उपयोगी पद्धति का विचार करने की नीति बनानी होगी। वर्तमान में समान नागरिक संहिता पर चर्चा चल रही है। यह सच है कि पूरे समाज को जोड़ने के लिए सबको समान अधिकार मिलने चाहिए। उनके लिए समान अवसर होने चाहिए। एक राष्ट्र के संपूर्ण विकास के लिए एक विधान एक निशान होना चाहिए। किन्तु विविधताओ भरे भारतीय समाज में अलग अलग मान्यताएं और परंपराएं प्रचलित हैं। इसलिए उनका ध्यान रखना भी जरूरी है।

यदि अपराधिक मामलों के लिए कानून व्यवस्था समान है तो नागरिक कानून भी समान होना चाहिए। प्रत्येक सामाजिक घटक के हिताहित का विचार कर इस दिशा में सभी का ध्यान रखते हुए निश्चित रूप से एक विधान होना चाहिए।

आज भारत विश्व की सबसे अधिक जनसंख्या वाला और आर्थिक दृष्टि से पांचवा सफल राष्ट्र राज्य है। शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से भी भारत का स्थान काफी आगे है। इसलिए बहुमुखी विकास हेतु सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास, इस बिंदु पर कार्य करने की आवश्यकता है। जो समाज आधुनिकता को स्वीकार नहीं करता, पिछड़ जाता है लेकिन जो समाज अतीत की भूलों से नहीं सीखता और अतीत की अच्छाइयों की उपेक्षा करता है, वह कालातीत हो जाता है। इसका भी ध्यान रखना चाहिए।

**संपादक**

# भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धा विश्वास रुपिणौ



शिव यानी सत्य कल्याणकारी और सुंदर। अनादि-अनंत अभेद, सर्वव्यापी सर्वज्ञ। सृजन और संहार दोनो हीं प्रवृत्ति शिव में सन्निहित है। जब जो स्थिति बनी उसी रुप में संसार के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने वाले शिव



अविनाशी है अवघड़दानी है।जन्म मरण से परे स्वयंभू है। निर्विकार निश्छल सहज सर्वव्यापी और सर्वग्राही है शिव। अमृत विष दोनों ही उनके संपर्क में आकर महत्व हीन हो जाते हैं।शिव अमरत्व को प्राप्त है अतः विष उनके गले में राम तत्व से मिलकर विश्राम करता है।अजेय हैं शिव इसलिए कोई भी तितिक्षा उनपर अपना प्रभाव डाल नहीं पाती। कामदेव उनके नेत्र के ज्योति पुंज में भस्मीभूत होजाते है।

संसार के सभी नाकारात्मक उर्जा को आत्मसात कर विश्व कल्याण के लिए सृष्टि को संरक्षित रखने की क्षमता मात्र शिव में है। विरक्त योगी और परम गृहस्थ आश्रम के समन्वय के एकमात्र प्रतीक है शिव।सभी के आराध्य सबके लिए सहज उपलब्ध रहने वाले शिव मत संप्रदाय से परे निर्गुण सगुण रुप में पुज्य परम वैष्णव है।

श्रुति के अनुसार सृष्टि के पहले न सत (कारण)था न असत (कार्य)। केवल एक निर्विकार शिव ही विद्यमान थे।अतः जो वस्तु श्रृष्टि के पूर्व हो वही जगत का कारण है और जो जगत का कारण है वहीं ब्रह्म है। अतः ब्रह्म का ही नाम शिव है। ये शिव नित्य और अजन्मा है।इनका न आदि है न अंत है अतः ये अनादि-अनंत है। ये सभी पवित्र करने वाले पदार्थ को भी पवित्र करने वाले हैं। इस प्रकार भगवान शिव सर्वोपरि परात्पर ब्रह्म है।

'यस्मात परं नापरमस्ति किंच्चित।

भगवान शिव का चरित्र बड़े हीं उदात्त और अनुकम्पा पूर्ण है।भोले नाथ ज्ञान वैराग्य और साधुता के परम आदर्श है। चन्द्र सूर्य इनके नेत्र हैं, स्वर्ग सिर है, आकाश नाभि है, दिशाएं कान है। इनके समान न कोई दाता है न तपस्वी है न ज्ञानी है न त्यागी है न वक्ता हैं न कोई उपदेष्टा है न कोई ऐश्वर्यशाली हीं है।ये सदा सब बस्तुओं से परिपूर्ण है। शिव आत्मा हैं पार्वती बुद्धि हैं प्राण आपके गण हैं मनुष्य शरीर आपका मंदिर है समस्त विषयभोग की रचना आपकी पूजा है, निद्रा समाधि है मनुष्य का चलना फिरना आपकी परिक्रमा है और मेरे शब्द आपके स्तोत्र है। मनुष्य जोभी कार्य पवित्र मन से करता है वह सब आपकी आराधना है।

भवानीशंकरौ वन्दे, श्रद्धा विश्वास रुपिणौ।

माता पार्वती औरभगवान शंकर श्रद्धा और विश्वास के स्वरुप है जिनकी वंदना परम कल्याणकारी है। अखिल ब्रह्माण्डनायक जगत्पति विजयरुप शरीरधारी शिव और माता पार्वती के चरणों में समर्पित हो जीवन व्यतीत करने वाले प्राणी कि मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं ऐसा देवताओं के कथन हैं।

नमः शिवाय मंत्र
योगी और गृहस्थ सब के लिए औषधीय स्वरूप है।
गुरु पितु मातु महेस भवानी।
प्रनवऊं दीनबंधु दीन दानी।

भगवान शंकर गुरु और पिता स्वरुप है और भवानी साक्षात मां। इनकी वंदना सदैव सुखकारी है ये दीनबंधु है ये दानी है इनकी आराधना से सभी सांसारिक कष्टों का निवारण तत्काल होता है।

पूजा विधि भी अत्यंत सरल।
गांल के बजाए निहाल कर देते हैं।
संकरु जगतवंद्य जगदीसा।
सुर नर मुनि सब नावत सीसा।

गोस्वामीजी जी ने रामचरित मानस में सुर नर मुनि सब के द्वारा वंदित पूजित जगदीश कह कर स्मरण किया है।

महामंत्र जोई जपत महेसू।
कासी मुकुति हेतु उपदेसू।

बाबा विश्वनाथ काशी में बैठ कर मुक्ति का मार्ग अपने भक्तों बताते हैं

काशीवासी बाबा के कृपा प्रसाद हरपल हर घड़ी पाकर अपने जीवन को धन्य धन्य करते हैं। बाबा आषुतोष है सहज प्रसन्न होने वाले हैं।इनकी कृपा सबपर अहर्निश बरसती रहती है। अद्भुत लीला है बाबा भोलेनाथ की।

जल के चढ़ाएं यमलोक से बचायलेत
चावल के चढ़ाए चक्रवर्ती करदेत है
चंदन के चढ़ाए लोकचौदहो बकस देते
दीपक दिखाए द्वीप सातो दे देत है
भांग और धतुरा के चढ़ाए सुरपुर देत
हर हर कहत शिव हरत कलेश हैं
हे भोले बाबा तोहार महिमा अपार बा
गाल के बजाए निहाल कर देत हैं।

**बुद्धिहीन, सरस्वती सदन, वाराणसी**

## जुबान सिल कर रखा है




जुबान को सिल कर रखा है
पता है जुबान जब चलती है
अम्बर, धरती तक हिलती है
कैची की तरह, तीर की तरह
जब यह डोलती है, निकलती है
रिश्तों को काटती,दिल भेदती है
कुछ भी सामान्य नही रहता
जुबान जब नही संभलती है
फिर जिंदगी हाथ मलती है
भय और भूख की भाषा
जब यह बोल उठती है
मरी अंतरात्मा आवाज वाली
तब सरकार डोलती है
जब व्यथा नही हर पाती तो
जुबान का फन कुचलती है
जुबान और बेजुबान होने में फर्क है
चुप रहो तो ठीक, खुली तो बेड़ा गर्क है
दुनिया ने इसकी कीमत चुकाई है
तब इसे संभालने की कला पायी है
अन्याय देख कर भी आँखें चुप
इंकलाब खातिर जुबान ही मचलती है

**पता ही नहीं चल पाएगा**

गुमान है जिन्हें
वक़्त उनकी मुठ्ठी में है
उन्हें यह भी पता हो
बन्द मुठ्ठी में कैद वक़्त
रेत के मानिंद है
कब सरक गया
पता ही नही चल
पाएगा
जो खड़े है उनके
आगे-पीछे
गुमान उन्ही पर है उन्हें
पर यह भी पता हो
विपत्ति में ये कब सरक लेंगे
ठीक वैसे ही जैसे कि
मुठ्ठी में बन्द रेत की तरह
पता ही नही चल पाएगा
जिसने प्यार दिया, दुलार दिया
कल ये हो न हो, जाने कहा हो
बेकदरी से चले गए तो
वक़्त भी नही लौटा पायेगा
क्योंकि ये हिस्सा हो जाएंगे
उस रेगिस्तान के
जहा रेत ही रेत है
बर्षा उगा नही पाएगी
उन रिश्तों के प्रेम बीज
जो कब निकल लिए बन्द मुठ्ठी से
पता ही नही चल पाएगा।

**दिनेश चंद्र**
**पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी**
**आस्था नगर, हिनौली**
**मुगलसराय, चंदौली।**

## हरित क्रांति लाना है



जनसंख्या वृद्धि हुई तो
प्रकृति का सत्यानाश हुआ।
हरियाली मिटी धरा की,
पर्यावरणीय समूल विनाश हुआ।
हरे-भरे वन- उपवन सारे,
वृक्ष काट-काट बस्तियां बसीं।
संकट, आपदाएं बढ़ी चहुंओर,
मानव कृत्यों पर प्रकृति चुपचाप हंसी।
मौत मंडरा रही निकट मनुज तेरे,
विषैला समस्त आकाश हुआ।
जहर बोया तो जहर उगाते,
अधिक खाद्यान्न उत्पाद की
आस नादानी में।
सकल धरा विषमयी हो गई,
घुल चुका जहर पानी में।
दम घुटता अब जीवन जीना मुश्किल,
कठिन स्वांस- प्रस्वांस हुआ।
अभी समय है आंखें खोलो
रोको अपनी- अपनी बर्बादी।
समय चुके तो पड़े पछताना,
बात सरल और सीधी- सादी।
पौधरोपण को जन आंदोलन बनाकर
सकल धरा प्रदूषण मुक्त बनानी है।
हर घर मैदान खेत स्कूल कॉलेज
में पौधे लगाकर,
हमें पर्यावरणीय हरित क्रांति लानी है।

**रविंद्र कुमार राणा, प्रकृति प्रहरी**

## जटोली शिव मंदिर के पत्थरों को थपथपाने से आती है डमरू की आवाज, जानिए इसका रहस्य

भारत में कई ऐसे मंदिर हैं, जिनके पीछे कई पौराणिक कथाएं और रोचक तथ्य सुनने को मिलते हैं। ऐसा ही एक मंदिर जटोली का शिव मंदिर है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित भगवान शिव-शंकर का यह मंदिर न सिर्फ भारत बल्कि एशिया का सबसे ऊंचा मंदिर है। इस मंदिर की ऊंचाई करीब 111 फुट है। साल 2013 में इस मंदिर को दर्शनार्थ के लिए खोला गया था। इस मंदिर में भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं।

वहीं महाशिवरात्रि के दिन इस मंदिर में पैर रखने की भी जगह नहीं होती है। वहीं वास्तुकला की दृष्टि से भगवान शिव का यह मंदिर काफी अद्भुत है। राजगढ़ रोड पर भगवान शिव का जटोली मंदिर स्थित है। यह सोलन से करीब 8 किमी दूर है। इस मंदिर की हैरान करने वाली बात यह है कि मंदिर के पत्थरों को थपथपाने से डमरू की आवाज आती है। इस मंदिर का निर्माण दक्षिण-द्रविड़ शैली में किया गया है। बताया जाता है कि इस मंदिर को बनाने में पूरे 39 साल का समय लगा था। जटोली मंदिर के ऊपरी छोर पर 11 फुट ऊंचा सोने का कलश भी स्थापित है। यह कलश मंदिर की सुंदरता को बढ़ाने का काम करता है। जटोली मंदिर की मान्यता के अनुसार इस मंदिर में भगवान शिव आए थे। वह इस मंदिर के कुछ समय के लिए रुके थे। जिसके बाद सिद्ध बाबा श्रीश्री 1008 स्वामी कृष्णानंद परमहंस ने इस स्थान पर आकर कठिन तपस्या की थी। स्वामी कृष्णानंद परमहंस के मार्गदर्शन और दिशा-निदेर्शों पर ही जटोली शिव मंदिर का निर्माण शुरू किया गया था। वहीं इस मंदिर के कोने में स्वामी कृष्णानंद की गुफा भी बनी हुई है।





## मासिक राशिफल




ज्योतिषाचार्य गणेश मिश्रा

- **मेष लग्नराशि :** इस माह अधिक भागदौड़ के कारण शारीरिक परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र में किसी से बने मतभेद समाप्त हो सकते हैं। सुखों में कमी बनी रह सकती है। अचानक धन प्राप्ति हो सकती है। विवाह के लिए प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। किसी बात को लेकर मन में बैचेनी बनी रह सकती है। माह मध्य से स्थितियों में आपको सुधार देखने को मिलेगा।
- **वृषभ लग्नराशि :** इस माह स्वास्थ्य को लेकर चल रही परेशानियों में आप राहत महसूस कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में खटास उत्पन्न हो सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। भाई-बहनों तथा संतान को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। हफ्ते के अंतिम भाग से स्थितियां आपके पक्ष में होती नजर आएंगी। अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है।
- **मिथुन लग्नराशि :** इस माह व्यापारी वर्ग को लाभ मिल सकता है। व्यर्थ की यात्राओं से आप परेशान रह सकते हैं। महिला वर्ग को स्वास्थ्य में कोई परेशानी उत्पन्न हो सकती है। नौकरी वर्ग के लिए हफ्ता कुछ चिंता वाला बना रह सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य बना रहेगा। किसी भी प्रकार के निवेश से बचें। लाभ के नए स्रोत मिल सकते हैं। माह के अंत में कुछ अच्छा होने से मन प्रसन्न होगा।
- **कर्क लग्नराशि :** इस माह पराक्रम तथा उत्साह में वृद्धि होगी। नौकरी-पेशा वर्ग के जातकों को प्रमोशन का लाभ मिल सकता है। माता का सुख प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होने के संकेत हैं। पति-पत्नी के मध्य चल रही अनबन खत्म हो सकती है। विद्यार्थी वर्ग को अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। सेहत का ध्यान रखने की जरूरत रहेगी।
- **सिंह लग्नराशि :** इस माह स्वास्थ्य संबंधित परेशानी खत्म हो सकती है। विद्यार्थी वर्ग तथा नौकरीपेशा जातकों के स्थान परिवर्तन के योग बन सकते हैं। आप विदेश यात्रा पर भी जा सकते हैं। माता के सुख में कमी आ सकती है। भाग-दौड़ के चलते शारीरिक तकलीफ रह सकती है। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नए लोगों से मिलना-जुलना हो सकता है, जो आपके लिए लाभदायक रहेगा।
- **कन्या लग्नराशि :** इस माह खर्च की अधिकता के चलते आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। व्यापार तथा नौकरी की स्तिथि सामान्य बनी रहेगी। संतान पक्ष से किसी प्रकार की दूरी बन सकती है। माह मध्य के उपरांत प्रेम-संबंधों में सुधार देखने को मिल सकता है। विशेष कर महिला वर्ग स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन में एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करें।
- **तुला लग्नराशि :** इस माह की शुरूआत में आलस्य बढ़ सकता है, जिसके चलते कार्य समय पर न होने से आप व्यथित हो सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन सकते हैं। संतान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। दाम्पत्य जीवन अच्छा और मधुर बना रहेगा। नौकरी के लिए प्रयासरत लोगों को सफलता प्राप्त मिल सकती है। आपको धन का लाभ मिल सकता है।
- **वृश्चिक लग्नराशि :** इस माह व्यापारिक लोगों को कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है तथा व्यापारिक साझेदारो के मध्य सामंजस्य बैठाना पड़ सकता है। लाभ की स्थितियां बनेंगी, जिसका पूर्ण लाभ हफ्ते के अंत में प्राप्त हो सकता है। सरकारी कार्यक्षेत्र में सभी कार्य बिना किसी अड़चन के संपन्न हो सकते हैं। नौकरी में पदोन्नित संभव है। सेहत में सुधार होगा।
- **धनु लग्नराशि :** इस माह कोई शारीरक कष्ट उभर सकता है। खर्चो के चलते आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ सकती है। हफ्ते के मध्य में अचानक लाभ प्राप्ति हो सकती है तथा धन कमाने के लिए नए स्रोत पर कार्य कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन में तनाव की स्थिति बन सकती है। संतान से सुख तथा सहयोग प्राप्त होगा।
- **मकर लग्नराशि :** इस माह सरकार से संबंधित कार्यो में परेशानी आ सकती है। यात्रा हो सकती है। खर्च भी अधिक मात्रा में होगा। नौकरी और व्यापार में स्थिति ठीक बनी रहेगी।
- **कुंभ लग्नराशि :** इस माह नौकरी तथा व्यापार से संबंधित यात्राएं हो सकती हैं, जो लाभकर सिद्ध होगी। पारिवारिक माहौल ठीक बना रहेगा। क्रोध तथा अहंकार करने से बचें। किसी प्रकार का मानसिक तनाव बना रह सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। हफ्ते के मध्य में आपको अचानक लाभ के नए मार्ग मिल सकते हैं। मौसमी बीमारी आपको परेशान कर सकती है। माह का उत्तरार्ध आपके लिए थोड़ा भाग-दौड़ और थकान भरा रह सकता है। इस दौरान आप पर घर-परिवार की कोई बड़ी जिम्मेदारी का बोझ आ सकता है। भगवान भास्कर को अर्घ्य दें।
- **मीन लग्नराशि :** इस माह पढ़ाई-लिखाई को लेकर एकाग्रता में कमी हो सकती है। संतान को तकलीफ बनी रह सकती है। प्रेम-प्रसंगों के मामलों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। आध्यात्मिक कार्यो में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति को लेकर यह हफ्ता अच्छा रहने वाला है। बड़े भाई को कष्ट संभव है।

## जीवों को तारक मंत्र देकर मुक्त करते हैं शंकर

(रामयश मिश्रा)



श्री रामचरितमानस के रचयिता संत गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने अपनी रचना विनय पत्रिका में काशी की स्तुति करते हुए कहा है कि कलयुग में काशीपुरी कामधेनु गाय के समान है काशी के चारों ओर की मयार्दा अर्थात चौहद्दी ही कामधेनु के श्रेष्ठ चरण है देव लोक वासी उन चरणों की सेवा करते हैं यहां के सब तीर्थ स्थान ही इसके पवित्र अंग हैं अविनाशी अगणित शिवलिंग ही रोम है अंतरगृही रहने के लिए बढ़िया घर है अर्थ धर्म काम मोक्ष ये चारों फल ही चार थन है और वेद पर विश्वास रखने वाले लोग ही बछड़े हैं अर्थात जिस प्रकार बछड़े से गाय पेनाह कर दूध देती है उसी प्रकार वेद वचन मे जो विश्वास है, उस विश्वास रुपी बछरु से ईश्वर प्राप्ति रूपी दूध देती है। वरुणा नदी ही मानो ललरि होकर सुभौषित हो रही है। असि नदी गाय के पूछ के रूप में विराजमान है। दंड पाडी और भैरव इसके दो सिंह हैं। यह कामधेनु अपने इन दोनों सींगो से पाप में रुचि रखने वाले लोगो को भयभीत करती रहती है। लोलार्क कुंड और त्रिलोचन एक तीर्थ ये दो नेत्र हैं। करणघंटा नाम का स्थान इसके गले में बना हुआ घंटा रूप है। मणिकर्णिका नाम का स्थान चंद्रमा के समान सुंदर मुख है। गंगा जी से जो सुख प्राप्त हो रहा है वहीं इसका शोभा है। स्वार्थ और परमार्थ से परिपूर्ण पंचकोसी परिक्रमा की महिमा है। कृपालचित विश्वनाथ जी इसका पालन करने वाले हैं और पार्वती जैसी देवी इसका सदैव लालन करती रहती है। अष्ट सिद्धियां इंद्राणी और सरस्वती इसकी पूजा करती है और और लक्ष्मी सरीखी तीनो लोग की स्वामिनी इसका रुख देखती रहती है। पंचाक्षरी मंत्र इसका पंचप्राण है भगवान बिंदु माधव आनंद है और पंच नदी पंचगंगा पंचगव्य रूप है। संसार को विकसित करने वाले राम नाम के दो अक्षर ब्रह्म और जीव के समान है। यहां सूकर्म कुकर्म कर के जितने प्राणी मरते हैं। उनका यह शुभ अशुभ कर्मरूपी घास है इसका चारा है -उसी का यह चरा करती है। उस चारे को खाकर यह कामधेनु मोक्ष रूपी पवित्र दूध देती है, उसे मरने वाले प्राणी पीते हैं। यह मोक्ष रूपी दुध इतना दुर्लभ है कि इसके लिए संसार में उदासीन संत महात्मा तरसते हैं। पुराणों का कथन है कि भगवान बिंदुमाधव अपने हाथों से इसकी रचना की है उनकी है कारीगरी कला रूप है। तुलसीदास कहते हैं कि काशी में मरने वाले जीव चाहे वह मानव रूपी हो या कीट पतंगे सबका भगवान शिव तारक मंत्र देकर उसे जीवन मरण से मुक्ति प्रदान करते हैं गोस्वामी जी द्वारा विनय पत्रिका में लिखी गई है बातें यह सिद्ध करता है कि भगवान शंकर काशी में रहने वाले सभी जीवो को मुक्ति प्रदान करते हैं।

# मोहर्रम पर नई परंपरा को नहीं मिलेगी इजाजत

## सौहार्द्र की अपील: भदोही में शांति समिति की हुई बैठक, किसी भी तरह के शस्त्रों के प्रयोग पर लगी रोक

सत्यवान समाचार

भदोही, सं.। कोतवाली में मोहर्रम पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, क्षेत्राधिकारी प्रभात राय, औराई तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति की मौजूदगी शांति समिति की बैठक हुई जिसमें पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंथन की गई।

मोहर्रम कमेटी, अखाड़ेदार, ताजियादारों एवं अन्य सदस्यों, सर्वसमुदाय के धर्मगुरुओं, डिजिटल वालंटियर के साथ हुई बैठक में लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये। उपस्थित लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई साथ ही सड़क बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न करने हेतु हिदायत दिया गया। ताजियादारों से किसी भी नए ताजियामार्ग के निर्माण न करने व किसी नई परंपरा से बचने की अपील की गई। साथ ही ताजिया मार्ग में बिजली के तारों,पेड़ों की डालियों की व्यवस्था देखने व रास्तों की साफ-सफाई के संबंध में संबंधित को निर्देशित किया गया।

संचालन करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सरकार द्वारा जारी किये गये गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलजुल कर सौहार्द व भाईचारे के साथ पर्व मनाएं। किसी नई परंपरा की इजाजत नहीं दी जाएगी। किसी भी तरह के शास्त्रों का प्रयोग वर्जित रहेगा। बैठक में धूम खां अखाड़ेदार हनीफ फारुकी,शेख सलामत अखाड़ेदार सरवर खां, जेई संत कुमार गुप्त, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्त, रवि प्रकाश पांडेय, माबूद खां, परवेज हाशमी, गुड्डू चौधरी, लल्लू सभासद, अजहरउद्दीन सभासद, अनिल उपाध्याय, राजमणि यादव, मोहित उमर नगर पालिका प्रतिनिधि विष्णु प्रसाद सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए समस्त अखाड़ेदार व ताजियादार मौजूद रहे।

### हर-हर बम बम से गूंजा शिवालय, भक्तों की लगी लंबी कतार

भदोही, सं.। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान शिव के अति प्रिय श्रावण माह के दूसरे सोमवार को श्रद्धा विश्वास और भक्ति भावना के साथ देवाधिदेव का दर्शन पूजन किया गया। स्नान ध्यान के साथ प्रात:काल शुरू हुआ दर्शन पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर जहा देवाधिदेव महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया वही मंदिर और शिवालय की आकर्षक ढंग से सजावट की गई। देवाधिदेव महादेव के अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन कर निहाल हुए भक्तो के जयकारे से नगर और गांव गूंजायमान रहा। सोमवती अमावस्या के अदभुत संयोग मे नगर स्थित एतिहासिक व प्राचीन मंदिर बाबा बड़े शिव धाम, कबूतर नाथ, गोपेश्वर महादेव, सिद्धेश्वर महादेव, मनकामेश्वर महादेव, जोगीबीर, जागेश्वर महादेव के साथ ग्रामीण क्षेत्र के बाबा तिलेश्वरनाथ, पांडवानाथ, स्वामी बड़ा देव महादेव मंदिर, धनेश्वर महादेव, कमलेश्वर नाथ समेत अन्य मंदिरो पर प्रात: काल से ही कतार लग गई थी। मंदिर पहुचने वाले श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए कतार बद्ध होते गए और कतार समय के साथ लम्बी होती चली गई। दर्शन पूजन के साथ प्रमुख मंदिर और शिवालय मे धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन कीर्तन का क्रम चलता रहा।

**सोमवती अमावस्या, सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष का लगाया फेरा:** भदोही, सं.। श्रावण माह के दूसरे सोमवार सोमवती अमावस्या के अदभुत संयोग मे व्रती महिलाओ ने जहां देवाधिदेव महादेव का दर्शन पूजन किया वही वट वृक्ष के फेरे लगाए। दूसरे सोमवार को बाबा बड़े शिव धाम, हनुमान गढ़ी मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों मे बड़ी संख्या में महिलाओ ने दर्शन पूजन किया। दूसरे सोमवार के अदभुत संयोग में सोमवती अमावस्या पर व्रती महिलाओं विधि विधान से पूजन अर्चन कर वट वृक्षों का कच्चे धागे से फेरा लगाते हुए भक्ति भाव में लीन रही। मान्यता है कि इस अदभुत संयोग में वट वृक्ष की पूजा करने व फेरा लगाने से धन धान्य, पति की लंबी आयु, परिवार की सुख समृद्धि समेत अन्य लाभ मिलते हैं। इस विशेष पर्व पर मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए गये थे। पुलिस बल के साथ महिला कांस्टेबल मंदिर परिसर के चारों तरफ चक्रमण करती नजर आई।

### हत्या मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। लाइन बाजार थाना पुलिस ने उपचार में उदासीनता के चलते महिला की मौत के मामले में वांछित आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक लिखा-पढ़ी कर आरोपित का चालान कर दिया। निरीक्षक (क्राइम) दिग्विजय सिंह, हेड कांस्टेबल विकास सिंह व कांस्टेबल सुनील कुमार ने मुरादगंज निवासी आरोपित माधव चौहान को मिले सुराग पर मुरादगंज तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह कहीं भागने की फिराक में था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि पिछले महीने मुरादगंज स्थित सहारा हास्पिटल में भर्ती कराई गई महिला की मौत हो गई थी। उसके स्वजन ने उपचार में उदासीनता का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया था। मृत महिला के स्वजन की तहरीर पर आरोपित माधव चौहान के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या व इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित तभी से फरार चल रहा था।

### जल मैराथन: लखनऊ रवाना हुए नायब बिंद, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बांदा। लखनऊ से बांदा तक आयोजित जल मैराथन मे शामिल होने के लिए जनपद के सुरियावा कनकपुर निवासी नायब बिंद अपनी टीम के साथ लखनऊ रवाना हो गये। शनिवार को गोपीगंज मे राष्ट्रीय राजमार्ग चौराहा पर प्रमुख चिकित्सक डा.जेएस बिंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया' उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री 16 जुलाई को लखनऊ के 1090 चौराहा से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेगे। इस जल मैराथन का आयोजन भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश एवं वाटर एड इण्डिया लखनऊ एवं सहयोगी नेहरू युवा संगठन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में किया गया हैं।

अभोली ब्लॉक के कनकपुर गांव निवासी कालीन बुनकर धर्मराज के बेटे नायब बिंद 16 जुलाई को लखनऊ के 1090 चौराहा गोमती नगर से बांदा तक की जल मैराथन का आगाज करेंगे। करीब 200 किलोमीटर की दूरी पांच दिनों में दौड़ते हुए पूरी करने का रूटमैप तैयार हो गया हैं। इसके लिए चार जनपदों में पांच पड़ाव लेंगे। लखनऊ से शुरू दौड़ का पहला पड़ाव रायबरेली के बछरांवा, लालगंज, टांडा, फतेहपुर, तिंदवारी और बांदा होगा। इस दौंड में नायब बिंद प्रतिदिन 45 से 55 किलोमीटर की दौड़ लगाएंगे। यात्रा का समापन 20 जुलाई को बांदा में होगा। नायब बिंद जल संरक्षण के लिए कई दौड़ लगाकर लोगों को पानी के लिए जागरुक कर चुके हैं। इस यात्रा में जहां जहां पड़ाव होगा वहा पर एक नुक्कड़ नाटक की टीम जल संरक्षण के लिए जागरुक करेंगी। पूरे जल मैराथन को नायब बिंद अकेले दौड़ कर पूरा करेगें। इस जल मैराथन में नौ साईकलिस्ट रामधनी, धीरज, रवीना, नेहा, पूजा पटेल, संतोष कुमार, संदीप, सुमित, श्याम बाबू तिरंगा लेकर साईकिल से साथ चलेंगे।

# बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार दिलाना सभी का दायित्व : न्यायाधीश

सत्यवान समाचार


सकलडीहा पीजी कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में अपर न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ल व प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय सहित अन्य

सकलडीहा। सकलडीहा पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण व संरक्षण व स्वास्थ्य से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बेटियों के सम्मान और सुरक्षा और अधिकारी पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश शुक्ल अपर जनपद न्यायाधीश चंदौली ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा व सम्मान के साथ शिक्षित और जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। वही सिविल जज जूनियर डिविजन डॉक्टर इंदु रानी और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वाईके राय ने कहा कि नारियां देश के विकास में बराबर की सहयोगी है। इनका उत्थान समाज का उत्थान है। उन्होंने बलात्कार, छेड़खानी, लैंगिक उत्पीड़न, दहेज, घरेलू हिंसा, आदि से बचाव के सरल नियम एवं कानून बताएं तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की उपयोगिता एवं उसके क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व मंडली तकनीकी सलाहकार यूनिसेफ बाल संरक्षण रिजवाना परवीन और कार्यक्रम अध्यक्ष व प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने महिला अधिकार और कानून के बारे में विस्तार से बताया। अंत में बेटियों को स्वास्थ संबंधी जानकारी दिया गया। इस मौके पर बीडीओ अरूण पांडेय, नायब तहसीलदार मोहम्मद आरिफ अंसारी,एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, सीडीपीओ अवधेश सिंह, डीपीएच डॉ. कल्पना, डॉक्टर श्वेता गौतम, प्रोफेसर उदय शंकर झा, डॉ. अभय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### मीरजापुर में दो वारंटी गिरफ्तार, हड़कम्प

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन जनपद मीरजापुर व क्षेत्राधिकारी चुनार जनपद मीरजापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जाने वाले अभियान के दौरान सोमवार को थाना जमालपुर पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत दो वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना स्थानीय से शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत दो वारण्टी रामबली पुत्र शिवमूरत निवासी सरसा देवरिया थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर व सुरेश उर्फ शेरू पुत्र स्व. लालमन सोनकर निवासी डबक थाना जमालपुर मीरजापुर को न्यायालय के आदेशानुसार विभिन्न वारण्ट में गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय में पेशी हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार मय टीम उ.नि. सुबाषचन्द्र बौद्ध मय टीम रहे।

# असलहे से लैस बदमाशों ने दुकानदार को पीटा

जौनपुर। लाइन बाजार थाना के पचहटिया बाजार में गुरुवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे हथियारों से लैस दस से पन्द्रह की संख्या में आए अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक खाद्य दुकानदार की पिटाई कर दिया। बीच बचाव करने आए एक अन्य युवक को मारकर सिर फोड़ दिया। फिर असलहा लहराते हुए बड़े आराम से फरार हो गए। पीड़ित ने शीतला चौकियां पुलिस चौकियां पर तहरीर दिया है।

पचहटिया निवासी राहुल यादव पचहटिया बाजार में ही खाद्य की दूकान चलाते है। राहुल ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दोपहर लगभग साढे बारह बजे लाठी डंडे तथा असलहे से लैस दस पन्द्रह की संख्या में बाइक सवार अज्ञात बदमाश दुकान पर धमक पड़े। तथा अचानक हमला कर दिए। शोर शराबा सुनकर धर्मेश गुप्ता नामक का एक युवक बीच बचाव करने दौड़ पड़ा। बदमाशो ने उसे भी मारकर सिर फोड़ दिया।फिर असलहा लहराते हुए बड़े आराम से फरार हो गए।आसपास के लोग जुट गए।पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे दो सिपाहियों ने पूछताछ किया।सभी बदमाश भागते समय आजमगढ़ राजमार्ग स्थित एक दूकान के सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। दिनदहाड़े हुई वारदात से बाजार के दुकानदारों में दहशत का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष लाइन बाजार संजय वर्मा ने कहा की बच्चो बच्चो में विवाद था। तहरीर नहीं मिली है।

**चोरी की साजिश रचते चार आरोपित गिरफ्तार : जौनपुर।** लाइन बाजार पुलिस व स्वाट-सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में चोरी की साजिश रचते चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 315 बोर के दो देशी तमंचे, दो कारतूस, 28800 रुपये नकद व चोरी किए गए सोना व चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि एसआइ द्वय आशुतोष कुमार गुप्ता व सुधीर कुमार, स्वाट प्रभारी एसआइ मनोज कुमार सिंह, एसआइ दिव्य प्रकाश सिंह, सर्विलांस प्रभारी एसआइ राम जनम यादव हमराहियों के साथ बुधवार को संदिग्ध व वांछित अपराधियों की तलाश में गश्त पर निकले थे। पता चला कि नेहरू बालोद्यान स्कूल कन्हईपुर के पास रेल लाइन किनारे खंडहर नुमा घर के पास कुछ संदिग्ध युवक चोरी की साजिश रच रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौजूद चारों युवकों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपितों में लाइन बाजार के सीहीपुर का दीपक सरोज, पालपुर का रवि यादव, मड़ियाहूं के पाली का विशाल सेठ व रामपुर के जमालापुर का आकाश सेठ है। आरोपितों की उम्र 19 से 21 वर्ष के बीच है। इनके पास से बिना नंबर की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक भी मिली।

### नशे में धुत कार चालक ने कई को मारा धक्का, पांच घायल

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के सद्भावना पुल के पास मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे एक कार सवार ने अनियंत्रित होकर धक्का मारकर पांच लोगों को घायल कर दिया। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे से समय अफरा-तफरी मच गई। लोग एक दूसरे पर गिरते-पड़ते भागकर जान बचाते रहे। कार एक मकान से टकराकर रुक गई। गुस्साए लोगों ने कार चालक की पिटाई करने के साथ ही कार क्षतिग्रस्त कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और कार पर सवार चालक सहित दो को कब्जे में लेकर कोतवाली ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चालक व साथी शराब के नशे में धुत थे। मौके पर पहुंचे कार चालक के परिजन ने उसका मानसिक संतुलन काफी दिनों से खराब होने की बात कही। बताया कि उसका मानसिक इलाज लगभग तीन साल से चल रहा है। हमेशा उसे घर में बंद करके रखा जाता था, लेकिन आज वह मौका पाकर बाहर निकल गया। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है, हालांकि चर्चा है पुलिस ने एफआईआर दर्ज किए बिना आरोपियों व कार को छोड़ दिया। यह प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अंतर जनपदीय बैडमिंटन में महिला वर्ग का दबदबा



भदोही, सं.। इनडोर स्टेडियम ग्लोबल ओवरसीज गोपीगंज में शनिवार को एक दिवसीय अंतर जनपदीय बैडमिंटन मैच का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में महिला वर्ग की खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहने से मैच रोमांचक बना रहा। मैच का शुभारंभ मुख्यअतिथि पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष गोपीगंज, प्रमुख कालीन निर्यातक प्रह्लादास गुप्त और सेंट मेरीज स्कूल के फादर आनंद लाकरा ने दोनों वर्ग के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष प्रह्लादास गुप्त ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल उतना ही अनिवार्य है जितना लक्ष्य हासिल करने के लिए छात्र-छात्राएं मेहनत करती हैं। शारीरिक और मानसिक संतुलन होने से शैक्षणिक लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होगी। मेजबान शिक्षक नितेश कुमार ने बताया कि महिला वर्ग अंडर-14 में सेंट थामस स्कूल गोपीगंज विजेता,सेंट जांस स्कूल महरौली उप विजेता, अंडर-17 में सेंट थामस स्कूल गोपीगंज विजेता, सेंट थामस स्कूल गाजीपुर उप विजेता, अंडर-19 में सेंट जांस स्कूल महरौली विजेता, सेंट मेरीज स्कूल भदोही उप विजेता रहा। पुरुष वर्ग अंडर-14 में सेंट जांस स्कूल बीएलडब्ल्यू वाराणसी, सेंट मेरीज स्कूल गाजीपुर उप विजेता, अंडर17 में विजेता सेंट थामस स्कूल गोपीगंज,उप विजेता सेंट मेरीज स्कूल गाजीपुर,अंडर-19 में सेंट थामस स्कूल गोपीगंज विजेता, सेंट जांस स्कूल बीएलडब्ल्यू वाराणसी उप विजेता बना। अतिथियों ने विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों को निर्धारित पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया।

# मानव जागरूकता काव्य संगम का आयोजन



वाराणसी। स्थानीय महानगर के राम कटोरा के अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट एसी.हाल में मानव जागरूकता काव्य संगम एवं सम्मान समारोह का आयोजन विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सम्पन्न हुआ। कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक के 54 वें जन्मदिन के अवसर पर काशी के अन्तर्राष्ट्रीय गजलकार एवं पूर्व जिला जज डॉ. चंद्रभाल सुकुमार द्वारा अब तक लगभग 48 साहित्यिक पुस्तकों के लेखन और समाजसेवी जनकल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गंगासहाय पाण्डेय द्वारा 1972 से अब तक निरंतर बिना किसी स्वार्थ के बहुमुखी आमजन हितार्थ समर्पित रहने को दृष्टिगत रखते हुए सैकड़ों लोगों ने सर्वदलीय नागरिक अभिनन्दन किया । वाराणसी रेल विकास निगम के अपर मंडल रेल महाप्रबंधक एवं प्रख्यात कवि विजय मिश्र बुद्धिहीन के अध्यक्षता में, डॉ.अजीत श्रीवास्तव चपाचप बनारसी के स्वागत संयोजन और प्रख्यात गजलकार सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध के संचालन में मुख्य अतिथि श्रीप्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को मानव जागरूकता सम्मान मंचीय एवं आनलाईन भेंट किया। अतिविशिष्ट अतिथि द्वय कृषि श्रृषि श्रीप्रकाश सिंह रघुवंशी लौकी बाबा एवं प्रख्यात कवि बुद्धदेव तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि मानव से मानव का हो सच्चा भाईचारा,हम सब स्वयं लगायें और अधिक से अधिक पौधा रोपण करवाकर पर्यावरण को शुद्ध बनाएं,यही सोच हो हमारा।

आगंतुकजनों का स्वागत भुलक्कड़ बनारसी, डॉ.सुबाष चंद्र, संगीता श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद आभार कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक ने किया।

### ऑटो में मिला नवजात, किन्नर ने पालने की जताई इच्छा



डीडीयू नगर। स्थानीय वीआईपी गेट स्थित आटो स्टैंड मे आटो में झोले मे रखा नवजात शिशु मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना के बाबत आटो चालक राजू सोनकर का कहना था कि चकिया से आ कर मै गाड़ी स्टैंड मे खड़ी कर चाय पीने चला गया जब वापस लौटा तो गाड़ी मे एक झोला रखा था जिसे देखा तो उसमे बच्चा था । जानकारी पर वहा भीड़ जुटने लगी जिसपर मैने जोया किन्नर को फोन कर बुलाया । जोया किन्नर नवजात बच्चे को लेकर स्थानीय कोतवाली पहुंच उक्त मामले की जानकारी दी । जोया खान किन्नर नवजात को पालने की मांग कर रही थी । उसने बताया कि मै बच्चे को पालना चाहती हूं और पढा लिखा कर बड़ा आदमी बनाना चाहती हूँ , लेकिन पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए नवजात को शिशुगृह भेज दिया।

# पॉक्सो एक्ट में तीन लोगों पर कार्रवाई से हड़कम्प

सत्यवान समाचार



जौनपुर। अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के दो मामलों में दो सगे भाईयों समेत तीन आरोपितों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों का पुलिस ने चालान कर दिया है। जफराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गत चार जुलाई की शाम शौच के लिए घर से कुछ दूर खेत में गई थी। आरोप है कि रास्ते में उसी के गांव के रवि गौतम ने रास्ते में रोककर छेड़खानी, दुष्कर्म व गाली-गलौच किया। पीड़िता के स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध पाक्सो एक्ट समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। भनक लगते ही आरोपित फरार हो गया। तलाश में जुटे थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी व उनके हमराहियों ने वांछित आरोपित रवि गौतम को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। लाइन बाजार थाना पुलिस ने किशोरी का बहका-फुसलाकर अपहरण, साजिश रचने, गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित रामपुर, जमीन हिसामपुर निवासी दो सगे भाइयों रामचंद्र यादव व लाल बहादुर यादव को गिरफ्तार कर लिया। सुराग पर आरोपितों को बड़ागर चौराहा के पास से धर दबोचा। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि गत दिनों एक गांव की किशोरी को साजिश के तहत दोनों भाई भगा ले गए थे। किशोरी के बरामद होने के बाद उसके स्वजन की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

# ईटीओ की नियुक्ति में आरक्षण नियमावली का उल्लंघन

## लौटन राम निषाद ने लगाया आरोप: भाजपा सरकार देश में ओबीसी, एससी, एसटी का हक मार रही है



लखनऊ। भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता लौटन राम निषाद ने कहा है कि ग्राम्य विकास अधिकारी(वीडीओ) पद पर ओबीसी, एसटी की हकमारी के बाद आई टेस्टिंग ऑफिसर पद पर भर्ती में ओबीसी,एससी एसटी की हकमारी का विज्ञापन जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि नेत्र परीक्षण अधिकारी पद के नियुक्ति विज्ञापन संख्या-06/2023 में 157 पदों के विज्ञापन में ओबीसी, एससी, एसटी के उत्तर प्रदेश आरक्षण नियमावली का अनुपालन न कर खुलेआम हकमारी की गयी है।उन्होंने बताया कि नेत्र परीक्षण अधिकारी के 157 पदों में ओबीसी को 42 पदों के सापेक्ष 30,एससी को 32/23 पदों के सापेक्ष शून्य और एसटी को 3 पदों के सापेक्ष 2 पद ही आरक्षित किया गया है, जबकि ईडब्ल्यूएस को 15 के सापेक्ष पूरा का पूरा 15 और सामान्य को 62/63 के सापेक्ष 110 पद देकर आरक्षित वर्ग की हकमारी की गयी है।उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा की सरकार बनी है,खुलेआम ओबीसी, एससी, एसटी की हकमारी की जा रही है और ओबीसी, एससी, एसटी हिन्दू बनने में परेशान है।

निषाद ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का नारा देकर वंचित वर्ग के कोटे की खुलेआम हकमारी कर रही है।उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी के यूपीएसएससी के विज्ञापन संख्या-01/ परीक्षा/2023 के अनुसार 1468 में उत्तर प्रदेश आरक्षण नियमावली के अनुसार ओबीसी को 396 के सापेक्ष मात्र 139 पद आरक्षित कर 257 पदों की हकमारी की गयी।एसटी को 29 पदों के सापेक्ष मात्र 27 पद आरक्षित कर 22 पदों की डकैती की गयी।दूसरी तरफ सामान्य वर्ग को 734 पद देने की बजाय 849 पद आरक्षित कर 115 पदों और ईडब्ल्यूएस को 147 की बजाय मात्र 117 पद आरक्षित कर 30 पदों की हकमारी के साथ एससी को 308 की बजाय 356 पद पर यानि 48 पद अतिरिक्त दिया गया।उन्होंने कहा कि जहां ओबीसी के 257 और एसटी के 22 पदों की डकैती की गयी, वही सामान्य वर्ग को 734 की बजाय 849 पद आरक्षित कर 115 अतिरिक्त पद दिया गया।

निषाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश आयुष विभाग द्वारा विज्ञापित 611 आयुष डॉक्टरों की रिक्तियां जिसके आवेदन लोक सेवा आयोग द्वारा 2 सितंबर 2022 तक स्वीकार किया, के क्रम में आरक्षित श्रेणियों की सीटों में सामान्य-435 (71.2%), ईडब्ल्यूएस-61(10%),ओबीसी 58 (9.49%),एससी को 29(4.74%) और एसटी को 28(4.58%) दिया गया, जो उत्तर प्रदेश आरक्षण नियमावली के प्रतिकूल है।जो इस बात को स्पष्ट करता है कि सामान्य एवं ईडब्ल्यूएस को मिलाकर 81.2% जबकि ओबीसी को 9.49% एवं एससी को 4.74 तथा एसटी को 4.58% सीटें आरक्षित हैं। पिछड़ों, वंचितों के वोट पर सरकार बनाने वाली भाजपा सरकार दलितों पिछड़ों का आरक्षण काटकर सारी सीटें सामान्य वर्ग को परोस रही है।आखिर दलित-पिछड़े, आदिवासी भाजपा के आरक्षण विरोधी चेहरे को कब समझेंगे।छत्तीसगढ़ में ओबीसी को 27% आरक्षण दिए जाने के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वालों में आदित्य तिवारी,कुणाल शुक्ला, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, पुष्पा पांडेय, स्नेहिल दुबे,अखिल मिश्रा,गरिमा तिवारी का ही नाम शामिल है। ओबीसी, एससी, एसटी सिर्फ वोट के लिए हिन्दू होते हैं,असंवैधानिक अधिकारों के लिए नहीं। आरक्षण और प्रतिनिधित्व के अलावा अन्य मामलों में हिंदू एकता जारी है।

# दीप श्रेष्ठ को मिला सम्मान, हर्ष

सत्यवान समाचार



पटना। बिहार विधान परिषद सभागार में डॉ. एल बी सिंह और नम्रता आनन्द के द्वारा जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के बैनर पर देश भर के अपने क्षेत्र के प्रतिभावान लोगों सहित डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय सम्मान से बिहार में भोजपुरी एलबम के अभिनेता एंव निर्देशक दीप श्रेष्ठ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी कलाकारों को बधाई देते हुए उनके भविष्य की मंगल कामना की। मौके पर पद्मश्री विमल जैन , डा सहजानंद , डा एल बी सिंह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली पद्मश्री सुधा वर्गीय ने दीपश्रेष्ठ को डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर दीप ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए आह्लादित करने वाला है। हम यदि चाहें तो समाज व देश के लिए कर्तव्य पथ पर चलते हुए ऊँचाई प्राप्त कर सकते हैं। उक्त सम्मान मेरे लिए गर्व का विषय है। समारोह में सैकडों लोग उपस्थित रहे।

### मीरजापुर में वांछित 12 अभियुक्त गिरफ्तार

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर सन्तोष कुमार मिश्र के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन जनपद मीरजापुर व क्षेत्राधिकारी चुनार जनपद मीरजापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जाने वाले अभियान के दौरान सोमवार को थाना जमालपुर पुलिस द्वारा विभिन्न मामलो में निवारक कार्यवाही मे 12 अभियुक्तों को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी मे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। थाना स्थानीय पर संज्ञेय अपराध की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु, अराजकता फैलाने व शान्ति भंग की सम्भावना के दृष्टिगत विभिन्न मामलो में कुल 12 अभियुक्तों जिसमे चन्द्रबली वियार पुत्र बन्धु राम निवासी डबक थाना जमालपुर मीरजापुर, दिनेश पुत्र मुन्शी ,रामश्रय पुत्र स्व. शिवदास , प्रेमशंकर पुत्र स्व. जोखन , संजय पुत्र चन्द्रमणि , अमित पुत्र पन्नालाल निवासीगण ग्राम रीवां थाना जमालपुर मीरजापुर , अर्जुन वियार पुत्र श्रीकान्त वियार निवासी जमही थाना जमालपुर मीरजापुर, प्रमोद शाव पुत्र स्व. छेदी शाव , विनोद शाव पुत्र स्व. किशोरी शाव आदि लोग शामिल हैं।

सत्यवान समाचार
जुलाई, 2023

# भारत में निवेश के हैं अवसर : पीएम

## इंडिया-फ्रांस सीईओ फोर में उद्योगपतियों को किया सम्बोधित, अन्य सेगमेंट पर भी हुई बात



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से फ्रेंच उद्योगपतियों को कहा गया है कि भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य सेगमेंट में निवेश के अवसर तलाश करें और भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनें। बता दें, पीएम मोदी फ्रांस की यात्रा पर गए थे। इंडिया-फ्रांस सीईओ फोरम को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ शुक्रवार को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत में चल रहे आर्थिक सुधारों और सरकार की ओर से नवीकरणीय ऊर्जा, स्टार्टअप, फार्मा, आईटी, डिजिटल पेमेंट और इन्फ्रास्ट्रक्चर में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

इस फोरम में फ्रांस की ओर से 16 जबकि भारत की ओर से 24 सीईओ ने भाग लिया था। ये सीईओ एविएशन, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, टेक्नोलॉजी और एनर्जी के साथ अन्य सेक्टरों से थे। विदेश मंत्रालय की ओर से प्रेस रिलीज में कहा गया कि पीएम मोदी ने सीईओ को भारत में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया और भारत की ग्रोथ स्टोरी का पार्ट बनें।

गिलाउम फौरी, एयरबस; हेनरी पौपार्ट लाफार्ज, एल्सटॉम; पीटर हर्वेक, श्नाइडर इलेक्ट्रिक; नमिता शाह, टोटल एनर्जीज; फिलिप एरेरा, सफरान; और पॉल हर्मेलिन, कैपजेमिनी प्रमुख फ्रांसीसी बिजनेस लीडर्स में से थे जिन्होंने फोरम में भाग लिया। हरि एस भरतिया, जुबिलेंट लाइफ साइंसेज लिमिटेड; लक्ष्मी मित्तल, आर्सेलर मित्तल; तरुण मेहता, एथर एनर्जी; और अमित बी कल्याणी, भारत फोर्ज भारतीय पक्ष के कारोबारियों में प्रमुख थे। पीएम मोदी ने पिछले नौ सालों में भारत में व्यापार को आसान बानने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसमें एफडीआर के नियमों को आसान करना, पीएलआई स्कीम और कॉरपोरेट टैक्स को कम करना शामिल है। पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा पर फ्रेंच राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस गए थे। जहां कई महत्वपूर्ण मसलों पर दोनों के बीच बातचीत हुई।

## सोना फिर 59 हजार के पार निकला, चांदी 75 हजार रुपये के करीब

नई दिल्ली, एजेंसी। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 10 जुलाई को सोना 58,648 रुपए पर था, जो अब, यानी 15 जुलाई को 59,338 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत में 690 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। IBJA की वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में 4 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरूआत में ये 70,514 रुपए पर थी, जो अब 74,979 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 4,464 रुपए बढ़ी है। इस महीने यानी जुलाई में अब तक सोने में बढ़त देखने को मिली है। इस महीने की शुरूआत यानी 3 जुलाई (1 और 2 जुलाई को मार्केट बंद था) को ये 58,139 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

# ITR के बाद बदल सकते हैं अकाउंट




नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त वर्ष 23 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख नजदीक आ रही है। आप 31 जुलाई 2023 तक ही आईटीआर फाइल कर सकते हैं। टैक्सपेयर को रिफंड लेने के लिए आईटीआर दाखिल करते समय अपना बैंक खाता नंबर जोड़ना जरूरी होता है। अगर आपने गलत बैंक अकाउंट डिटेल दिया है तो आपको रिफंड नहीं दिया जाएगा। लेकिन आपको घबराने की जरुरत नहीं है आयकल विभाग ने रिटर्न दाखिल करने के बाद बैंक और व्यक्तिगत विवरण को संपादित/ बदलने का विकल्प भी दिया है। जिसका मतलब है आप इन गलतियों को सुधार सकते हैं।

आपको रिफंड री-इश्यू का विकल्प चुनने के बाद सही बैंक खाता नंबर जमा करना होगा। जिसके बाद आपका रिफंड मिल जाएगा। सबसे पहले आप आयकर वेबसाइट पर लॉग इन कर लें। सेवाएं पर जाएं और 'रिफंड री-इश्यू' का ऑप्शन चुन लें। इसके बाद Create Refund Re-issue Request को सलेक्ट करें। फिर उस रिकॉर्ड का चयन करें जिसके लिए धनवापसी का अनुरोध पुनः जारी किया जाना है। इसके बाद मान्य/सत्यापित और ईवीसी सक्षम स्थिति वाले सभी पूर्व-मान्य बैंक खाते प्रदर्शित हो जाएंगें। इसके बाद बैंक खाते का चयन करें जहां आपको रिफंड चाहिए। यदि करदाताओं के पास कोई पूर्व-सत्यापित बैंक खाता नहीं है, तो उन्हें पूर्व-सत्यापित बैंक खाता स्क्रीन पर निर्देशित किया जाता है। इस स्क्रीन में, करदाता को उस बैंक खाते के सभी प्रासंगिक विवरण दर्ज करने चाहिए जहां वे रिफंड प्राप्त करना चाहते हैं और अनुरोध सबमिशन के साथ आगे बढ़ने के लिए 'प्री-वैलिडेट' बटन पर क्लिक करें। इस खाते को संबंधित बैंक द्वारा पूर्व-सत्यापित किए जाने के बाद, बैंक खाते को स्वचालित रूप से रिफंड पुनः जारी करने के लिए विचार किया जाएगा।

यह खाता अब ई-फाइलिंग पोर्टल में पूर्व-सत्यापित बैंक खातों के अंतर्गत प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा टैक्सपेयर, आयकर ई-फाइलिंग वेबसाइट के माध्यम से टैक्स रिफंड की स्थिति की ऑनलाइन जांच कर सकते हैं और फिर 'टैक्स रिफंड की स्थिति' टैब पर जा सकते हैं।

# धारावी की झुग्गी बस्ती को रिडेवलप करेगा 'अडाणी'

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई में मौजूद एशिया के सबसे बड़े स्लम धारावी को अडाणी ग्रुप रिडेवलप करेगा। महाराष्ट्र सरकार ने धारावी स्लम रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए अडाणी ग्रुप की बोली को अंतिम मंजूरी दे दी है। प्रोजेक्ट के CEO SVR श्रीनिवास ने बताया कि राज्य सरकार ने अडाणी ग्रुप को प्रोजेक्ट सौंपने का प्रस्ताव जारी कर दिया है। पिछले साल 29 नवंबर को अडाणी ग्रुप की कंपनी 'अडाणी प्रॉपर्टीज' ने स्लम को फिर से बनाने के प्रोजेक्ट की बोली जीती थी। कंपनी ने इसके लिए 5,069 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी। धारावी के स्लम एरिया को अलग-अलग फेस में रिडेवलप किया जाएगा। सबसे पहले वहां रहने वाले लोगों को शिविरों में भेजा जाएगा। इसके बाद वहां पर नए घरों को बनाया जाएगा।

धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट 23 हजार करोड़ का है। प्रोजेक्ट के तहत, जो लोग 1 जनवरी 2000 से पहले से धारावी में रह रहे हैं उन्हें फ्री में पक्का मकान दिया जाएगा। जबकि, जो लोग 2000 से 2011 के बीच आकर यहां बसे हैं, उन्हें इसके लिए कीमत चुकानी होगी। अडाणी ग्रुप के अलावा बोली लगाने वालों में दूसरे नंबर पर DLF ग्रुप रहा था, जिसने 2,025 करोड़ रुपए की बोली लगाई, जबकि नमन ग्रुप की बोली कैंसिल कर दी गई। इस टेंडर में 8 ग्लोबल कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन असल में सिर्फ तीन कंपनियों ने इस प्रोजेक्ट के लिए बिडिंग डॉक्यूमेंट जमा किए थे। धारावी का स्लम 240 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जहां करीब 10 लाख लोग रहते हैं। महाराष्ट्र सरकार ने पूरे इलाके को अनडेवलप्ड एरिया के रुप में बताया है और इसके लिए एक स्पेशल प्लानिंग अथॉरिटी बनाई है।

1999 में भाजपा-शिवसेना सरकार ने पहली बार धारावी के रिडेवलपमेंट का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद 2003-04 में महाराष्ट्र सरकार ने धारावी को एक इंटीग्रेटेड प्लान्ड टाउनशिप के रूप में रिडेवलप करने का निर्णय लिया और इसके लिए एक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई और टेंडर निकाले गए। 2011 में सरकार ने सभी टेंडर को कैसिंल कर दिया और एक मास्टर प्लान तैयार किया था। महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने अक्टूबर 2022 में नए टेंडर जारी किए। इससे पहले इस प्रोजेक्ट के लिए लगी बोली को उद्धव ठाकरे सरकार ने साल 2019 में कैंसिल कर दिया था।

साल 2008 में 'स्लमडॉग मिलियनेयर' फिल्म के रिलीज होने के बाद इस क्षेत्र को लोकप्रियता मिली। फिल्म ने कई अवॉर्ड भी जीते। इसके बाद फिल्म गली बॉय में ये देखने को मिली थी। कई टूरिस्ट यहां भारत की बस्ती में रहने वालों के जीवन की झलक देखने आते हैं। इस इलाके को 1882 में अंग्रेजों ने बसाया था। मजदूरों को किफायती ठिकाना देने के मकसद से इसे बसाया गया था। धीरे-धीरे यहां लोग बढ़ने लगे और झुग्गी-बस्तियां बन गईं। यहां की जमीन सरकारी है, लेकिन लोगों ने झुग्गी-बस्ती बना ली है।



**विकास की बात**

**एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती को फिर से बनाने के प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी**

# जब टमाटर ने किसान को बनाया करोड़पति

## पुणे के किसान ने एक महीने में ही कमाए डेढ़ करोड़ रुपये, 350 तक पहुंचा टमाटर

नई दिल्ली, एजेंसी। देशभर में टमाटर की बढ़ती कीमतों के बीच जहां आम आदमी को बुरा हाल है तो वहीं इसने कई किसानों को मोटा फायदा हो रहा है। पुणे के जुन्नर के तुकाराम भागोजी गायकर और उनके परिवार ने एक महीने में 13,000 टमाटर की क्रेट बेचकर 1.5 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। तुकाराम के पास 18 एकड़ कृषि भूमि है इसमें से 12 एकड़ भूमि पर वह अपने बेटे ईश्वर गायकर और बहू सोनाली की मदद से टमाटर की खेती करते हैं। परिवार ने कहा कि वे अच्छी गुणवत्ता वाले टमाटर उगाते हैं।

हाल ही में 11 जुलाई 2023 को टमाटर की क्रेट का मूल्य 2100 रुपए (20 किलो क्रेट) मिला। गायकर ने कुल 900 टमाटर की क्रेट बेचीं। उनको एक ही दिन में 18 लाख रुपए मिले। पिछले दिनों में उन्हें ग्रेड के आधार पर प्रति क्रेट 1000 रुपए से 2400 रुपए तक की कीमत मिली है। इससे उन्हें 1.5 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हुई। इसके अलावा महाराष्ट्र के जुन्नर के ही कई किसानों ने ऊंचे दामों पर टमाटर बेचकर मोटी कमाई की है। किसानों का कहना है कि इस बार टमाटर के टोकरे (20 किलोग्राम ग्राम) के लिए ऊंची कीमत 2500 रुपए यानी 125 रुपए प्रति किलोग्राम मिली है। इससे कई टमाटर उत्पादक लखपति और करोड़पति बन गए हैं। चंडीगढ के फुटकर बाजारों में सोमवार-मंगलवार को टमाटर के दाम 350 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए थे, हालांकि अभी ये 200 रुपए के ऊपर ही बना हुआ है। वहीं गाजियाबाद में इसका भाव 200 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। देश में ज्यादातर जगहों पर टमाटर की कीमतें 100 रुपए के पार पहुंच गई हैं। बीते तीन सालों में भी बारिश में टमाटर के दामों में बढ़ोतरी का ट्रेंड दिखा है। पिछले साल यानी 2022 के जून महीने में टमाटर के दाम 60-70 रुपए किलो तक पहुंच गए थे। इससे पहले 2021 में दाम 100 रुपए और 2020 में दाम 70-80 रुपए प्रति किलो के करीब पहुंच गए थे। इंदौर की चोइथराम मंडी व्यापारी एसोसिएशन के सचिव निखिल हार्डिया के अनुसार अगले एक महीने लगभग यही स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद धीरे-धीरे रेट सामान्य हो जाएंगे। हार्डिया ने कहा कि आसपास से माल की आवक ही नहीं है। सारा माल बाहर से आ रहा है।



तमिलनाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के अनुसार टमाटर के पौधे जब तीन महीने के हो जाते हैं तो इनसे हफ्ते में दो बार टमाटर तोड़ सकते हैं। ये पौधे 1-2 महीने की अवधि तक फसल देते हैं। हालांकि ये किस्म, मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों पर निर्भर करती है। नेशनल हॉर्टिकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन के अनुसार, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक देश भारत है। ये करीब 7.89 लाख हेक्टेयर क्षेत्र से लगभग 25.05 टन प्रति हेक्टेयर की औसत उपज के साथ करीब 2 करोड़ टन टमाटर का उत्पादन करता है। चीन 5.6 करोड़ टन उत्पादन के साथ टॉप पर है। भारत में साल 2021-22 में 2 करोड़ टन से ज्यादा टमाटर का उत्पादन हुआ था। यहां मुख्य तौर पर दो तरह के टमाटर उगाए जाते हैं। हाइब्रिड और लोकल। मध्य प्रदेश देश में सबसे बड़ा टमाटर उत्पादक राज्य है।

# रिलायंस का फाइनेंशियल सर्विसेज अब अलग होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड यानी RIL का फाइनेंशियल सर्विसेज बिजनेस 'स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट लिमिटेड' गुरुवार (20 जुलाई) को डीमर्जर यानी अलग हो जाएगा। RIL ने फाइनेंशियल ईयर 2024 की पहली तिमाही के नतीजे से ठीक एक दिन पहले डीमर्जर की डेट तय की है। 21 जुलाई को कंपनी Q1FY24 के नतीजे जारी करेगी।

डीमर्जर के बाद रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट लिमिटेड का नाम बदलकर 'जियो फाइनेंशियल सर्विसेज' हो जाएगा। यह रिलायंस की नई कंपनी होगी। इससे पहले 4 मई 2023 को रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट (RSIL) के डीमर्जर को क्रेडिटर्स और शेयरहोल्डर्स ने मंजूरी दी थी। रिलायंस ने घोषणा की है कि नई कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और CEO हितेश कुमार सेठी होंगे।



कंपनी ने बताया है कि डीमर्जर के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर होल्डर्स को हर एक शेयर के बदले जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के एक शेयर मिलेंगे। हालांकि, शेयर होल्डर्स के डीमैट अकाउंट में फाइनेंशियल सर्विसेज के स्टॉक कब क्रेडिट होंगे और मार्केट में कब से ट्रेड होंगे इसके बारे में कंपनी ने अभी तक किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट में ब्रोकरेज फर्म मैक्वेरी के हवाले से बताया जा रहा है कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की वैल्यू 1.52 लाख करोड़ रुपए से अधिक होगी।

## टॉम क्रूज की मूवी ने मचाया गदर, पांच दिन की कमाई से सबकी हालत की पस्त

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज जब भी आते हैं स्क्रीन पर छा जाते हैं। उनकी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः डेड रिकॉनिंग पार्ट वन' हाल ही में रिलीज हुई है।



12 जुलाई 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म को दुनियाभर के साथ-साथ इंडिया में भी भरपूर प्यार मिल रहा है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ इंग्लिश में ही नहीं, बल्कि हिंदी भाषा में भी सिंगल डे ताबड़तोड़ कमाई करते हुए 72 हूरें, सत्यप्रेम की कथा जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ रही है। चलिए बिना देरी किये जानते हैं टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल-7 ने अब तक इंडिया और वर्ल्डवाइड टोटल कितनी कमाई की है। 'मिशन इम्पॉसिबलः डेड रिकॉनिंग पार्ट वन' दुनियाभर में छाई हुई है, लेकिन इंडिया में भी फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। थिएटर जाकर इंग्लिश भाषा में तो फैंस इस फिल्म का आनंद ले ही रहे हैं, लेकिन हिंदी में भी फिल्म को भरपूर प्यार मिल रहा है। पहले दिन हिंदी भाषा 3.5 करोड़ का बिजनेस करने वाली इस फिल्म ने पांचवें दिन सिंगल डे 6.14 करोड़ की कमाई की। बुधवार को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म ने हिंदी भाषा में वीकेंड तक टोटल 19.74 करोड़ का बिजनेस कर लिया है, जबकि इंग्लिश भाषा में पांच दिनों में फिल्म का टोटल कलेक्शन 41.47 करोड़ का है।

## ब्रेन स्ट्रोक होने पर किसी ने नहीं की मेरी मदद

नई दिल्ली, एजेंसी। फिल्म अभिनेता राहुल रॉय ने अब एक नए इंटरव्यू में खुलासा किया है कि जब 2020 में उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था तो न तो महेश भट्ट और न ही पूजा भट्ट उनसे संपर्क करने का प्रयास किया था। राहुल रॉय अपनी डेब्यू फिल्म आशिकी से उभरकर सामने आए है। इस फिल्म का निर्देशन महेश भट्ट ने किया था और यह फिल्म 1991 में आई थी। यह एक कल्ट म्यूजिकल रोमांस फिल्म बन गई थी। इसके बाद, उन्होंने महेश भट्ट के साथ 1992 में आई जुनून में काम किया। इसके बाद वह महेश की बेटी पूजा भट्ट के निर्देशन में बनी 2019 में आई कैबरे में काम किया था। यह ZEE5 पर रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म थी। राहुल रॉय को मुंबई में एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उन्होंने हाल ही में खुलासा किया कि करिश्मा कपूर, मनीषा कोइराला और रवीना टंडन जैसी उनकी को-एक्टर्स ने भी उनसे संपर्क नहीं किया था।

# 'मुन्नी' के नए लुक को मिल रही लाइक

नई दिल्ली, एजेंसी। हर्षाली मल्होत्रा को एक कथक इंस्टिट्यूट से बाहर निकलते समय स्पॉट किया गया था। उन्हें मुंबई के खार इलाके में देखा गया। हर्षाली इंस्टाग्राम पर एक्टिव हैं और उनकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। हर्षाली सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। बजरंगी भाईजान फिल्म सन 2015 में आई थी। उनकी भूमिका 'मुन्नी' आज भी फैंस के दिलों में जिंदा है। एक्ट्रेस अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को अपने से जुड़ी अपडेट देने के लिए सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं।

हर्षाली का यह ट्रांसफॉर्मेशन देखकर सभी हैरान है। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, फैंस इस पर दिल खोलकर प्रतिक्रिया देने लगे। एक ने लिखा है, 'वक्त कैसे गुजर गया यार.. बच्चे बड़े हो गये।' उनकी तुलना एक्ट्रेस दिशा परमार से भी की जा रही थी। कई प्रशंसकों ने उनकी खूबसूरती की प्रशंसा की और लाल दिल वाली इमोजी भी शेयर की है। हर्षाली मल्होत्रा ने 2015 में सलमान खान, करीना कपूर खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म बजरंगी भाईजान में काम किया था। इस फिल्म में उन्होंने एक पाकिस्तानी मुस्लिम गूंगी लड़की की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहा गया था। हषार्ली ने 2022 में भारत रत्न डॉ अंबेडकर पुरस्कार भी जीता है।

इससे पहले पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में हषार्ली मल्होत्रा ने 2015 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बजरंगी भाईजान के सिक्वल की खबर पर खुशी जताई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है कि फिल्म का सीक्वल जल्द ही रिलीज होगा। एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि वह सलमान खान के टच में हैं। इसी इंटरव्यू में, उन्होंने बजरंगी भाईजान के सेट का अपना अनुभव भी शेयर किया था और कहा, फिल्म की शूटिंग के दौरान हम खूब मस्ती करते थे। हम एटीवी की सवारी करते थे और टेबल टेनिस भी खेलते थे।



# विराट कोहली से सीखें युवा प्लेयर्स



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम के बैटिंग कोच विक्रम राठौर ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। राठौर का कहना है कि कोहली के पास मैच की परिस्थिति के हिसाब से खुद को ढालने की कला है, जो उनको बाकी प्लेयर्स से अलग बनाती है। बैटिंग कोच के अनुसार, विराट ने जिस तरह से वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में टर्न लेती हुई पिच पर बल्लेबाजी की, वो काबिले तारीफ है।


दरअसल, बीसीसीआई ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बैटिंग कोच विक्रम राठौर विराट कोहली को लेकर बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, कोहली बैटिंग बहुत अच्छी कर रहे हैं और बतौर बैटिंग कोच मेरा मानना है कि बल्लेबाजी और क्रिकेट में आप खुद को परिस्थिति के हिसाब से कैसे ढाल रहे हैं यह काफी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा, विराट आक्रामक क्रिकेट खेलते हैं और उनको डोमिनेट करना पसंद है, लेकिन बेहतर प्लेयर वो है जो टीम की जरूरत और मैच की कंडिशंस के हिसाब से खेले। विराट की सबसे बड़ी खासियत ही यही है कि वह अलग-अलग फॉर्मेट में अलग तरह से बल्लेबाजी करते हैं और कंडिशंस के हिसाब से खुद की बैटिंग को एडजेस्ट करते हैं।

बैटिंग कोच ने आगे कहा, विराट ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में करके दिखाया भी, जहां गेंद काफी टर्न कर रही थी। जब उनकी बल्लेबाजी करने की बारी आई, तो गेंद बहुत घूम रहा था। हालांकि, उन्होंने जैसे लेफ्ट आर्म स्पिनर के सामने डिफेंस किया, वो कई युवा बल्लेबाजों के लिए सीख है। यंग प्लेयर्स को विराट से सीखना चाहिए कि आपको कैसे खेलना है, जब गेंद आपसे दूर जा रही हो। विराट की बैटिंग को देखकर काफी मजा आया और आज नहीं तो कल उनके बल्ले से शतक तो निकलेगा ही।

# होंठों का मजाक बनने पर दुखी होती थीं सुमोना

मुम्बई, एजेंसी। द कपिल शर्मा शो में नजर आने वाली एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती का सालों बाद दर्द छलका है। सुमोना ने कहा कि उन्हें शुरूआती दौर में काफी बुरा लगता था, जब शो में उनके चेहरे और होंठों का मजाक बनाया जाता था। सुमोना ने कहा कि एक वक्त कंडीशन ऐसी हो गई थी कि वो रेड लिपस्टिक लगाने से बचती थीं। हालांकि अर्चना पूरन सिंह के समझाने के बाद सुमोना नॉर्मल हो गईं। अर्चना ने सुमोना को समझाया कि उनके जैसे होंठ के लिए महिलाएं पैसे खर्च करती हैं। बातचीत में सुमोना ने कहा- शो के शुरूआती दौर में मुझे काफी चैलेंज फेस करने पड़े थे। मेरे होंठों और चेहरे का मजाक बनाया जाता था। पहले एपिसोड से ही ये चीज शुरू हो गई थीं। पहली बार में ये जोक काम नहीं किया, क्योंकि लोगों को इस जोक में कोई खास मजा नहीं आया। अगले कुछ एपिसोड्स में मेरे होंठों का फिर से मजाक बनाया गया। इस बार ये जोक चल गया और फिर चलता ही गया। सुमोना ने कहा कि दुखी रहने पर अर्चना पूरन सिंह उन्हें समझाती थीं। सुमोना ने आगे कहा- अर्चना ने मुझसे एक दिन मेरी उदासी की वजह पूछी। मैंने कहा कि वो लोग (को-स्टार) मेरे होंठ और चेहरे का मजाक बनाते हैं। मैं लाइन नहीं भूलती हूं, लेकिन वो (कपिल) भूल जाता है। बाद में लाइन भूलने के बाद वो ऑफ स्क्रिप्ट कुछ कह देता है, जो मुझे बुरा लग जाता है। मैं कोई स्टैंड अप कॉमेडियन नहीं हूं कि तुरंत जोक बना दूंगी।



# वर्ल्ड कप में भारत का है 'रिकार्ड'

नई दिल्ली, स्पोर्ट्स डेस्क। क्रिकेट में जब वर्ल्ड कप होता है तो हर टीम उसे जीतने में अपना पूरा दमखम लगा देती हैं। वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीतना हर टीम का सपना होता है। वनडे विश्व कप को जीतने वाली टीमों में ऑस्ट्रेलिया सबसे आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अब तक 5 बार खिताब अपने नाम किया है। वहीं, वेस्टइंडीज और भारत की टीम ने दो-दो बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी को जीता है। भारत ने विश्व कप जीतने के मामले में एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है जिसे तोड़ना नामुमकिन है।

गौरतलब हो कि क्रिकेट के इतिहास में वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने दो बार ये खिताब अपने नाम किया है, जबकि एक बार टीम ने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारतीय टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप 1983 में कपिल देव की कप्तानी में जीता था, जबकि दूसरी बार ये कमाल 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में हुआ। वहीं टी20 विश्व कप का खिताब टीम इंडिया ने 2007 में जीता था। बता दें कि विश्व क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम एकमात्र टीम है जिसने अब तक 60, 50 और 20 ओवर का वर्ल्ड कप जीता है। इस रिकॉर्ड को तोड़ना अब किसी भी टीम के लिए नामुमकिन है।




गौरतलब हो कि भारतीय टीम ने जब पहली बार वनडे विश्व कप कपिल देव की कप्तानी में साल 1983 में जीता था तब वनडे मैच 60-60 ओवर के खेले जाते थे। इस तरह जब भारत पहली बार वनडे विश्व चैंपियन बना, तब सारे मैच 60-60 ओवर का खेला गया था। यानी भारतीय टीम ने पहली बार 60 ओवर का वनडे विश्व कप जीता था।

दूसरी बार जब 2011 भारत ने वनडे विश्व कप जीता तो वह 50-50 ओवर का खेला गया। धोनी की कप्तानी में भारत ने श्रीलंका को हराकर वानखेड़े में फैंस को गर्व करने का मौका दिया था। वहीं, भारत ने 2007 में धोनी की ही कप्तानी में टी20 विश्वकप का उद्घाटन संस्करण जीता था। वह 20-20 ओवर का खेला गया था। साउथ अफ्रीका में खेले गए पहले टी20 विश्वकप में भारत, पाकिस्तान को हराकर विश्व चैंपियन बना था।

# ईरान में 'हिजाब' पर फिर बढ़ी सख्ती

## दुश्वारी का हालः दस महीने बाद फिर लौटी मोरैलिटी पुलिस, महिलाओं पर ले रही एक्शन



तेहरान, एजेंसी। ईरान में एक बार फिर महिलाओं के हिजाब पहनने पर सख्ती शुरू हो गई है। करीब दस महीने के बाद मोरैलिटी पुलिस फिर सड़कों पर उतर आई है। पिछले साल सितंबर में हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के दौरान महसा अमीनी की मौत के बाद मोरैलिटी पुलिस को हटा लिया गया था। ऐसा भी कहा जा रहा था कि इस पुलिस बल को भंग कर दिया गया है। हालांकि, रविवार को जनरल सईद मुंतजिर उल महदी ने कहा कि मोरैलिटी पुलिस बिना हिजाब वाली महिलाओं की धरपकड़ फिर शुरू कर रही है। अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद ईरान में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए थे। हालांकि प्रदर्शनों को कुचल दिया गया था। 500 प्रदर्शनकारी मारे गए थे। इस महीने की शुरूआत से ही अधिकारियों ने एंटरटेनमेंट वाली जगहों पर नजर रखना शुरू कर दिया था। अपने परिसरों में हिजाब नियम लागू करने में नाकाम रहे दर्जनों कैफे, रेस्तरां और अन्य कारोबार को बंद करा दिया था। ईरान की मोरैलिटी पुलिस को गाड़ियों से पब्लिक प्लेस में पैट्रोलिंग करेगी। ताकि उन औरतों पर नजर रखी जा सके जिन्होंने हिजाब नहीं पहना है। इसकी शुरूआत रविवार से कर दी गई है। ईरान की वुमेन एक्टिविस्ट मासिह अलिनेजद ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक मोरैलिटी पुलिस की एक महिला एक टीनएज लड़की को पकड़ती हुई दिखाई दे रही है। लड़की ने हिजाब नहीं पहना है।

मोरैलिटी पुलिस की वापसी के बाद सोशल मीडिया उनकी वीडियोज से भर गया है। साराह रावियानी नाम की एक और एक्टिविस्ट ने भी मोरैलिटी पुलिस की वापसी का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें कुछ लोग एक महिला को जबरन गाड़ी में बैठा रहे हैं। महिला के विरोध करने पर उसे लात मारी जा रही हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मोरैलिटी पुलिस केवल महिलाएं ही नहीं बल्कि पुरुषों के कपड़े पहनने के ढंग पर भी नजर रखेगी। पहले लोगों को चेतावनी दी जाएगी इसके बाद भी अगर वो नहीं मानें तो उन पर एक्शन लिया जाएगा।

ईरान में हिजाब न पहनने पर एक आदमी ने 2 महिलाओं के सिर पर दही डाल दिया। इसके बाद पुलिस ने उन दोनों महिलाओं को ही गिरफ्तार कर लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें नजर आ रहा है कि मां-बेटी एक दुकान पर सामान खरीदने जाती हैं। तभी एक आदमी हिजाब न पहनने पर उनसे बहस करता है और फिर उनके सिर पर दही डाल देता है। पुलिस ने उस आदमी को भी माहौल बिगाड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### तानाशाह सरकार को सेवाएं नहीं देंगेः पायलट

इजराइल, एजेंसी। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को न्याय सुधार बिल पर भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। विरोधियों का कहना है कि वे सुधार के नाम पर न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहते हैं। अब इजराइली सेना में भी नेतन्याहू का विरोध शुरू हो गया है। 200 से अधिक फाइटर पायलटों ने चेतावनी दी है कि यदि पीएम नेतन्याहू अपनी जिद नहीं छोड़ते हैं, तो वे सामूहिक इस्तीफे दे देंगे। उनका कहना है कि वे तानाशाह सरकार को अपनी सेवाएं नहीं दे सकते हैं। एयरफोर्स के रिटायर पायलट और नेविगेटर्स के सबसे बड़े संगठन फोरम-555 ने भी नेतन्याहू सरकार को अल्टीमेटम दिया है। 1700 लोगों के हस्ताक्षर वाले पत्र में कहा है कि वे सरकार की न्याय व्यवस्था में हस्तक्षेप के खिलाफ हैं। सरकार नहीं मानी तो वे वालंटियर सर्विस देना बंद कर देंगे। माना जा रहा है कि बड़े पैमाने पर एयरफोर्स के रिजर्व पायलट इस्तीफा देते हैं, तो इजराइल की सैन्य क्षमता प्रभावित हो जाएगी।

# सेना में हथियार खरीद की संयुक्त व्यवस्था!

## वायुसेना-नौसेना में काम करते दिख सकते हैं थलसेना अधिकारी




नई दिल्ली, एजेंसी। तीनों सेनाओं के समन्वय वाली थिएटर कमांड के गठन की ओर बढ़ रही सरकार अब बेहतर तालमेल बनाने की नीयत से हथियारों की खरीद के लिए संयुक्त व्यवस्था बनाने पर भी विचार कर रही है। इतना ही नहीं भविष्य में थलसेना के अधिकारी वायुसेना या नौसेना में कार्य करते भी दिखाई दे सकते हैं। इसके पीछे सेनाओं में बेहतर कार्य संस्कृति वाला माहौल बनाने की सोच है। उच्चपदस्थ सूत्र के अनुसार, केंद्र सरकार का सैन्य मामलों का मंत्रालय आने वाले दिनों में सैन्य बलों में कई तरह के बदलाव करने की रूपरेखा तैयार कर रहा है।

इसके लिए थिएटर कमांड गठित करके सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने व कम समय-कम ऊर्जा के व्यय से बेहतर परिणाम देने की रणनीति है। लेकिन इसके अतिरिक्त तालमेल बढ़ाने वाले कई कदमों पर भी गंभीरता से विचार हो रहा है। इसके तहत बेहतर क्षमता वाले अधिकारी को उसके मूल बल या विभाग से अन्य बल में स्थानांतरित करने जैसा कदम भी है। इससे सुरक्षा बलों में बेहतर कार्य संस्कृति को विकसित किया जा सकेगा। क्षमता और तालमेल बढ़ाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त कार्यशालाओं के अतिरिक्त सैन्य अभ्यास भी आयोजित किए जाएंगे।

जल्द ही तीनों सेनाओं के प्रमुखों के निजी कार्यालयों में अन्य बलों या विभागों के लोग दिखाई दे सकते हैं जो उन्हें बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करने वाले बिंदुओं पर सलाह दे सकते हैं। इसी प्रकार से किसी सेना द्वारा चलाए जा रहे स्कूल के संचालन का जिम्मा अन्य सेना के अधिकारी या प्रधानाचार्य को दिया जा सकता है। इससे बच्चों को योग्यता के आधार पर बिना भेदभाव के प्रवेश मिलेगा और उनसे बेहतर परिणाम देने वाले बच्चे पढ़कर निकलेंगे

# मेघालय के हिल्स में भूकंप का झटका, तीव्रता 4.2 रही





मेघालय, एजेंसी। यहां के पश्चिमी खासी हिल्स में रविवार को भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप शाम 7:53 पर आया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.2 आंकी गई। भूकंप का केंद्र खासी हिल्स में 10 किलोमीटर की गहराई में था। अभी तक किसी के हताहत होने कोई रिपोर्ट नहीं है। मध्य प्रदेश के सागर में रविवार को ट्रक और कार की टक्कर हो गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा सानौधा थाना क्षेत्र के बमोरी डूंडर गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। जबकि ट्रक सड़क से नीचे उतर गया।

नगालैंड के दीमापुर जिले में एक अवैध रेलवे क्रॉसिंग पर रविवार को पैसेंजर ट्रेन एक वाहन से टकरा गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हादसा सुबह करीब 11 बजे रंगपहाड़ और दीमापुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुआ। लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस इलाके से गुजर रही थी। थाहेखु गांव के पास अवैध क्रॉसिंग पर अचानक एक वाहन पटरी पर आ गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। हालांकि हादसे से ट्रेन की आवाजाही पर कोई असर नहीं पड़ा। हादसे बाद वाहन चालक मौके से भाग गया। स्थानीय आरपीएफ ने केस दर्ज किया है।

# घट रही विदेशी मुद्रा के बीच पाकिस्तान मजबूर

## इस्लामाबाद एयरपोर्ट को आउटसोर्स करने का लिया फैसला, जनता हो रही परेशान



इस्लामाबाद, एजेंसी। लगातार घटते विदेशी मुद्रा भंडार के बीच पाकिस्तान सरकार प्रमुख हवाई अड्डों के संचालन को आउटसोर्स करने पर जोर दे रही है। जानकारी के मुताबिक, वित्त मंत्री पहले ही आउटसोर्सिंग के लिए विदेशी ऑपरेटरों को शामिल करने के लिए गठित समिति की कई बैठक बुला चुके हैं। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि वित्त मंत्री इशाक डार ने हितधारकों से कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल का अंतिम दिन 12 अगस्त है, तो तब तक इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईआईए) के संचालन को आउटसोर्स करने की औपचारिकताओं को अंतिम रूप दिया जाए।

वित्त मंत्री ने शनिवार को हवाई अड्डा परिचालन आउटसोर्सिंग की प्रगति का आकलन करने के लिए संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि समिति ने इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईआईए) आउटसोर्सिंग के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के तौर पर पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। डार चाहते हैं कि विमानन कानूनों में बदलाव को महीने के अंत से पहले मंजूरी दी जाए। स्थानीय न्यूज एजेंसी डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक में आईआईए की आउटसोर्सिंग को फास्ट-ट्रैक करने पर सहमति हुई।

आईएफसी ने समिति को एक प्रेजेंटेशन भी दिया, जिसमें आउटसोर्सिंग आईआईए संचालन के भविष्य के रोडमैप पर भी निर्णय लिया गया। 31 मार्च को, आर्थिक समन्वय समिति ने इस्लामाबाद, लाहौर और कराची हवाई अड्डों पर संचालन और भूमि संपत्तियों की 25-वर्षीय आउटसोर्सिंग को बंद करने का निर्णय लिया। स्थानीय समाचार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को बैठक में डार ने नागरिक उड्डयन कानूनों में संशोधन और पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के पुनर्गठन की योजना को अंतिम रूप देने के लिए संबंधित विभागों को एक समय सीमा भी दी।

पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण, पीआईए और हवाई अड्डा सुरक्षा बल के कार्यों को अलग करने के लिए संशोधन किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य अध्यादेश बनाकर इन संगठनों की ओवरलैपिंग जिम्मेदारियों को खत्म करना है। मंत्री ने जुलाई के अंत से पहले संशोधनों को संसद से मंजूरी दिलाने पर जोर दिया। पायलटों की पेशेवर डिग्री और अन्य विमान सुरक्षा मानकों को लेकर विवाद के बाद 2020 से कई गंतव्यों के लिए पीआईए की उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में संघीय उड्डयन और रेलवे मंत्री साद रफीक, वित्त पर प्रधान मंत्री के विशेष सहायक तारिक बाजवा, विमानन प्रभाग सचिव, सार्वजनिक निजी भागीदारी प्राधिकरण के सीईओ, पीसीएए महानिदेशक, आईएफसी प्रतिनिधि और अन्य सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए।

# मेडिकल इमरजेंसी के बाद पैसेंजर ने उड़ाया प्लेन, हो गया दुर्घटना

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में एक निजी विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना 15 जुलाई यानी शनिवार की है। दरअसल, इस प्लेन के 79 साल के पायलट की तबियत खराब हो गई। इसके बाद 68 साल की महिला पैसेंजर ने प्लेन का कंट्रोल अपने हाथों में ले लिया। लैंडिंग के दौरान प्लेन का पंखा टूट गया। अमेरिकी पुलिस ने बताया कि महिला ने लैंडिंग गियर को बिना ऑपरेट किए प्लेन को उतारा। इसी वजह से प्लेन का पंखा टूट गया। पायलट को बोस्टन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। हालांकि, महिला पैसेंजर को कोई चोट नहीं आई और उसे स्थानीय अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस और एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन दुर्घटना की जांच कर रही है। प्लेन को दुर्घटना वाली जगह से हटा दिया गया है और एयर पोर्ट पर एक सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। अमेरिका के कैलिफोर्नियो में 8 जुलाई को प्लेन क्रैश हो गया। इसमें सवार सभी 6 लोगों की मौत हो गई। एक हफ्ते में हुआ यह दूसरा बड़ा विमान हादसा था। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक हादसा फ्रेंच वैली एयरपोर्ट के पास मुरिएटा कस्बे में हुआ। हादसा कैसे हुआ इसकी भी जांच अभी जारी है। हालांकि, जांच अधिकारियों को शक है कि हादसा धुंध के चलते रनवे नहीं दिखने की वजह से हुआ होगा। पायलट ने लैंडिंग एरिया से पहले ही प्लेन को लैंड कराने की कोशिश की। इससे पहले 4 जुलाई को भी एक सेसना जेट फ्रेंच वैली एयरपोर्ट के पास क्रैश हो गया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 3 बच्चे घायल हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक मृतक व्यक्ति ने अपने बच्चों के साथ उड़ान भरी थी।

# मंच पर वही चढ़ते हैं, जो अमीर हैं

## गरीब ताली बजाने और नेताओं की रैली में भीड़ बढ़ाने के लिए होते हैं



नोएडा, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा में रविवार को बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री कथा सुनाते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा- गरीबों का कोई नहीं होता। गरीब सिर्फ ताली बजाने और नेताओं की रैली में भीड़ बढ़ाने के लिए होते हैं। मंच पर चढ़ने को उन्हीं को मिलता है, जो अमीर होते हैं। आरती में उन्हीं का नाम बोला जाता है, जो नेता या अमीर हैं।

उन्होंने कहा कि दोस्ती भी अमीर की अमीर से होती है। रिश्तेदार भी उन्हीं के यहां आते हैं, जो अमीर है। हम लोगों से एक बात कहना चाहते हैं। प्रार्थना करेंगे कि तुम अमीरों का साथ देना या न देना, लेकिन एक बार उनके साथ खड़े हो जाना, जिनका कोई न हो। सुदामा चरित्र सुनाते हुए पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जब गरीबों की बेटी की शादी होती है। अमीरों के घर पर पकवान बनते हैं, लेकिन गरीबों के घर जाकर देखना जो बेचारे पूरी बनाने को भी तरसते हैं। गरीबी बहुत बुरी बात है। गरीबों के केवल श्रीकृष्ण होते हैं।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भगवान गरीब किसी को न बनाए। इस संसार में लोग कर्जा भी उसी को देते हैं, जो अमीर होते हैं। गरीब को कोई कर्जा नहीं देता। क्योंकि वो चुकाएगा कैसे? भारत के लोगों तुमने जरूर बुरे दिन देखें होंगे, लेकिन तुम याद रखना और परमात्मा को मत छोड़ना वो चेहरे पर मुस्कराहट ला देंगे। उन्होंने कहा कि हमने अपनी जिंदगी में बहुत सहा है। हमारा घर छतरपुर के एक गांव में है। छोटा सा गांव है। पिता जी कुछ करते नहीं हैं। हमारे जीवन का एक वाकया है। जब हम 8 साल के थे, तब माता से कहा कि स्थिति बहुत खराब है। भिक्षा मांगते थे तो उसी से खाना बनता था। कई बार तो चावल की रोटी बनाकर खाते थे। एक कपड़ा पहनकर हमने सवा महीना निकाला है।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि मां से कहा कि वृंदावन जाकर भागवत कथा पढ़ने की हमारी इच्छा है। उस जमाने में 2 हजार रुपए मांगने के लिए हम न जाने कितने घरों में गए। किसी ने नहीं दिया। आज भी मुझे याद आ जाता है- कि बन जाते लाखों रिश्ते जब पैसा पास होता है। टूट जाते वो रिश्ता गरीबी में जो सबसे खास होता है।

# भारी बारिश की वजह से 'टीएन' में फंसे 75000 ट्रक



सलेम (तमिलनाडु), एजेंसी। पूरे तमिलनाडु के प्रमुख शहरों और कस्बों में 75,000 से अधिक ट्रक फंसे हुए हैं। लॉरी ओनर्स फेडरेशन, तमिलनाडु के अध्यक्ष ने बताया कि, तमिलनाडु में फंसे इन ट्रकों को दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर पहुंचना है। भारी बारिश के कारण ट्रक फिलहाल उत्तरी राज्यों में जाने में असमर्थ हैं। लॉरी ओनर्स फेडरेशन, तमिलनाडु के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि, तमिलनाडु आने वाले 25,000 से अधिक ट्रक भी भारी बारिश के कारण उत्तरी राज्यों में फंस गए हैं। ट्रकों में मौजूद सामानों में नारियल, साबूदाना, स्टार्च, दवाओं में सामग्री के रूप में उपयोग किया जाने वाला कच्चा माल, माचिस, पटाखे, कपड़ा, स्टील और लोहे की सामग्री शामिल हैं जिन्हें अभी उत्तरी राज्यों में नहीं ले जाया जा सकता है। सेब, मशीनें और टेक्सटाइल मटेरियल जैसे सामान भी उत्तरी भारतीय राज्यों से तमिलनाडु नहीं पहुंच सके। सुरक्षित यात्रा के लिए स्थितियां सामान्य होने तक ट्रक रुके ही रहेंगे। बारिश से ट्रक ड्राइवर और सामान ऑर्डर करने वाली कंपनियां काफी प्रभावित हुई हैं।

# मथुरा में एनडीआरएफ बना देवदूत

## 500 से ज्यादा लोगों की बचाई जान, पहुंचाया सुरक्षित स्थान



मथुरा, एजेंसी। मथुरा में यमुना किनारा छोड़ अब रिहायशी इलाकों में कोहराम मचा रही है। यमुना का जल मथुरा,वृंदावन में हजारों घरों को अपनी जद में ले चुका है। घरों में फंसे लोगों के लिए एनडीआरएफ के जवान किसी देवदूत से कम नहीं हैं। आपदा में फंसे लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ के जवान अपनी जान हथेली पर रखकर उनका रेस्क्यू कर रहे हैं। मथुरा वृंदावन में अभी तक 500 से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

मथुरा में बाढ़ ने कोहराम मचाया तो केंद्र सरकार ने लोगों की मदद के लिए एनडीआरएफ की दो टीम मथुरा के लिए रवाना कर दी। एक टीम गाजियाबाद से तो दूसरी टीम बनारस से आई। दोनों टीमों में 50 से अधिक जवान हैं। इनके पास लाइफ सपोर्ट सिस्टम, वोट और रेस्क्यू करने का सभी सामान है। शहर में लोगों को बचाने का जिम्मा गाजियाबाद की टीम ने संभाला है तो देहात इलाके में बनारस से आई टीम मोर्चा संभाले हुए है। बाढ़ में लोगों के लिए देवदूत बने एनडीआरएफ के जवान शनिवार रात 11 बजे मथुरा पहुंचे। यहां पहुंचते ही टीम को सूचना मिली कि जयसिंह पूरा खादर में एक परिवार फंस गया है। टीम के जवानों ने बिना देर किए अपनी वोट तैयार की और पहुंच गए रेस्क्यू करने। रात के अंधेरे में राष्ट्रीय आपदा राहत फोर्स के जवान बाढ़ में फंसे परिवार के पास पहुंचे और उनका सकुशल रेस्क्यू किया।एनडीआरएफ की टीम ने पूरी रात में 24 इंसान और 47 पशुओं का रेस्क्यू किया।

एनडीआरएफ की टीम जो शहर में तैनात है उसमें 25 जवान हैं। टीम का नेतृत्व संतोष शर्मा कर रहे हैं। संतोष शर्मा ने बताया कि एक रेस्क्यू पूरा करके आते हैं तब तक दूसरा टारगेट मिल जाता है। लेकिन उनको इस सबसे कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि लोगों की जान बचाना ही काम है। संतोष शर्मा ने बताया कि टीम 24 घंटे में 500 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू कर चुके हैं। इसके साथ ही सौ से ज्यादा पशुओं को भी सुरक्षित निकाला है।

# बाल विवाह निषेध कानून पर सुप्रीम कोर्ट फिर सख्त



नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 और इसके प्रविधानों को लागू करने के लिए उठाए गए कदमों से संबंधित मुद्दों पर जानकारी तथा हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र को छह सप्ताह का समय दिया है। शीर्ष अदालत ने इस साल अप्रैल में केंद्र को बाल विवाह की प्रकृति और इसकी सीमा पर विभिन्न राज्यों से एकत्र किए गए आंकड़ों, इस अधिनियम के प्रविधानों को लागू करने के लिए उठाए कदमों और इस उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा लागू नीतियों को विशेष रूप से स्पष्ट करने वाली स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि केंद्र राज्यों से बातचीत कर इस अधिनियम की धारा 16 के तहत बाल विवाह निषेध अधिकारियों की नियुक्ति के अनुपालन पर शीर्ष अदालत को जानकारी दे। शीर्ष अदालत ने 13 अप्रैल के अपने आदेश में कहा था कि हलफनामे में यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, क्या उन्हें अन्य 'विविध जिम्मेदारियां' भी दी गई हैं। इस मामले पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई की। पीठ ने अपने आदेश में कहा, अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी के अनुरोध पर सूचना एकत्र करने और समक्ष हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को छह सप्ताह का समय दिया जाता है।

# 'सिंगापुर-भारत के पास हैं अपार संभावनाएं'



गांधीनगर, एजेंसी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि भविष्य में वैश्विक स्तर कार्यबल बनाने को लेकर भारत और सिंगापुर के मिलकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलाजिकल यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सिंगापुर-भारत हैकथान के तीसरे संस्करण के समापन पर मंत्री ने कहा कि भारत में एक कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रयास किए जा रहे हैं।


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री लारेंस वोंग ने रविवार को गांधीनगर में सिंगापुर-भारत हैकथान के तीसरे संस्करण के विजेताओं को सम्मानित किया। नानयांग टेक्नोलाजिकल यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी और द्वारकादास कालेज आफ इंजीनियरिंग के छात्रों द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के लिए बनाए गए टूल्स के लिए सिंगापुर-भारत हैकथान के तीसरे संस्करण में शीर्ष छात्र पुरस्कार दिया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर (आइआइटीजी) में आयोजित कार्यक्रम में विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित करने के बाद अपने संबोधन में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत का भविष्य तय करना हमारी प्राथमिकता है। उम्मीद है कि सिंगापुर के अनुभव से लाभ मिलेगा। प्रधान ने कहा कि ज्ञान, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में न केवल भारत को बल्कि उन देशों को भी लाभ होगा, जो नेतृत्व के लिए हमारी ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास व सहयोग द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण तत्व है।

### प्रतियोगिता में पीएसी रामनगर ने मारी बाजी

रामनगर, वाराणसी (रिम्मी कौर)। 26वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन कुश्ती कलस्टर, कुश्ती, कबड्डी, भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता-2023 जिसका आयोजन 12.07.2023 से 15.07.2023 तक 33वीं वाहिनी पीएसी,झांसी में संपन्न हुआ था. इस प्रतियोगिता में 36 वीं वाहिनी पीएसी रामनगर, वाराणसी की टीम ने प्रतिभाग किया था. जिसमें बॉक्सिंग चैंपियनशिप तथा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में 36वीं वाहिनी पीएसी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब अपने नाम कर ली तथा कुश्ती फ्री स्टाइल व कुश्ती गीक्रो रोमन में वाहिनी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता का खिताब अपने नाम की। प्रतियोगिता में प्रतिभाग की समस्त वाहिनियों में 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर,वाराणसी की टीम ने 2 विजेता शील्ड व 2 उपविजेता शील्ड प्राप्त कर इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त की। आज दिनाँक 17.07.2023 को सेनानायक अनिल कुमार पाण्डेय (आईपीएस) द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी गई. महोदय द्वारा स्पोर्ट टीम को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।



# चंद्रयान की सफलता पूरी मानवता के लिए 'संकेत'



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि चंद्रयान की सफलता पूरी मानवता के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के महत्वाकांक्षी चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण पर शुभकामनाओं के लिए अपने भूटानी समकक्ष लोटे शेरिंग को धन्यवाद दिया।

भूटान के पीएम ने चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण पर भारत को बधाई देते हुए शनिवार को ट्वीट किया था, मैं चंद्रयान -3 के सफल प्रक्षेपण से खुश हूं। भारत और मानवता को इस मिशन से अत्यधिक लाभ हो। यह प्रक्षेपण विज्ञान के प्रति दूर दृष्टि और वचनबद्धता को दर्शाता है। भूटानी प्रधानमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपके गर्मजोशी भरे शब्दों के लिए धन्यवाद। वास्तव में चंद्रयान की सफलता पूरी मानवता के लिए शुभ संकेत है।

गौरतलब है कि शुक्रवार दोपहर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से दो बजकर 35 मिनट पर चंद्रयान-3 रवाना हुआ था। लांचिंग के करीब 17 मिनट बाद फैट ब्वाय के नाम से लोकप्रिय एलवीएम3-एम4 राकेट ने यान को पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा गया था। 40 दिन के सफर के बाद 23 अगस्त को यान के साथ भेजा गया लैंडर चांद की सतह पर उतरेगा।

# ननिहाल में छात्र की मलबे में दबकर हुई मौत

## दुखदः परिजनों में मचा कोहराम, मृतक के परिजनों को मिलेगी चार लाख अहेतुक सहायता राशिः एसडीएम

सत्यवान समाचार



मेंहनगर (आजमगढ़)। ननिहाल में रहकर पठन पाठन कर रहा ग्यारह वर्षीय बच्चे की जहां मलवे में दबकर मौत हो गयी वहीं दूसरी तरफ मृतक की नानी व दस वर्षीय पोती घायल हो गयी।

मिली जानकारी के अनुसार मेंहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मालपार में रविवार की रात्रि करीब पौने दस बजे कच्ची दीवार के सहारे रखी सीमेंट शीट के नीचे नित्य की भांति खाना खाकर दुर्गावती देवी 55 वर्ष पत्नी स्व. बरखू राजभर व इनकी दस वर्षीय पोती रागिनी पुत्री गुड्डू राजभर के साथ गुड्डू के भाई नन्दलाल राजभर का नाती निवासी तरवा थाना क्षेत्र हरदसई रामपुर जो अपने नाना के घर पर रहकर गांव के ही कम्पोजिट विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र था, मोबाइल चलाकर तीनो देख रहे थे। इसी बीच दीवार भरभरा रही थीं ,तो दुर्गावती ने कहा कि इसमें से भागों ,इसी बीच कच्ची दीवार से सहारे रखी सीमेंट शीट धराशायी हो गई जिससे तीनो मलवे में दब गए। दीवार गिरने की आवाज से पड़ोसी दौड़े। मलवा हटाने का प्रयास किया तब तक दस वर्षीय अंश राजभर पुत्र गोबिंद राजभर की मौत गई। दुर्गावती व रागिनी को निजी अस्पताल लालगंज भेजवाया गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक की मां चंद्रकला का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल दुर्गावती को ग्राम प्रधान द्वारा आवास योजना के अंतर्गत आवास दिया गया है जिसकी अभी तक खाते में धनराशि आहरित नही है।

इसकी सूचना पाकर प्रधान पति पंचदेव यादव मौके पर पहुंच गये। घटना के बाबत एसडीएम संत रंजन व थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीएम संत रंजन ने कहा कि मृतक के स्वजनों को चार लाख रुपये दैवीय आपदा राहत कोष से तत्काल अहेतुक सहायता प्रदान की जाएगी।

## थानाध्यक्ष ने कराया रास्ते के विवाद का हल

अंजान शहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के कठैचा व जोगियाबीर गांव में ताजिया के विवादित रास्ते को लेकर जीयनपुर कोतवाल ने राजस्व टीम के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया। सोमवार को जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय पुलिस बल व राजस्व टीम के साथ कठैचा गांव में पहुंचकर ग्राम प्रधान विजय चैहान के साथ ताजिया को लेकर रास्ते के विवाद का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से बातचीत कर दोनों पक्षों की सहमति से विवादित रास्ते का समाधान कराया। इसी क्रम में जोगियाबीर गांव में एसआई शंकर यादव ने पहुंचकर गांव में ताजिया के रास्ते को लेकर ओम प्रकाश चौहान व सौंध के बीच आपसी सहमति से समाधान कराया। ताजिया को लेकर बैठक कर विवादित स्थानों पर उपजिलाधिकारी सगड़ी अतुल गुप्ता के निर्देश पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर दोनों जगह आपसी सहमति से विवाद का समाधान कराया।



## भाजपा ने पिछड़े समाज को ठगाः कांग्रेस

आजमगढ़। जातीय जनगणना और ओबीसी आरक्षण बढ़ाओ मंडल सम्मेलन सोमवार को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में आजमगढ़, मऊ, बलिया के पिछड़ी जातियों के नेता शामिल हुए। संगठन प्रांतीय अध्यक्ष विरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा वैचारिक तौर पर पिछड़ी जातियों की विरोधी है। संघ परिवार हमेशा आरक्षण और सामाजिक न्याय को खत्म करने के लिए गिरोहबंदी करता रहा है। भाजपा ने सिर्फ पिछड़े समाज को ठगने का काम किया है। संगठन सचिव अनिल यादव ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने भारतीय इतिहास का सबसे क्रांतिकारी मुद्दा उठाया है कि 50 फीसदी आरक्षण की सीमा समाप्त की जाए और ओबीसी समाज का आरक्षण बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना के बिना सामाजिक न्याय की परिकल्पना पूरी नहीं होगी। सम्मेलन को ओबीसी अध्यक्ष मनोज यादव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शाहनवाज आलम व केशवचंद्र यादव, मछुआ कांग्रेस चेयरमैन देवेंद्र ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय की अवधारणा बिना जातीय जनगणना के पूरा नहीं हो सकती है, लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, जातीय जनगणना जरूरी है। आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को तत्काल हटाया जाए ताकि पिछड़ी जातियों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण मिले। ओबीसी का आरक्षण बढ़ाकर आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

# सगड़ी क्षेत्र में 51 सेक्टर ऑफिसर हुए तैनात

## दिया गया निर्देश : मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन में तेजी लायें सेक्टर मजिस्ट्रेट



अंजान शहीद (आजमगढ़)। सगड़ी तहसील क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ उप जिलाधिकारी ने बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारियां में शत-प्रतिशत मतदेय स्थल का भौतिक सत्यापन का दिशा निर्देश दिया। सगड़ी तहसील क्षेत्र में 51 सेक्टर ऑफिसर तैनात किये गये हैं। 20 जुलाई तक न्यायिक उप जिलाधिकारी ने रिपोर्ट मांगी है।

सोमवार को न्यायिक उपजिलाधिकारी राजेश कुमार बैठा ने सगड़ी तहसील सभागार में तहसील क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 14 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक शत प्रतिशत मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन और मूलभूत सुविधाओं शौचालय बिजली व पानी और जर्जर भवन को लेकर लोकसभा चुनाव के मतदेय स्थलों की जांच कर 20 जुलाई तक रिपोर्ट दें। सगड़ी विधानसभा में 23 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गए। गोपालपुर विधानसभा में 28 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए गये। इस प्रकार कुल 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। उपजिलाधिकारी सगड़ी अतुल गुप्ता ने 20 जुलाई तक प्रत्येक मतदेय स्थल की रिपोर्ट मांगी है। इस अवसर पर रविता राव, संतोष यादव, अजीत सिंह सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट व बीआरसी लालजी, रविंदर आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## तीन दुकानों का ताला तोड़ उड़ाया हजारों का सामान

फरिहा (आजमगढ़)। निजामाबाद क्षेत्र के असीलपुर में चोरों ने तीन दुकानों का ताला तोड़ हजारों का सामान उड़ा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा चैकी अंतर्गत असीलपुर बाजार में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों का मास्टर चाबी लगाकर अंदर घुस गए और सामान उठा ले गये।

असीलपुर बाजार में शिवांशी मेडिकल स्टोर एवं जन सेवा केंद्र, मानसी जन सेवा केंद्र तथा ओम प्रकाश इलेक्ट्रॉनिक की दुकान अगल-बगल सटी हुई हैं। रविवार को सभी दुकानदार देर शाम दुकान बंदकर अपने घर चले गये। अज्ञात चोर तीनों दुकानों का ताला तोड़कर और शटर का लॉक खोल कर अंदर घुसे जिसमें शिवांशी मेडिकल स्टोर से कैमरा डीवीआर और 3000 रुपए, मानसी जन सेवा केंद्र के कैश काउंटर से 12 हजार रुपए निकाल लिए और शटर आधा अधूरा गिरा कर फरार हो गये।

# मानदेय को लेकर किया प्रदर्शन



सत्यवान समाचार

आजमगढ़। संगिनी के मानदेय समय से भुगतान न करने एवं कटौती करने को लेकर कार्यकत्रियों ने जिला मुख्यालय पर धरना दिया। कार्यकत्रियों ने बताया कि विगत 2 वर्षों से आशा और आशा संगिनी का कई मानदेय लंबित पड़ा हुआ है जिसकी शिकायत 6 माह से लगातार संगठन के पदाधिकारी द्वारा सीएमओ एवं डीपीएमयू से किया जा रहा है पर अभी तक संतोषजनक संतुष्टि नहीं मिली। यदि शासन प्रशासन से पैसे समय से आ रहे हैं तो हम लोगों के पैसे का भुगतान समय से क्यों नहीं किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का भुगतान लगभग 4 साल से नहीं हुआ है। राज्य बजट का भुगतान वित्तीय वर्ष अक्टूबर-नवंबर दिसंबर 2021 का बकाया है। कुछ ब्लाकों का 2022 का राज्य बजट का मानदेय अभी बकाया है। अप्रैल 2023 से इधर का राज्य बजट का बकाया है। माह जून का श्रमिक मानदेय अभी तक बकाया है। इसी प्रकार 2022 कई ब्लॉकों का पारिश्रमिक मानदेय रुका हुआ है। वह भी मानदेय जो जा रहे हैं उस में कटौती कर के किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जहां महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं वहीं जनपद में महिलाओं का मनोबल टूट चुका है। आज वही महिलाएं सड़क पर उतरने के लिए बाध्य हो गई हैं। अगर हमारी समस्या का समाधान तत्काल नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

## साथी पर प्राण घातक हमले से वकीलों में आक्रोश, जताया रोष

आजमगढ़। दीवानी न्यायालय अभिभाषक संघ के साधारण सभा की आपात बैठक संघ के सदस्य शशिकान्त मिश्रा एडवोकेट के ऊपर रविवार को प्राणघातक हमला व बचाव हेतु आये व्यक्ति पर भी प्राण घातक हमला किये जाने के सम्बन्ध में हुई। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह एडवोकेट एवं संचालन संघ के मंत्री जयप्रकाश यादव एडवोकेट ने किया। यह कि शशिकान्त मिश्रा एडवोकेट के ऊपर रविवार को हुए प्राण घातक हमले के बावत थानाध्यक्ष जहानागंज, आजमगढ़ द्वारा किये गये उपेक्षापूर्ण रवैये की संघ घोर निन्दा करता है। अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध अविलम्ब विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं अभियुक्तगण को तत्काल नियमानुसार गिरफ्तारी कर संबंधित धाराओं में जेल भेजें।

## यातायात नियमों का करें पालन

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ सोमवार को पुलिस लाइन में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सड़क सुरक्षा प्रचार रथ एवं छात्र, छात्राओं, भारत स्काउट, एनसएस, एनसीसी कैडटों के मार्चपास्ट को रवाना किया गया।



उक्त प्रचार वाहन सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा का प्रचार प्रसार करेगी। जिलाधिकारी ने एनसीसी, एनएसएस एवं स्कूलों के छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, इसलिए सड़क दुर्घटना से बचने एवं दूसरों को बचाने के लिए दूसरों को जागरूक किया जाए तथा सड़क सुरक्षा यातायात के नियमों का पालन किया जाय। उन्होने कहा कि युवाओं को मोटर साइकिल, चार पहिया वाहनों को रफ्तार की सीमा का पालन करना चाहिए एवं यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति तेज रफ्तार से वाहन चलाता है तो उसे जागरूक करें। स्कूल की बसों को नियमानुसार निर्धारित गति सीमा में चलाने के लिए जागरूक करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी बच्चे नियमों को पढ़ें एवं इसका पालन करें तथा अपने घर एवं संबंधियों को भी जागरूक करें। उन्होने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग अनिवार्य है। रेलवे क्रासिंग पर गेट बंद होने की दशा में उसे पार करने का प्रयास न करें। पैदल यात्री जेब्रा लाइन एवं पटरी का प्रयोग करें।

## एसडीएम ने मॉकड्रिल स्थान का किया निरीक्षण

अंजान शहीद (आजमगढ़)। सगड़ी तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 20 जुलाई को बाढ़ से बचाव का पूर्वाभ्यास किया जायेगा। उप जिलाधिकारी ने मॉकड्रिल के स्थान का निरीक्षण किया।

आगामी 20 जुलाई को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के पूर्वाभ्यास के स्थान का एसडीएम अतुल गुप्ता ने रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामपंचायत दाम महुला व ग्राम पंचायत महुला ग्राम पंचायत सहबदिया व गांगेपुर का बाढ़ खंड एसडीओ अरविंद यादव व बाबू गिरीश सिंह के साथ भ्रमण किया। ग्राम प्रधान व क्षेत्र के लोगों से मिलकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की तैयारियों का जायजा लिया। 20 जुलाई को बाढ़ से बचाव के लिए पूर्वाभ्यास के स्थानों का चयन किया गया। पूर्व की भांति पंडित राम नगीना स्मारक महाविद्यालय से मॉकड्रिल के अभ्यास के लिए टीम रवाना होगी।

# गवाह की हत्या में शामिल दो शातिर गिरफ्तार

आजमगढ़। थाना देवगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वर्ष 2019 में हुयी हत्या के गवाह की हत्या कर एक्सीडेंट का रूप देने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

वर्ष 2019 में छप्पर ऊठाते समय गोलियों की बौछार करके अवधेश यादव पुत्र दशरथ यादव निवासी मालपार थाना मेहनगर की हत्या कर दी गई थी। अवधेश यादव की पत्नी गीता की तहरीर पर बेलास यादव, कमलेश यादव, सतीश यादव, अनिल यादव के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। उक्त मामले में रामदुलार यादव द्वारा सुलह करने से इन्कार करने पर तहसीलदार यादव व आशीष यादव द्वारा लायी गयी रेनाल्ट डस्टर गाड़ी में जबरन बैठाकर गाड़ी में पड़े लोहे के राड से मारकर हत्या कर दी गयी और शव को ले जाकर इण्टर कालेज अठगांवा थाना क्षेत्र खानपुर जनपद गाजीपुर के सामने सुनसान स्थान पर रोड़ पर पेट के बल लेटाकर उसके आगे मोटर साइकिल व हेलमेड रखकर मृत्यु को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया था। मृतक रामदुलार यादव के पुत्र सूरज यादव द्वारा घटना को हत्या मानकर दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर अनिल यादव पुत्र सुभाष यादव, दिनेश यादव उर्फ गोलू पुत्र बेलास यादव निवासीगण मालपार थाना मेहनगर,



चन्द्रजीत यादव उर्फ पत्तर यादव पुत्र स्व. तिलकधारी निवासी हटवा आईमा थाना मेहनगर, झिनक यादव उर्फ सत्यनरायण निवासी बिसरौली थाना बडहलगंज गोरखपुर, कमलेश यादव, बेलास यादव पुत्रगण मारकण्डेय निवासीगण मालपार, तहसीलदार पुत्र रामअवतार यादव निवासी भुवालपुर थाना तरवां, आशीष यादव पुत्र स्व.रामअवलध यादव निवासी भंवनपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ आदि के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। रविवार को देवगाव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण आशीष यादव उर्फ अनिल यादव पुत्र स्व.रामअवध यादव निवासी भवनपुरा थाना रानीपुर जनपद मऊ, व तहसीलदार यादव पुत्र रामअवतार यादव निवासी भुवालपुर थाना तरवां को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल के साथ गायत्री मोड से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान रहा आजमगढ़, उमड़े भक्त

आजमगढ़। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जनपद के मंदिरों, शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान हर-हर महादेव के नारों से पूरा जनपद गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व रूद्राभिषेक किया।

शहर स्थित भवरनाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी। इसी प्रकार शहर के मातवरगंज, कालीचैरा एलवल, रैदोपुर, सिधारी आदि शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। पटवध प्रतिनिधि के अनुसार श्रावण मास के दूसरे सोमवार को सभी मंदिर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। पटवध सरैया बाजार स्थित शिव मंदिर पर शिव भक्तों का जलाभिषेक के लिए रेला लगा रहा। श्रद्धालु सुबह से ही बिल्व पत्र, भांग, धतूर, मदार, अबीर, चंदन के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किये। मंदिर के पुजारी गौतम दास ने बताया कि श्रावण का महीना भोलेनाथ का सबसे पवित्र महीना माना जाता है जो भी भक्त श्रद्धा के साथ सपरिवार भोलेनाथ का रुद्राभिषेक पूजन पाठ करते हैं उनके परिवार में हमेशा बाबा भोलेनाथ सुख शांति समृद्धि देते हैं।



इसी कड़ी में शिव मंदिर पटवध कौतुक, शिव मंदिर जैगहां, शिव मंदिर हरखपुर, शिव मंदिर अवंती पहलवानपुर, श्री राधा कृष्ण शिव मंदिर श्रीनगर सियरहां में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार श्री राम जानकी मन्दिर मसीरपुर में जलाभिषेक को भक्तों की भीड़ लगी रही। सोमवार को हरियाली अमावस्या है। इसे सोमवती अमावस्या भी कहा जाता है। आज तीन शुभ योग बन रहे हैं। इस नाते आज की आराधना का विशेष महत्व है। आज ही के दिन सूर्य कर्क राशि में प्रवेश करते हैं। अमावस्या के दिन पितरों की भी आराधना की जाती है। सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित महीना है। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह, वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार दुवार्सा धाम के पवित्र तमसा मंजूषा तट पर सरायमीर, सिकरौर, माहुल, भोरमऊ, गौरी का पूरा, मार्टिनगंज, में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव दुर्वेश्वर नाथ के साथ मुंडेश्वर नाथ, उतमा, शंकर जी तिराहा, बाबा परमहंस धाम, सहित सभी शिव मंदिरों पर पर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर परिवार के सुख समृद्धि की मंगल कामना की। सुरक्षा की दृष्टि से थाना फूलपुर की पुलिस भारी संख्या पर दुवार्सा धाम मुंडेश्वर नाथ नगर के मंदिरों पर तैनात रहे। चौक चौराहों पर आवागमन के रास्तों पर पुलिस तैनात रही।

## मंदिर में नहीं हुई सफाई, श्रद्धालुओं में आक्रोश

पटवध (आजमगढ़)। सरैया बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। पवित्र सावन मास में भी साफ-सफाई न होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। पटवध सरैया बाजार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में कूड़े का अंबार लगा रहा लेकिन एक भी सफाई कर्मी नहीं दिखा। सारे श्रद्धालु दर्शनार्थी कोसते रहे। श्रावण मास के पवित्र महीने में पटवध सरैया स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में कूड़े का अंबार लगा रहा कहने को दो-दो सफाई कर्मी गांव में मौजूद हैं लेकिन कभी किसी सफाई कर्मी की झलक तक नहीं देखने को मिलती है। गांव वासियों से पूछने पर पता चला कि आज तक लोगों को पता ही नहीं है कि कौन सा सफाई कर्मी यहां पोस्ट है। कभी दिखे ही नहीं। शासन-प्रशासन के बड़े-बड़े दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आदेश है कि सावन के महीने में सारे मंदिरों शिवालयों में सफाई कर्मी साफ सफाई करें जिससे श्रद्धालुओं को पूजा पाठ में कोई समस्या न आए लेकिन हालत यह है कि कई बार कहने के बाद भी सफाई कर्मी मौके पर नजर नहीं आए। श्रद्धालु अपने हाथ से झाड़ू लगाते दिखे क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय कस्बा में हिमांशी वाटिका में सोमवार को राम कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 108 कन्याएं सर पर कलश लेकर हनुमान गढ़ी से शिवाला घाट होते हुए कस्बा नई सड़क होते हुए श्रीराम कथा पंडाल पहुंची। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और हर हर महादेव के नारों के साथ गुंजायमान रहा। हाथी घोड़े गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा पूरे नगर क्षेत्र में निकली। कथावाचक अयोध्या के श्री श्री बाबा 108 गणेश दास जी ने बताया कि निजामाबाद में 17 जुलाई से 24 जुलाई तक कथा सुनाई जायेगी और 24 की शाम भव्य भंडारे का आयोजन किया जायेगा। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस के जवान कलश यात्रा के साथ चल रहे थे।

## लालगंज सांसद ने सुनी समस्याएं



अतरौलिया (आजमगढ़)। 2024 लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सोमवार को बसपा सांसद लालगंज संगीता आजाद ने विधानसभा क्षेत्र के रानीपुर, शेरवा, मैनुद्दीनपुर, अतरैठ बाजार, मदियापार, भेदौरा, गजेंद्र पट्टी, गौरा हरदो, रकबा, अहिरौला, अतरौलिया में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं को सुना। सांसद ने आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए लोगों से अभी से तैयारियों में जुट जाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद संगीता आजाद ने कार्यकताओं से अभी से तैयारियों में जुट जाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। युवाओं के पास नौकरी व रोजगार नही है। भाजपा सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपए अभी तक नहीं पहुंचे, यह सरकार सभी मामलों में विफल है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, वीरेंद्र पांडे, पलटन राम, राधेश्याम वर्मा, उमेश प्रधान, डॉ.लालजी, बालेंद्र सिंह, फूलचंद, राजीव कुमार, अमित आदि मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं **प्रधान संपादक प्रशांत यादव, सह-संपादक अजय यादव**, ग्राम: शाहराजा, पोस्ट: माहुलखास, माहुल, आजमगढ़ 223225 (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित व मीडियाटेक्स्ट प्राइवेट लिमिटेड आराजी संख्या 68, मौजा गोविंदपुर, जीटी रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित। **आरएनआई नम्बर :** UPHIN51091 । इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र आजमगढ़ होगा।